खबरें छुपाता नहीं, छापता है

शाह टाइम्स

अधिकतम :25°C
न्यूनतम: 10°C

मुजफ्फरनगर, रविवार 16 नवम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 305 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 24 जमादिउल उला1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

संक्षिप्त समाचार

बिहार चुनाव नतीजे स्ट्राइक रेट अविश्वसनीय: कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने बिहार विधानसभा चुनाव परिणामों को अभूतपूर्व, अविश्वसनीय और संदिग्ध बताते हुए कहा है कि इस बारे में डाटा एकत्र कर सभी पहलुओं की गहनता और ठोस सबूतों के साथ व्यापक पड़ताल की जाएगी। बैठक में राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल और अजय माकन भी मौजूद रहे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर शनिवार को इस बारे में वरिष्ठ नेताओं की बैठक हुई, जिसमें कहा गया है कि बिहार विधानसभा चुनाव के परिणाम एकपक्षीय रहे हैं और इसे देखते हुए सवाल उठने लाजमी हैं। उनका कहना था कि चुनाव परिणामों को लेकर गहन पड़ताल की आवश्यकता है। इसलिए इस पूरे प्रकरण की जांच होगी और इससे जुड़े काम दो सप्ताह के भीतर शुरू कर दिए जाएंगे।

सियासत से अलग हुई लालू की बेटी रोहिणी आचार्य

पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की पुत्री रोहिणी आचार्य ने राजनीति छोड़ने का ऐलान किया है। इतना ही नहीं उन्होंने अपने परिवार से दूरी बनाने की भी घोषणा कर दी है। रोहिणी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मैं राजनीति छोड़ रही हूं और अपने परिवार से भी नाता तोड़ रही हूं। यह वही बात है, जो संजय यादव और रमीज़ ने मुझसे कहने को कहा था।

बिहार ने सांप्रदायिकता का जहर ठुकराया: मोदी

सूरत, वार्ता

पीएम मोदी ने सूरत में बिहार के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार का टैलेंट दुनिया में हर जगह है। यहां के लोग दुनिया की राजनीति को समझते हैं। बिहार ने सांप्रदायिकता के जहर को ठुकरा दिया।

पंडोरी माता को गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान के आदिवासी समुदाय अपनी कुलदेवी मानते हैं। पीएम ने डेडियापाडा में 4 किमी लंबा रोड शो भी किया। इस दौरान आदिवासी समुदाय के हजारों लोग सड़क किनारे नजर आए। इसके बाद उन्होंने 9700 करोड़ के कई प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को गुजरात पहुंचे। उन्होंने कहा कि मैं देश का पहला पीएम हूं, जो भगवान बिरसा मुंडा के घर गया था। उनके परिवार के लोगों के साथ मेरा मिलना जारी है। उन्होंने आगे कहा कि देश में 6 दशक तक राज करने वाली कांग्रेस ने आदिवासियों को उनके हाल पर छोड़ा था। यहां कुपोषण, स्वास्थ्य, सुरक्षा, शिक्षा का अभाव रहा। पीएम ने इससे पहले सूरत में बन रहे मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर का जायजा लिया। इसके बाद नर्मदा जिले के डेडियापाडा पहुंचे और देवमोगरा मंदिर में पंडोरी माता की पूजा की। मोदी ने कहा कि एनडीए ने हमेशा आदिवासी समाज के लोगों ने शीर्ष पदों पर बिठाया है। छत्तीसगढ़ के सीएम राज्य का कायाकल्प कर रहे हैं। उड़ीसा सीएम जनजातीय समाज के हमारे मांझी जी उड़ीसा का विकास कर रहे हैं। हमने कई राज्यों में आदिवासी सीएम दिए। भाजपा ने कई राज्यों में आदिवासी को जगह दी। मंगूभाई पटेल एमपी के राज्यपाल हैं। सोनोवाल जी शिपिंग मिनिस्ट्री संभाल रहे हैं। भीड़ में मौजूद बच्ची की लाई पेंटिंग एसपीजी जवानों से लेने को कहा कि साथ ही बच्चे से कहा- मैं आपको चिट्ठी लिखूंगा।



जमानती नेताओं ने चुनाव में इसे खूब फैलाया लेकिन लोगों ने इसे नकार दिया

पीएम ने 9700 करोड़ के कई प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और उद्घाटन किया

दिल्ली ब्लास्ट मामले में बंगाल से MBBS छात्र गिरफ्तार

कोलकाता। बीते दिनों दिल्ली में लालकिले के पास हुए धमाके के मामले में एनआईए ने जांच तेज कर दी है। इसके तहत जांच एजेंसी ने पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर से एक एमबीबीएस छात्र जानिसुर उर्फ निसार आलम को आतंक संगठनों से कथित संबंधों के शक के आधार पर गिरफ्तार किया है।

फरीदाबाद से जब्त विस्फोटक से श्रीनगर थाने में धमाका, नौ की मौत, 32 घायल

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में नौगाम पुलिस स्टेशन में शुक्रवार रात करीब 11.22 बजे बड़ा धमाका हुआ। 9 लोगों की मौत हो गई है, 32 लोग घायल हैं। इनका 92 आर्मी बेस और एसकेआईएमएस सौरा हॉस्पिटल में इलाज जारी है। अधिकारियों के मुताबिक, ब्लास्ट उस समय हुआ जब पुलिस व्हाइट कॉलर आतंकी मॉड्यूल मामले में जब्त विस्फोटक के सैंपल ले रही थी। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि क्या पुलिस स्टेशन में पूरा 360 किलो विस्फोटक रखा गया था या फिर कुछ हिस्सा ही लाया गया था। जम्मू-कश्मीर के डीजीपी नलिन प्रभात ने कहा कि यह एक हादसा था। सैंपलिंग के वक्त ब्लास्ट हुआ। मारे गए 9 लोगों में से एक इंस्पेक्टर, 3 फॉरेंसिक टीम मेंबर, 2 क्राइम ब्रांच फोटोग्राफर, 2 राजस्व अधिकारी और एक दर्जी शामिल है। दरअसल यह विस्फोटक हरियाणा के फरीदाबाद से गिरफ्तार डा. मुजम्मिल गनई के किराए के घर से जब्त किया गया था। गनई को दिल्ली ब्लास्ट केस में पहले ही अरेस्ट किया जा चुका है। 10 नवम्बर को दिल्ली में लालकिला के पास कार ब्लास्ट में 13 लोगों की मौत हो गई थी। नौगाम पुलिस स्टेशन में हुए ब्लास्ट में मारे गए दर्जी मोहम्मद शफी पैरी को शनिवार को दफनाया गया। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि श्रीनगर ब्लास्ट में थाने की आसपास की जिन भी -शेष पृष्ठ दो पर



मृतकों में एक इंस्पेक्टर, तीन फॉरेंसिक टीम मेंबर, दो क्राइम ब्रांच फोटोग्राफर, दो राजस्व अधिकारी और एक दर्जी शामिल

व्हाइट कॉलर आतंकी मॉड्यूल मामले में जब्त विस्फोटक के सैंपल लेते समय अमोनियम नाइट्रेट में जोरदार ब्लास्ट हुआ

नौगाम थाने में विस्फोट दुर्घटनावश हुआ: गृह मंत्रालय

नई दिल्ली/श्रीनगर। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने जम्मू और कश्मीर के नौगाम पुलिस स्टेशन में शुक्रवार रात हुए विस्फोट को दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना बताते हुए कहा है कि यह जब्त किये गये विस्फोटक पदार्थों और रसायनों को परीक्षण के लिए भेजे जाने से पहले हुआ जिसके कारणों की जांच की जा रही है और इसे लेकर अनावश्यक अटकलें नहीं लगाई जानी चाहिए।

200 डाक्टर और मेडिकल छात्र रडार पर

नई दिल्ली। दिल्ली ब्लास्ट की जांच में सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ा खुलासा किया है। कश्मीर, उत्तर प्रदेश और हरियाणा से जुड़े लगभग 200 डाक्टर और मेडिकल छात्र रडार पर हैं। जैश-ए-मोहम्मद की महिला रिक्रूटर डा. शाहीन के नेटवर्क से उनके संबंधों की जांच हो रही है।

दिल्ली बम ब्लास्ट की जांच आगे बढ़ रही है। सुरक्षा एजेंसियों ने लिस्ट तैयार की है और एक एक कर सबसे पूछताछ की जा रही है। मामले के तार कश्मीर, उत्तर प्रदेश और हरियाणा के साथ साथ विदेशों से भी जुड़े हैं। सूत्रों के अनुसार, इन डाक्टरों और छात्रों के डा. शाहीन, डा. उमर मोहम्मद से और अन्य आरोपियों से संपर्क रहे हैं और यह जांच की जा रही है कि जा रही है कि कहीं यह व्हाइट कालर मॉड्यूल का हिस्सा तो नहीं। उत्तर प्रदेश के

लिस्ट तैयार, एक-एक कर सबसे होगी पूछताछ

करीब 200 डाक्टर एजेंसियों के रडार पर हैं। गिरफ्तार होने वाली महिला डाक्टर शाहीन ने पाकिस्तान समेत कई देशों में नेटवर्क बनाया था। उसके संपर्क में पाकिस्तान सेना के डाक्टर समेत कश्मीरी मूल के कई और डाक्टर और छात्र थे। यूपी में काम करने वाले कश्मीरी मूल के करीब 200 डाक्टर और मेडिकल स्टूडेंट एजेंसियों के रडार पर हैं। सूत्रों से खुलासा हुआ है कि डाक्टर शाहीन लगातार यूपी में काम करने वाले 30 से 40 डाक्टर के संपर्क में थी। शाहीन वह महिला है, जिसे जैश-ए-मोहम्मद का हिंदुस्तान में महिला विंग का रिक्रूटर माना जा रहा है।

संक्षिप्त समाचार

मनोज कुमार सिंह बने राज्य ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने पूर्व मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को तीन साल के लिए राज्य ट्रांसफॉर्मेशन कमिशन में मुख्य कार्यकारी अधिकारी का विशेष दायित्व सौंपा गया है। नियुक्ति विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि राज्य योजना आयोग। की अधिसूचना के अनुसार मनोज कुमार सिंह को आयोग में कार्यभार ग्रहण करने के लिए नामित किया गया है। आदेश के मुताबिक उन्हें पूर्व कार्यकारी अनुभव को आधार मानते हुए तीन साल तक मुख्य कार्यकारी स्तर पर सेवाएं देने के लिए अधिकृत किया गया है। इस अवधि में उन्हें वेतन तथा नियमानुसार सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

मादक पदार्थों के तस्कर की इमारत को किया ध्वस्त

जम्मू। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को उधमपुर जिला में मादक पदार्थों के एक कुख्यात तस्कर की करोघें रुपये की इमारत को ध्वस्त कर दिया। पुलिस ने बताया कि चेनानी तहसील के नरसू निवासी माखन दीन नामक मादक पदार्थ तस्कर की इमारत को ध्वस्त कर दिया गया है। माखन दीन एक आदतन अपराधी है और विभिन्न मामलों में संलिप्त पाया गया है। नशीले पदार्थों की तस्करी में लगातार संलिप्तता के कारण उसे पीआईटी एनडीपीएस के तहत भी हिरासत में लिया गया था और वर्तमान में वह जम्मू के कोट भलवाल केंद्रीय कारागार में बंद है। पुलिस ने बताया कि जांच अधिकारी ने पाया कि माखन दीन ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर नरसू चेनानी में राष्ट्रीय राजमार्ग द्धएनएचञ्च 44 पर करोड़ों रुपये की पांच व्यावसायिक संपत्तियां और एक आवासीय संपत्ति का निर्माण किया था।

फैसलों में मिश्रित हिन्दी-अंग्रेजी के प्रयोग पर आपत्ति

प्रयागराज, वार्ता

- **हाईकोर्ट ने कहा- ट्रायल कोर्ट हिंदी या अंग्रेजी में लिखें फैसले, न हों दोनों भाषाओं का मिश्रण**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने परीक्षण न्यायालयों (ट्रायल कोर्ट) के फैसलों में हिंदी-अंग्रेजी मिश्रित भाषा के प्रयोग पर आपत्ति जताई है। कोर्ट ने कहा है कि फैसले पूरी तरह से हिंदी या अंग्रेजी में हों।

मिश्रित भाषा में फैसले लिखना पूरी तरह से गलत और अस्वीकार्य है। इस टिप्पणी के साथ न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा और न्यायमूर्ति अजय कुमार द्वितीय की खंडपीठ ने आगरा की सत्र अदालत के 54 पन्नों के फैसले को अवांछनीय परंपरा का अभूतपूर्व उदाहरण बताया। साथ ही इस आदेश की प्रति मुख्य न्यायाधीश को भेजने और प्रदेश के सभी न्यायिक अधिकारियों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि हिंदी भाषी राज्य में फैसलों को हिंदी में लिखने का उद्देश्य यह है कि सामान्य वादी-प्रतिवादी भी अदालत की बात और उसके तर्क को समझ सकें। यदि निर्णय का आधा हिस्सा अंग्रेजी और आधा हिंदी में होगा, तो आम हिंदी भाषी व्यक्ति फैसले का अभिप्राय समझ नहीं पाएगा। अदालत ने पाया कि संबंधित फैसले में 199 पैरा में से 63 अंग्रेजी, 125 हिंदी और 11 में दोनों भाषाओं के मिले-जुले शब्द थे। कुछ पैरा तो ऐसे थे, जिनमें आधा वाक्य हिंदी और आधा अंग्रेजी में लिखा गया था। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि निर्णय हिंदी में लिखा जा रहा हो, तो उच्च न्यायालय या सुप्रीम कोर्ट के अंग्रेजी उद्धरण को कोट करना उचित है, लेकिन इसका हिंदी अनुवाद भी जरूर दिया जाए। वहीं अंग्रेजी भाषा में लिखे निर्णय में हिंदी में दर्ज मरने से पहले के बयान (डाइंग डिक्लेरेशन) को जस का तस लिखा जा सकता है। मामला आगरा के बरहन थाना क्षेत्र का है। ट्रायल कोर्ट ने 2021 में दहेज हत्या के मामले में पति रवि को बेगुनाह करार देते हुए बरी कर दिया था। इस फैसले के खिलाफ मृतका अंकिता के पिता वेद प्रकाश त्यागी ने हाईकोर्ट का रुख किया। कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के फैसले पर मुहर लगाते हुए अपील खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि मृतका की मौत विवाह के सात वर्ष के भीतर जरूर हुई थी और विषाक्तता से हुई थी, लेकिन दहेज की मांग से जुड़ीं क्रूरताओं का कोई ठोस प्रमाण रिकॉर्ड पर नहीं आया। गवाहों के बयान भी परस्पर विरोधी पाए गए। साथ ही पति द्वारा पत्नी को अस्पताल ले जाना, खर्च वहन करना और अंतिम संस्कार करना उसके सद्भावपूर्ण आचरण को दर्शाता है। साक्ष्यों के अनुसार अभियोजन मृत्यु से ठीक पहले क्रूरता या उत्पीड़न साबित करने में विफल रहा।

अपर्याप्त कोष के आधार पर जीपीएफ का भुगतान न करने पर कोर्ट हैरान

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक सेवानिवृत्त सहायक अध्यापिका की सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) का भुगतान श्शकोष की अपर्याप्तताश्श के आधार पर रोके जाने पर नाराजगी व्यक्त की है। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि वित्त एवं लेखा अधिकारी व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आगरा का वेतन तत्काल प्रभाव से तब तक के लिए रोक दिया जाए, जब तक कि याची के जीपीएफ राशि का ब्याज सहित भुगतान नहीं हो जाता। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया की एकलपीठ ने मीना कुमारी शर्मा की याचिका पर दिया है। याची 31 मार्च 2023 को सहायक अध्यापक के पद से सेवानिवृत्त हुई थी। उन्हें अभी तक जीपीएफ (37 लाख 27 हजार 9 सौ 66 रुपये) का भुगतान नहीं किया गया है। इसे लेकर उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की।

आयोग ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने को लेकर कांग्रेस को दिया जवाब

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मतदाता सूची में तीन लाख नए नाम जोड़ने संबंधी कांग्रेस के सवाल पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा है कि मतदान से दस दिन पहले तक सूची में नए नाम जोड़ने का नियम है और उसी के तहत 30 सितम्बर की सूची के मुकाबले छह अक्टूबर की मतदाता सूची में तीन लाख नए मतदाता जोड़े गए हैं।

आयोग ने एक सप्ताह के भीतर मतदाता सूची में तीन लाख नए जाड़ने को लेकर कांग्रेस के सवालों का जवाब देते हुए कहा है कि आयोग के नियमों में मतदान से दस दिन पहले तक यदि कोई मतदाता नाम जोड़ना चाहता है, तो उसे मतदाता सूची में जोड़ने का विधान है। आयोग ने कहा है कि बिहार में अतिरिक्त तीन लाख मतदाताओं के बढ़ने को लेकर कांग्रेस ने जो सवाल उठाया है उस पर स्पष्टीकरण देना जरूरी है। चुनाव आयोग के अनुसार मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने 6 अक्टूबर को प्रेस नोट में बिहार में कुल मतदाताओं की संख्या 7.42 करोड़ और मतदान के बाद की विज्ञप्ति में 7.45 करोड़ बताई है। कांग्रेस ने अतिरिक्त तीन लाख वोटरों को बढ़ने को लेकर जो सवाल उठाए हैं उन पर स्पष्टीकरण जरूरी है। आयोग ने कहा कि छह अक्टूबर को बताई गई 7.42 करोड़ निर्वाचकों की संख्या, 30 सितम्बर को निर्वाचक सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद उपलब्ध आंकड़ों पर आधारित थी।

अतीक के गुर्गों से मुक्त कराई गई 48 बीघा सरकारी जमीन

प्रयागराज, वार्ता

- **जमीन की कीमत करीब 80 करोड़ रुपये बताई जा रही**

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में मृतक अतीक अहमद के गुर्गों के द्वारा कब्जे से 48 बीघा सरकारी जमीन मुक्त करा ली गई है। एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के नसीरपुर सिलना गांव में अतीक के गुर्गों ने सरकारी जमीन पर कब्जा किया हुआ था, जिसको आज शनिवार को एसडीएम सदर अभिषेक कुमार के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत मुक्त कराया गया।

इस जमीन को अब ग्रामसभा के नाम पर दर्ज कराया जाएगा। अतीक अहमद के गुर्गों से कब्जा मुक्त कराई गई जमीन की कीमत करीब 80 करोड़ रुपये बताई जा रही है। नसीरपुर सिलना की खतौनी 1428-33 फसली वर्ष की आराजी संख्या 29 रकबा 1-7010 श्रेणी 3 के रूप में दर्ज मिलने की जांच कराई गई। उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था नियमावली 1952 के नियमों के तहत कार्रवाई करते हुए एसडीएम सदर ने मौजा नसीरपुर सिलना परगना व तहसील सदर में दर्ज को 14 गाटे को चिन्हित किया, जिनका कुल रकबा 8-7550 हेक्टेयर यानि कुल 38 बीघा जमीन पर कब्जा पाया गया था।

इस पूरी जमीन से खातेदारों के नाम निरस्त ग्राम सभा के नाम पर दर्ज कराया गया, जमीन अवैध कब्जे से मुक्त करने के बाद तहसीलदार सदर के जरिए राजस्व निरीक्षक और लेखपाल को भूमि की सुरक्षा का निर्देश दिया गया है। बताया जा रहा है। सरकारी जमीन पर अतीक के करीबी अमानुल्ला, इश्तियाक अहमद, एकबाल अहमद, गुलाम गौस, एकलाख अहमद व मोहम्मद बिटनिया के नाम पर दर्ज है।

बिहार में महागठबंधन के फ्लाप होने पर उठे गंभीर सवाल

समाजवादी पार्टी को लेना होगा बड़ा सबक

शाह टाइम्स ब्यूरो

- **भाजपा की रणनीति पर गहराई से गौर करना होगा वहीं कांग्रेस से दोस्ती पर मंथन भी जरूरी हुआ**
- **अखिलेश यादव ने बिहार में महागठबंधन की हार के लिए एसआईआर को जिम्मेदार ठहराया**

लखनऊ। बिहार में महागठबंधन के फ्लाप होने पर सपा को भी इससे सबक लेना होगा। भाजपा की रणनीति पर जहां गहराई से गौर करना होगा, वहीं कांग्रेस से दोस्ती पर मंथन भी जरूरी है। बिहार के नतीजों के बाद सपा के अंदर से ही ये बातें उठने लगी हैं। हालांकि सपा नेतृत्व ने बिहार के नतीजों के लिए एसआईआर को जिम्मेदार ठहराया है।

उत्तर प्रदेश में 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं। राजनीति के जानकार कहते हैं कि भाजपा दोतरफा मार कर रही है। एक, मुफ्त में लाभ वाली योजनाओं पर उसका जोर है, तो दूसरा विपक्षी पार्टियों पर कानून-व्यवस्था को लेकर चोट कर रही है। सपा को इन दोनों बातों को ध्यान में रखना होगा। उसे खुलकर कहना होगा कि जो कानून के साथ, पार्टी उनके साथ। बिहार चुनाव में भाजपा नेतृत्व ने लालू राज की अराजकताओं को याद दिलाकर वोटरों को अपने पक्ष में करने में सफलता हासिल की। बिहार में सीटों के बंटवारे को लेकर कांग्रेस के साथ काफी असहज स्थिति रही। कई जगह पर दोनों दल आमने-सामने आ गए। अधिकांश राज्यों में कांग्रेस का न संगठन बचा है और न ही जनाधार, जबकि राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अधिकांश राज्यों में कांग्रेस का न संगठन बचा है और न ही जनाधार। बिहार चुनाव ने एक बार फिर इसे साबित कर दिया। अब यह दीगर है कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को लेकर यही बात नहीं कही जा सकती है। इसलिए उत्तर प्रदेश के लिए अपनी रणनीति तय करते समय कांग्रेस को लेकर सपा नेतृत्व को इन बातों को ध्यान में रखना होगा। पूर्व में रहीं सपा सरकारों के काम जनता के मन में पार्टी के लिए सकारात्मक भाव पैदा कर सकते हैं, लेकिन कानून-व्यवस्था के सवाल पर चुनाव से पहले जनता का भरोसा जीतना सपा के लिए भी किसी चुनौती से कम नहीं होगा। जानकार कहते हैं कि विगत लोकसभा चुनाव में सपा बेहतर परिणाम देकर खुद की रणनीति की सफलता साबित कर चुकी है, लेकिन ध्यान रखना होगा कि कानून- व्यवस्था लोकसभा चुनाव का नहीं, बल्कि राज्यों के चुनाव का विषय ज्यादा होता है। बिहार में राजद ने जितनी सीटें जीतीं, उसमें सपा का 16 प्रतिशत योगदान रहा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 25 विधानसभा क्षेत्रों में आठ दिन लगातार जनसभाएं कीं। इसमें से महज चार सीटों पर ही राजद जीती। शेष 21 सीटों पर एनडीए की आंधी चली।

बिहार विधानसभा चुनाव ने मायावती को फिर दिया झटका

लखनऊ। बिहार विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती को एक बार फिर निराशा हाथ लगी है। बिहार में बसपा को केवल एक सीट पर विजय मिली है, जिसने पार्टी को सो. चने पर मजबूर कर दिया है। बिहार में रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में बसपा के सतीश कुमार सिंह यादव और भाजपा के अशोक कुमार सिंह के बीच कांटे की टक्कर में, बसपा उम्मीदवार ने अपने प्रतिद्वंद्वी से मात्र 30 वोटों से जीत हासिल की। इस बार बिहार में बसपा ने जिन 192 सीटों पर चुनाव लड़ा, उनमें से रामगढ़ एकमात्र सीट है, जिस पर उसने जीत हासिल की। सतीश यादव को 72,689 वोट मिले, जबकि भाजपा उम्मीदवार को 72,659 वोट मिले। हालांकि मतगणना के दिन यादव शुरू से ही बढ़त बनाए हुए थे, लेकिन अंतर कम होता गया। मतगणना के दूसरे-आखिरी दौर तक, यादव केवल 175 वोटों से आगे थे। इस सीट का अंतिम परिणाम शुक्रवार देर रात घोषित किया गया, क्योंकि मतगणना का आखिरी दौर असामान्य रूप से लंबा चला।

अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 84466.51
निफ्टी 25875.80

सोना रु. 125980
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

चांदी रु. 160100
प्रति किलो

जेम्स और आभूषणों का निर्यात अक्टूबर में 31 प्रतिशत घटा

नई दिल्ली, वार्ता

अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के बाद अक्टूबर में भारत से जेम्स और आभूषणों के निर्यात में करीब 31 प्रतिशत की भारी गिरावट देखी गई।

जेम्स एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (जीजेईपीसी) के अनुसार अक्टूबर 2025 में देश का जेम्स और आभूषण निर्यात 216.81 करोड़ डॉलर (19,172.89 करोड़ रुपये) रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 312.25 करोड़ डॉलर (26,237.1 करोड़ रुपये) के मुक. ाबले 30.57 प्रतिशत कम है। इसी तरह, आयात 19.2 फीसदी घटकर 127.68 करोड़ (11,299.6 करोड़ रुपये) रहा। जीजेईपीसी ने बताया कि अमेरिका, यूरोप और चीन जैसे प्रमुख बाजारों में सुस्त आर्थिक वृद्धि, उच्च

ब्याज दर, सतर्क उपभोक्ता खर्च और वैश्विक अस्थिरता के कारण यह गिरावट आई है। इसके अलावा सोने और हीरे की कीमतों में उतार-चढ़ाव, सीमित वित्तपोषण और प्रयोगशालाओं में बने हीरों के कारोबार में समायोजन भी निर्यात-आयात को प्रभावित कर रहे हैं।

काउंसिल द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार कट और पॉलिश हीरे का निर्यात अक्टूबर में 27 प्रतिशत घटकर 102.60 करोड़ डॉलर रह गया। आयात में भी सालाना आधार पर 35.76 प्रतिशत की गिरावट रही और यह 13. 30 करोड़ डॉलर रहा। रफ डायमंड्स का आयात अप्रैल-अक्टूबर 2025 में 6.57 प्रतिशत घटकर 645.16 करोड़ डॉलर हो गया। प्रयोगशाला में तैयार पॉलिश हीरे का निर्यात अक्टूबर में 34. 9 फीसदी घटकर 9.44 करोड़ डॉलर रह गया। अप्रैल-अक्टूबर में कुल निर्यात 12.95 प्रतिशत घटा और 68. 12 करोड़ डॉलर रहा। सोने के आभूषणों की बात करें, तो अक्टूबर में सामान्य सोने के आभूषणों का निर्यात 38.95 फीसदी घटकर 28.91 करोड़ रुपये रहा। इसमें अप्रैल-अक्टूबर में 29.7 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। सोने के जड़ित आभूषणों के निर्यात में अमे. रिकी टैरिफ के कारण अक्टूबर में 21. 4 प्रतिशत की कमी देखी गई। चांदी के आभूषणों का निर्यात अप्रैल-अक्टूबर के दौरान 71.78 करोड़ डॉलर रहा। यह पिछले वर्ष के 65.30 करोड़ डॉलर से 9.93 प्रतिशत अधिक है।

यूपी में अब तक 3.12 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में शनिवार तक धान क्रय केंद्रों से 3.12 लाख मीट्रिक टन धान की सरकारी खरीद की जा चुकी थी। अधिकृत सूत्रों ने बताया कि धान खरीद की नियमित समीक्षा हो रही है। आंकड़ों के मुताबिक शनिवार दोपहर तक धान खरीद सत्र में पंजीकृत होने वाले किसानों की संख्या 3.93 लाख पार कर गई। वहीं अब तक 3.12 लाख मीट्रिक टन की भी खरीद हो चुकी है। सरकार ने 4000 धान क्रय केंद्र का लक्ष्य रखा था, जिससे आगे बढ़ते हुए किसानों की सुविधा के लिए 4143 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। वहीं धान लेकर पहुंच रहे किसानों के लिए क्रय केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। खाद व रसद विभाग के मुताबिक शनिवार दोपहर तक 53,330 किसानों से 3.12 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। वहीं धान खरीद विपणन सत्र 2025-26 के लिए 3,93,389 किसानों ने शनिवार तक पंजीकरण भी करा लिया है। सरकार के प्रयासों का नतीजा है कि 4143 धान क्रय केंद्र भी स्थापित हो चुके हैं।

चावल, गेहूं, चीनी, दालें सस्ती, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली। घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल की औसत कीमत घट गई। चावल के साथ गेहूं, चीनी और दालें भी सस्ती हुईं। वहीं खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया।

चावल की औसत कीमत 37 रुपये घटकर 3,818.29 रुपये प्रति क्विंटल पर रह गई। गेहूं भी 14 रुपये गिरकर 2,857.13 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत में दो रुपये की नरमी रही और यह 3,312.86 रुपये प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में आज घट-बढ़ देखी गई। मूंगफली तेल की औसत कीमत 212 रुपये और वनस्पति की 74 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। वहीं सरसों तेल 34 रुपये और सोया तेल 38 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़त में रहा। पाम ऑयल की कीमत 21 रुपये प्रति क्विंटल और सूरजमुखी तेल 27 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में मूंग दाल औसतन 35 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल की कीमत 93 रुपये और चना दाल की 60 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। उड़द दाल 26 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। तुअर दाल के दाम भी 123 रुपये प्रति क्विंटल घटे। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 18 रुपये प्रति

क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी पांच रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7857.75 रुपये, मसूर काली 8098.83 रुपये, मूंग दाल 10089.10 रुपये, उड़द दाल 10372.10 रुपये, तुअर दाल 10506.18 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2857.13 रुपये और चावल 3818.29 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी.गुड़: चीनी एस 4325.08 रुपये और गुड़ 5009.40 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17764.83 रुपये, मूंगफली तेल 17490.10 रुपये, सूरजमुखी तेल 15678 रुपये, सोया तेल 13767.49 रुपये, पाम ऑयल 12487.72 रुपये और वनस्पति 14430.48 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

आगरा में सुरक्षा एजेंसियों ने मॉकड्रिल से परखे सुरक्षा इंताजम

आगरा। उत्तर प्रदेश के आगरा में कैप्टन शुभम गुप्ता मेट्रो स्टेशन पर मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। शुक्रवार की रात में मॉकड्रिल में दिखाया गया कि एक संदिग्ध व्यक्ति मेट्रो स्टेशन के अंदर विस्फोट के इरादे से विस्फोटक सामान लेकर घुसा है। मौके पर मौजूद एसएसएफ के जवान ने स्टेशन सुरक्षा प्रभारी को सूचना दी उसके बाद मेट्रो स्टेशन पर हाई अलर्ट कर दिया गया।

एसएसएफ की क्यूआरटी टीम एक्शन में आई और छह टीमें बना कर मेट्रो स्टेशन पर सर्च अभियान चलाया। सर्च अभियान के दौरान एक व्यक्ति को सांकेतिक रूप से गिरफ्तार करके पुलिस को सौंपा जिसके पास प्रतीकात्मक विस्फोटक सामान था। करीब एक घंटे तक इस तरह से मॉकड्रिल की गई। दरअसल दिल्ली में लाल किला के नजदीक हुए ब्लास्ट के मद्देनजर पूरे देश में हाई अलर्ट है लिहाजा मुख्य और महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा में लापरवाही न हो उसके लिए मॉकड्रिल की जा रही है। आगरा में मेट्रो ट्रेन संचालित है और बड़ी तादात में देशी और विदेशी पर्यटक ताजमहल देखने आते हैं। ऐसे में कोई लापरवाही न हो और किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा बल सतर्क हैं लिहाजा एसएसएफ के जवानों ने मेट्रो स्टेशन पर मॉकड्रिल का आयोजन किया गया।

आतंकी धमकी देने वालों का पता लगाएगा ट्रिपल आईटी का एआई बेस्ड सॉफ्टवेयर

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज का ट्रिपल आईटी संस्थान एक ऐसा सिस्टम तैयार करने जा रहा है, जो आतंकी धमकी देने वालों की तह तक जाएगा। इसके लिए यहां के एक्सपर्ट एआई बेस्ड साफ्टवेयर बनाने जा रहे हैं। इसके लिए केंद्र सरकार की तरफ से करीब 4.73 करोड़ का बजट भी स्वीकृत कर दिया गया है। इस तरह का यह देश का पहला सिस्टम होगा।

इससे पलक झपकते ही साइबर टेररिज्म को आसानी से नाकाम किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि दुनिया के किसी भी कोने से बैठ कर कोई भी यदि भारत पर बुरी नजर रखता है, तो वह बच नहीं पाएगा। धमकी देने वाला व्यक्ति कहां पर छिपा बैठा हुआ है। उसकी जानकारी तत्काल यह

सिस्टम आसानी से पता लगा सकेगा, कि यह धमकी कहां से आई है। ट्रिपल आईटी के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के प्रो. बृजेंद्र सिंह की देखरेख में इस पर काम शुरू कर दिया गया है। प्रो. बृजेंद्र सिंह ने बताया कि मिनिस्ट्री आफ इलेक्ट्रानिक एंड टेक्नोलॉजी एंड इंफार्मेशन की तरफ से यह प्रोजेक्ट संस्थान को दिया गया है। देखा जा रहा है कि आजकल साइबर सिस्टम का दुरुपयोग बहुत किया जाता है। बहुत सारी असामाजिक गति. विधियां होती रहती हैं। कहीं बम से उड़ाने की धमकी दी जाती है, तो कहीं अन्य तरह की धमकियां मिलती रहती है। इसका पता लगाने के लिए सरकार को तमाम एजेंसियों को लगाना पड़ता है। समय के साथ काफी पैसे भी खर्च होते हैं। बाद में यह पता चलता है कि फेक काल्स थी या फर्जी सूचनाएं हैं। इससे लोगों में डर का माहौल भी पैदा हो जाता है। प्रो. सिंह ने बताया कि जो एजेंटिक एआई बेस्ड सिस्टम तैयार किया जा रहा है। इसमें तत्काल आसानी से धमकी देने वालों को लोकेट किया जा सकता है। इतना ही नहीं लोकेट करने के बाद सुरक्षा एजेंसियों को रियल टाइम में अलर्ट भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि इसमें हम वीपीएन-एलएलएम (लार्ज लैंग्वेज मॉडल) टाइप का सिस्टम डेवलप कर रहे हैं।

प्रथम पृष्ठ के शेष...

फरीदाबाद से जब्त... इमारतों को नुकसान हुआ है। उसकी भरपाई राज्य सरकार करेगी। नौगाम पुलिस स्टेशन ब्लास्ट मामले पर, जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस (जेकेएनसी) के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि यह हमारी गलती है, जिन्हें इस विस्फोटक की बेहतर समझ है, हमें उनके साथ पहले बात करनी चाहिए थी कि इसे कैसे संभालना है, खुद ही हाथ-पांव मारने के बजाय आप नतीजा देख ही चुके हैं, 9 लोगों की जान चली गई। उन्होंने कहा कि वहां कई घरों को नुकसान हुआ। हम अभी दिल्ली में चल रही उस आलोचना से बाहर नहीं आए हैं, जहां हर कश्मीरी पर उंगली उठाई जा रही है। वह दिन कब आएगा जब वे स्वीकार करेंगे कि हम भी भारतीय हैं और हम इसके जिम्मेदार नहीं हैं। उन लोगों से पूछिए जो जिम्मेदार हैं कि इन डाक्टरों को यह रास्ता क्यों अपनाना पड़ा? कारण क्या था? इसकी पूरी तरह जांच और अध्ययन की आवश्यकता है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा शनिवार को नौगाम पुलिस स्टेशन विस्फोट में घायल लोगों से मिले। उन्होंने उजाला सिग्नस अस्पताल का दौरा किया। एलजी मनोज सिन्हा ने घायलों की सेहत के बारे में जानकारी ली और उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेगा खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काशीपुर, उत्तराखंड-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक सांसारिक, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

गुल की कमी, बढ़ती हुई जॉन्डिस, खराब लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिसीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

भोपा रोड़ पर हादसे में स्कूटी सवार दो युवकों की मौत

मृतक अभय परिवार का एकलौता चिराग था, दोनो के परिवार में मचा कोहराम, पुलिस वाहन की तलाश में खंगाल रही सीसीटीवी कैमरें

भोकरहेड़ी व रहमतपुर निवासी दो दोस्त मुज़फ्फरनगर जा रहे थें

शाह टाइम्स संवाददाता

मुज़फ्फरनगर/मोरना। शनिवार की सवेरे भोपा रोड पर एक भयानक हादसे में दो युवकों की जान चली गई। मृतक युवक बीए का छात्र था और वह एक कम्पनी में काम करता था। युवकों की मौत के बाद जैसे ही यह खबर परिवार वालों को लगी तो यहां रोना पीटना पड गया और उनके गावं में भी शोक छा गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक विक्की और अभय के फाइल फोटो।

शाम ढलने तक नई मंडी पुलिस दुर्घटना करने वाले वाहन की तलाश में आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालती रही।

भोपा थाना क्षेत्र के 25 वर्षीय विक्की पुत्र प्रमोद निवासी मौहल्ला नेहरू चौक भोकरहेडी व 20 वर्षीय अभय पुत्र अरविंद शहर की बिलिंक किट नामक कम्पनी मे डोर टू डोर खाना पहुँचाने का कार्य करता था। आज सवेरे विक्की व अभय स्कूटी द्वारा अपने गांव से ड्यूटी के लिए रवाना हुए। जैसे ही दोनो दोस्त थाना नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के जट मुझेडा भोपा रोड पर पहुंचे तो किसी अज्ञात वाहन ने उन्हे रौंद डाला। राहगीरो की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सड़क पर लहुलूहान अवस्था में पडे विक्की और अभय को जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरो ने उन्हे मृतक घोषित कर दिया। बताया जाता है कि अभय की मौके पर ही सांसे थम चुकी थी और विक्की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हुई है। जैसे ही यह खबर पुलिस द्वारा परिवार के लोगों को दी गई तो यहां मातम सा छा गया। रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे। उधर पुलिस दोनो शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज चुकी थी। पुलिस का कहना है कि दुर्घटना करने वाले वाहन व चालक की तलाश की जा रही है और इसके संबंध में आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद ली जा रही है।

मृतक विक्की के परिवार में पिता प्रमोद, माता सुनीता, बहन पिंकी व निक्की तथा एक दिव्यांग भाई प्रिंस है। मृतक विक्की के पिता प्रमोद आठ बीघा भूमि पर खेती करते हैं। **वार्ड सभासद** अंकुर सहरावत, पूर्व चैयरमेंन राजेश कुमार, मदनपाल एडवोकेट, बाबा ओमबीर सिंह, सतीश सहरावत, प्रदीप कुमार, कुंवर भारती, सचिन वामन, दीपक कुमार, जयवीर सिंह आदि ने गहरा दु:ख प्रकट किया है। वहीं क्षेत्र के गांव रहमतपुर निवासी निवासी अभय उर्फ़ सोनू 20 वर्ष पुत्र अरविंद चौधरी की मौत से परिवार सहित गांव मे शोक की लहर दौड़ गयी है। मृतक के चचेरे भाई आलोक ने तहरीर देकर बताया की अभय उर्फ़ सोनू अपने साथी विक्की के साथ बलिंकिट कम्पनी मे कार्य करता था शनिवार की सुबह सवेरे अभय अपनी स्कूटी द्वारा मुज़फ्फरनगर जा रहा था की अज्ञात वाहन की टक्कर से उसकी मौत हो गयी।अभय एसडी डिग्री कॉलिज मे बीए का छात्र भी था।

अभय के पिता अरविन्द माता गीता छोटी बहन दीपाली का रोरोकर बुरा हाल है। अभय परिवार मे इकलौता पुत्र था वहीं पोस्ट मार्टम के बाद दोनों के शव कस्बा व गांव पहुंचे शाम के समय शुकतीर्थ श्मशान घाट पर मृतकों का अंतिम संस्कार किया गया

थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार शर्मा ने बताया की शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया है। अज्ञात वाहन की तलाश जारी है।

थानाध्यक्ष पल्लमपुरम पर 50 रुपये का जुर्माना लगा

मुजफ्फरनगर। कोर्ट की अवमानना करने पर थाना अध्यक्ष पल्लवपुरम पर 50 रूपये का जुर्माना किया गया है। बताया जाता है कि थाना प्रभारी पल्लवपुरम जिला मेरठ के विरूद्ध कोर्ट की अवहेलना करने पर प्रधान न्यायधीश परिवार न्यायालय के पीठाशीन अधिकारी खलीकुजमा ने धारा 388 बीएनएस एक्ट के तहत उन पर 50 रूपये का जुर्माना लगाया है और साथ ही यह आदेश दिए कि उक्त धनराशी थानाध्यक्ष के वेतन से काटी जाए। बताया जाता है कि परिवार के एक वाद में नोटिस और गैर जमानती वारंट जारी होने पर भी और बार-बार नोटिस जारी होने पर भी थानाध्यक्ष कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए। इसी के तहत पल्लमपुरम थाना प्रभारी पर कोर्ट की अवहेलना मानते हुए उन पर 50 रूपये का जुर्माना किया गया।

मुजफ्फरनगर: तहसील दिवस में अपनी मांगों को लेकर अधिकारी को ज्ञापन सौंपते लेखपाल।

सलेमपुर के ग्रामीण का शव रेलवे ट्रैक पर मिला

रात्रि आठ बजे घर से निकले थे, साढ़े ग्यारह बजे मिली मौत की खबर

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। अचानक अपने घर गांव सलेमपुर से चले किसान का शव लकडसंधा हाईवे के निकट रेलवे ट्रेक पर पडा मिला। रेलवे पुलिस व कोतवाली पुलिस ने किसी तरह उसका नाम पता ज्ञात कर इसकी जानकारी परिवार वालों को दी। किसान की मौत की खबर से पूरे परिवार में शोक छा गया। मृतक के दो पुत्र व दो पुत्रियां हैं।

नगर कोतवाली क्षेत्र के समीपवर्ती गांव सलेमपुर निवासी 42 वर्षीय रविन्द्र पुत्र गंगा राम मजदूरी करता था। उसके दो पुत्र व दो पुत्रियां है। बताया जाता है कि बीती रात करीब आठ रविन्द्र कुमार अपने घर से अचानक ही निकल गया था। परिवार के लोग उस समय तक यह समझते रहे कि वह किसी परिचित से मिलने गया होगा। रात्रि करीब साढ़े ग्यारह बजे परिवार के लोगों को सूचना मिली थी कि रविन्द्र कुमार का शव लकडसंधा हाईवे के निकट रेलवे ट्रैक के निकट पडा हुआ है। रविन्द्र कुमार की पहचान पुलिस ने उसके पास से मिले आधार कार्ड के आधार पर की है। घटना के समय रेलवे पुलिस और नगर कोतवालीपुलिस मौके पर पहुंच चुकी थी और जैसे ही यह खबर रविन्द्र के परिजनों को लगी तो यहां शोक छा गया।

साकेत कॉलौनी में बने मजार को हटाने की मांग

मुजफ्फरनगर। राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन की साकेत कॉलौनी में एक बैठक कर गली नम्बर तीन से सड़क के बीच मजार हटाने के संबंध में चर्चा की गई कि संजय अरोरा ने कहा कि गली नम्बर तीन ने मजार बीचो बीच बना है और इसके साथ ट्रांसफार्मर रखा है जिससे यातायात प्रभावित हो रही है। बैठक में प्रशासन से मंजार और ट्रांसफार्मर हटाने की मांग की गई। इस दौरान सरिता शर्मा, प्रवीण जैन, राजीव कुमार बंसल, अनील मलिक, अनिल गुप्ता, श्याम वर्मा, सचिन कुमार, सोनू धीमान, मुकेश सिंह, अजय अग्रवाल, राजेन्द्र कौशिक, अभिषेक गोयल और पंकज उपस्थित रहे।

प्राचार्य बुढ़ाना पुलिस के हत्थे चढ़ा, भेजा जेल

साथी छात्र ले सकते हैं कोई भी बड़ा निर्णय

शाह टाइम्स संवाददाता

बुढ़ाना। मृतक छात्र उज्जवल राणा की तेरहवीं का कार्यक्रम आज है। यह तेरहवीं कार्यक्रम महापंचायत में बदल सकता है ऐसे चर्चाए हैं। उधर इस मामले में नामजद हुए फरार दूसरे आरोपी प्राचार्य प्रदीप कुमार को बुढ़ाना पुलिस ने भागदौड़ करके एक स्थान से गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में पेश किया है। जहां प्राचार्य को न्यायलय ने जेल भेज दिया है। इस कांड के मुख्य आरोपी अरविंद गर्ग अभी भी फरार है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए बुढाना पुलिस ऐड़ी से चोटी तक का जोर लगा रही है। उधर आज की शोक सभा पर सभी की नजर लगी है कि इस शोक सभा में शामिल लोगों के द्वारा क्या निर्णय लिया जा सकता है। अगर हम इस कांड में बीते दिनों की और चलें तो साफ है कि जिस प्राचार्य के कारण छात्र उज्जवल राणा ने मौत को गले लगाया है उसकी गिरफ्तारी हो चुकी है लेकिन जिसको मुख्य आरोपी बताया जा रहा है और उसको बचाने के लिए पुलिस के साथ साथ सत्ताधारी नेताओं का नाम खुलकर लोगों की जुबान पर चल रहा है उस आरोपी कालेज प्रबंधक अरविंद गर्ग का नाम छात्र उज्जवल राणा की पहली वीडियो में कहीं से कहीं तक भी नहीं है। दूसरी वीडियो में जिसमें वह जली अवस्था में गंभीर हालत में है तभी उसके द्वारा मुख्य आरोपी अरविंद गर्ग का नाम लिया गया है। उसने खुद नाम लिया या किसी ने वीडियो बनाने से पहले उसको समझाकर नाम लिवाया है बस ये ही जांच का विषय है। यह सच है कि

आरोपी प्राचार्य

छात्र उज्जवल राणा की नजर में पहला असली आरोपी प्राचार्य प्रदीप कुमार ही है। जिसने बुढ़ाना कोतवाली के तीन पुलिसकर्मियों को कालेज परिसर में बुलाकर छात्र उज्जवल राणा का उत्पीडन किया और करवाया भी। जो पहला आरोपी पुलिस ने गत दिवस जेल भेजा था उसको लेकर भी तरह तरह की चर्चाएं पूरे कस्बे में फैली हुई है और लोग दबी जुबान से कह रहे हैं कि पीटीआई शायद कालेज की राजनिति का मोहरा बन गया जबकि जेल असली आरोपी प्राचार्य प्रदीप कुमार को ही जाना चाहिए था। खैर आज छात्र उज्जवल राणा की तेरहवीं है। इसमें उसके साथी छात्र क्या निर्णय लेंगे इस पर सभी की निगाहें लगी हुई है। दरअसल छात्र उज्जवल राणा कालेज में अध्यनरत गरीब वर्ग के छात्रों की आवाज को उठाने के लिए आगे आया था जो प्राचार्य को कतई भी मंजूर नहीं था। जब उसने अपने शरीर पर पैट्रोल छिड़ककर आग लगाई तब उसको उसके साथी बचाने के लिए गये थे। जिनमें एक दो साथी मामूली रुप से झुलस भी गये थे लेकिन चर्चा के मुताबिक बुढ़ाना पुलिस उनकी भी निगरानी कर रही है जबकि कोई भी छात्र इस कांड में गलत तरीके से शामिल नहीं है।

नशीला पदार्थ पिलाकर बदमाशों ने टैम्पू लूटा

शाह टाइम्स संवाददाता

खतौली। शुक्रवार देर रात एक टैंपो चालक को नशीली कोल्डड्रिंक पिलाकर बदमाश उसका टैंपो लूटकर फरार हो गए। अगले दिन सुबह होश आने पर पीड़ित ने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दौराला थाना क्षेत्र के गांव मंडोरा निवासी सुनील कुमार पुत्र स्वर्गीय कालीचरण टैंपो चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता है। शुक्रवार रात करीब 11 बजे वह बुढ़ाना रोड पर टैंपो खड़ा किए हुए था। तभी एक युवक उसके पास आया और नोएडा जाने की बात कहकर अधिक किराया देने का लालच दिया। पहले सुनील ने मना किया, लेकिन युवक के जोर देने पर उसने उसे टैंपो में बैठा लिया। रास्ते में धोलना कस्बे के पास युवक ने खाना खाने के बहाने टैंपो रुकवाया और सुनील को कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पीने को दिया। इमइपक पीते ही सुनील बेहोश होकर गिर पड़ा। इसी दौरान आरोपी उसकी जेब से चाबी निकालकर टैंपो लेकर फरार हो गया। सुनील तड़के सुबह होश में आया तो खुद को सड़क किनारे पाया। किसी तरह वह खतौली पहुँचा, जहाँ मंडी के सामने बदहवास हालत में राहगीरों ने उसे देखा और परिजनों को सूचना दी। परिजन सुनील को लेकर कोतवाली पहुँचे और रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाश की तलाश शुरू कर दी है। वहीं, परिवार ने सुनील को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है, जहाँ उसकी हालत में धीरे-धीरे सुधार बताया जा रहा है।

जनपद में संदिग्ध कश्मीरियों की तलाश

जिले में 200 से अधिक बाहरियों का सत्यापन शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। दिल्ली बम विस्फोट के बाद से जनपद पुलिस पूरी तरह तर्क है। पुलिस प्रशासन कश्मीरी डॉक्टरों के मॉडयूल उजागर होने के बाद जिले में रहने वाले कश्मिरीयों का रिकॉर्ड खंगाल रही है और उनके संबंध में जानक. री भी की जा रही है।

बता दे कि विगत दिनों दिल्ली के लाल किले पर कार में हुए ब्लास्ट के बाद कश्मीरी डॉक्टरो के नाम उजागर होने पर जनपद में ही नहीं पूरे देश की खुफिया एजेंसी संदिग्ध लोगों की तलाश कर रही

है। डॉक्टर शाहीन और मुजिम्मल की गिरफ्तारी के बाद से पुलिस प्रशासन व शासन पूरी तरह सतर्क है। जहां शासन प्रशासन के रडार पर काफी संख्या में चिकित्सक और छात्र जांच एजेंसियों की रडार पर है तो वहीं जनपद के साथ आस-पास के जनपद व दूसरे राज्यों की पुलिस संदिग्ध लोगों से पूछताछ में लगी है। जनपद पुलिस जिले में ऐसे ही संदिग्ध लोगों की तलाश में भागदौड कर रही है पुलिस प्रशासन जिले में रहने वाले कश्मीरी चिकित्सक और छात्रों के संबंध में छानबीन कर रही है जनपद में कई थाना क्षेत्रों में रहने वाले कश्मिरीयों के रिकॉर्ड को भी खंगाला जा रहा है। पुलिस अधिकारियों की माने तो बॉर्डर के अलावा भीड़ भाड वाले इलाकों में संदिग्ध लोगों की धर पकड के लिए चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इतना ही नहीं पुलिस प्रशासन जनपद में शिक्षा लेने आए कश्मीरी छात्रों के संबंध में जानकारी जुटा रही है। अधिकारियों का कहना है कि पुलिस प्रशासन का मकसद कश्मीरी छात्रों को कोई नुकसान पहुंचाना व उन्हे परेशान करना नहीं है। पुलिस प्रशासन बस संदिग्ध लोगों की तलाश में है।

निराश्रित महिला को पेंशन योजना के तहत स्वीकृति पत्र बांटती राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष।

विवादित कॉलेज प्रबंधक के विरुद्ध की आर्य प्रतिनिधि सभा ने शिकायत

शाह टाइम्स संवाददाता

बुढ़ाना। छात्र उज्जवल राणा आत्महत्या प्रकरण में जहां प्राचार्य को गिरफ्तार कर लिया गया है वहीं फरार अन्य मुख्य आरोपी कालेज प्रबंधक अरविंद गर्ग की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब आर्य प्रतिनिधि सभा ने प्रबंधक के विरुद्ध अपनी शिकायत दर्ज कराई है। मिली जानकारी के अनुसार डीएवी डिग्री कॉलेज बुढाना के फरार प्रबंधक अरविंद गर्ग पर आर्य प्रतिनिधि सभा ने 14 शिक्षण संस्थाओं पर अवैध रुप से कब्जा करने का खुला आरोप लगाते हुए मामले को बड़ा ही पेचीदा बना दिया है। इस बारे में आर्य प्रतिनिधि सभा ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोपी प्रबंधक के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की। आर्य प्रतिनिधि सभा के एक प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि उक्त प्रबंधक अरविंद गर्ग ने कुछ दस्तावेज तैयार कर फर्जी तरीके से समितियां बनाकर विभिन्न स्कूलों पर नियंत्रण स्थापित किया हुआ है। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय की कुछ प्रक्रियाओं में सहयोग न मिलने के चलते उनकी शिकायतों का निस्तारण आज तक नहीं हो पाया है।

जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के मंत्री अनूप सिंह राठी ने बताया कि डीएवी डिग्री कालेज बुढ़ाना की जांच के लिए पहले भी उनके द्वारा आवेदन किया गया था। जिसमें कुछ स्कूलों की संपत्ति सार्वजनिक उद्देश्य के लिए आर्य समाज के नाम वापस की गई थी। बावजूद इसके फिर भी उक्त प्रबंधक के द्वारा स्कूलों पर

अपना नियंत्रण जारी रखा गया। यहां आर्य समाज के प्रधान मुकेश आर्य ने कहा कि कई स्कूलों में फर्जी दस्तावेजों के साथ साथ कुछ पदा. धिकारियों के नामों का उपयोग किया गया। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया कि मूल संस्थागत योजना के अनुसार स्कूलों का संचालन सुनिश्चित किया जाए और चुनाव प्रक्रिया सही ढंग से संपन्न कराई जाए।ध आर्य प्रतिनिधि सभा ने चेता. वनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आगामी समय में धरना प्रदर्शन कर सकते हैं जिसकी जिम्मेदारी खुद प्रशासन की होगी।

महिला आयोग अध्यक्ष ने बांटे लैपटॉप

जेल का किया निरीक्षण, लाभार्थियों को बांटे स्वीकृति पत्र

शाह टाइम्स संवाददाता

मुज़फ्फरनगर। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता सिंह और सदस्यीय सपना कश्यप ने जनपद भ्रमण कार्यक्रम अन्तर्गत आईटीआई सभागार में महिला सशक्तिकरण विषयक पर गोष्ठी का आयोजन किया और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर द्वीप प्रज्जवलित किया। इस दौरान स्कूली छात्राओं द्वारा राधा माधव संगीत कला केन्द्र कलाकारों ने गणेश वन्दना एवं वैदिक पुत्री कन्या पाठशाला की छात्राओं द्वारा लोकगीत और नृत्य किया। अध्यक्ष 6 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की। और उन्होने बाल सेवा योजनाके के पात्र लाभर्थियों को लैपटॉप बांटे तथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र आदि का वितरण किया। उन्होने महिला पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र एवं शॉल पहनाकर और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होने पीडब्ल्यूडी डाक बंगले पर महिला संबंधी शिकायतों को सुना। इसके बाद महिला आयोग की अध्यक्ष व सदस्यीय जिला कारागार पहुंचे और यहां जेल का औचक निरीक्षण किया। जेल निरीक्षण के दौरान टीम ने बंदियों की सुविधाओं, सुरक्षा, भोजन और स्वास्थ सेवाओं के संबंध में जानकारी करते हुए बंदियों से भी उनकी सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होने कानूनी सहायता से संबंधित व्यवस्थाओं का गहनता से मुल्याकंन किया। जेल निरीक्षण के दौरान जिला कारागार के अधिकारी मौजूद रहे। महिला आयोग की अध्यक्ष ने महिला बंदियों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए जिला कारागार प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान आयोग सदस्य सपना कश्यप, पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, डीएसपी ऋषिका सिंह, जेल अधीक्षक अभिषेक चौधरी, जिला पंचायत राज अधिकारी जिला प्रोवेशन अधिकारी, जिला पिछडा वर्ग कलयाण अधिकारी मौजूद रहे।

मुजफ्फरनगर: नगर के एसडी मार्किट पर लगा जाम।

पूर्व अध्यक्ष व पूर्व प्रबंधक पर कॉलेज का बैनामा व कागजात चुराने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति व न्यू बाल कल्याण समिति रजिस्टर के अवश्यक कागजात व जमीन के मूल बैनामे के कागजात विद्यालय के अलमारी से गायब हो गए हैं। इस मामले में विद्यालय के पूर्व प्रबंधक और न्यू बाल कल्याण समिति के पूर्व उपाध्यक्ष पर कागजात ले जाने का आरोप लगाया गया है। इस मामले में विद्यालय के कार्यालय प्रमुख कौस्तुभानंद पंत ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र दिया है। एसएसपी ने इस मामले की जांच सीओ मंडी को सौंपी है। बताया जाता है कि विद्यालय कार्यालय प्रमुख कौस्तुभानंद पंत ने चार मई 2025 को विद्यालय के तत्कालीन प्रबंधक और न्यू बाल कल्याण समिति के रजिस्टर तत्कालीन देवेन्द्र कुमार गर्ग व न्यू बाल कल्याण समिति के तत्कालीन उपाध्यक्ष रविंद कुमार बंसल के संबंध में पत्र में लिखा है कि वह विद्यालय में आए और उन्होने चाबी लेकर अलमारी में रखे एजेण्डा रजिस्टर, कार्यवाही रजिस्टर और जमीन संबंधी कागजात तथा अन्य आवश्यक कागजात निक. ाले है। उन्होने कहा कि तीस अक्टूबर 2025 को न्यू बाल कल्याण समिति रजिस्टर के नवीन अध्यक्ष ज्ञान चंद सिंघल और प्रबंधक बाल भारती ने उन्हे रिकॉर्ड के पूर्व प्रबंधक व न्यू बाल कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार के घर भेजा था, लेकिन उन्होने रिकॉर्ड से साफ इंकार कर दिया। एसएसपी ने इस मामले की जांच सीओ मंडी को सौंपी है।

स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, झोलाछाप डॉक्टरों में मचा हड़कंप

मीरापुर। थाना क्षेत्र के ग्राम सम्भलहेडा में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शनिवार को झोलाछाप डॉक्टरों और अवैध मेडिकल स्टोरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। स्वास्थ्य सेवाओं के साथ खिलवाड़ करने वालों पर लगाम लगाने के लिए विभाग लगातार अभियान चला रहा है। इसी क्रम में जानसठ सीएचसी प्रभारी अर्जुन सिंह ने सीएमओ के निर्देश पर टीम के साथ गांव में छापेमारी की। स्वास्थ टीम जैसे ही सम्भलहेडा पहुंची तो क्लीनिकों के संचालको व मेडिकल स्टोर संचालको में हडकम्प मच गया। कार्रवाई की सूचना आग की तरह फैलते ही कई झोलाछाप डॉक्टर और मेडिकल स्टोर संचालक अपनी दुकानें बंद कर मौके से फरार हो गए। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तीन झोलाछाप डॉक्टरों और एक मेडिकल स्टोर पर कार्रवाई करते हुए नोटिस जारी किए। सीएचसी प्रभारी अर्जुन सिंह ने बताया कि मौके पर केवल चार लोगों को ही नोटिस जारी किए जा सके, जबकि अधिकांश दुकानदार अचानक दुकानें बंद कर भाग निकले। उन्होंने कहा कि बिना योग्यताएँ और लाइसेंस के इलाज करने वाले ऐसे लोग आम नागरिकों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह अभियान यहीं समाप्त नहीं होगा, बल्कि आगे भी जारी रहेगा। स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य क्षेत्र में अवैध चिकित्सकीय गतिविधियों पर पूर्ण रोक लगाना और लोगों को सुरक्षित व सही चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है।

सचल ग्राम न्यायालय में पाच वादों का हुआ निस्तारण

खतौली। शनिवार को नगर पालिका परिषद खतौली के सभा कक्ष में सचल ग्राम न्यायालय का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीठासीन अधिकारी एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट दिव्य प्रताप सिंह निमेश ने की। उन्होंने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सुलह-समझौता हेतु चिन्हित 12 वादों में से 5 वादों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस दौरान उपस्थित वादकारियों एवं अधिवक्ताओं ने न्यायालय की इस पहल की सराहना की। पीठासीन अधिकारी दिव्य प्रताप सिंह निमेश ने बताया कि सचल ग्राम न्यायालय के माध्यम से न्याय व्यवस्था को जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे वादों का निस्तारण अब बिना जटिल कानूनी प्रक्रियाओं के त्वरित एवं सरल रूप से संभव होगा। यह ग्रामीण एवं जरूरतमंद वादकारियों के लिए अत्यंत लाभकारी पहल है। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन खतौली के अध्यक्ष नवीन उपाध्याय तथा महासचिव प्रदीप कुमार एडवोकेट सहित अनेक अधिवक्ता एवं वादकारी मौजूद रहे। बार पदाधिकारियों ने भी इस व्यवस्था को आमजन के हित में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

सनातन धर्म के रक्षक हैं साधु संत:राज राजेश्वराश्रम

मोरना। शुकतीर्थ स्थित प्राचीन दंडी आश्रम मे बृहमलीन स्वामी गुरु देवेशवराश्रम महाराज के चतुर्थ निर्वाण महोत्सव पर श्रीमद भागवत सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।जिसमे प्रसिद्ध साधु संत भाग ले रहे हैं। साथ ही श्रद्धालू कथा व्यास सर्वेशप्रपन्नाचार्य महाराज द्वारा जारी श्रीमद भागवत कथा का श्रवण कर रहे हैं।

शनिवार को कथा मे पधारे जगद गुरु शंकराचार्य राज राजेश्वराश्रम महाराज ने कहा की सनातन धर्म की स्थापना करोड़ो वर्ष पूर्व हुई थी।किन्ही कारणों से सनातन का विस्तार रुका है। कुछ नये धर्म विश्व मे विस्तार कर गये। हिन्दू पुनरुत्थान पर कार्य करने वालों ने भी सनातन को क्षति पहुंचाई है। सुधारवाद आंदोलन के नाम पर सनातन को नुकसान पहुँचाया गया। गांधी जी देश मे राम राज्य की स्थापना चाहते थे। किन्तु अनुयायीयों ने दामराज्य बना दिया। आज सनातन दयनीय अवस्था मे है। पहले तो सनातन भी नहीं बोलते थे।हिन्दू कहते थे। आज सनातन तो बोलने लगे हैं। सनातन को बचाने का काम गेरुआ वस्त्र धारियों का है। हमारे ऋषियों मुनियो ने अखंड तपस्या कर, त्याग कर सनातन की रक्षा की। सनातन नहीं रहेगा तो भागवत कहां सुनोगे, अनुष्ठान कहां करोगे हमें सनातन धरोहर की रक्षा करनी है। जन्म मृत्यु कुछ नहीं बस जरा सी बात है किसी की आँख खुल गयी किसी आंख लग गयी। हमें बार बार जन्म लेना है। मृत्यु है ही नहीं। ईश्वर सर्वशक्तिमान है इसीलिए वह कणकण मे वास करता है। सर्व शक्तिमान केसे एक रूप मे समा सकता है। सनातन आस्था सत्य व दृढ है। इस अवसर पर आश्रम के महंत जनार्दन स्वरूप, संचालक मनोहरलाल शर्मा, प्रबोध आश्रम महाराज, जगदीश वशिष्ठ, गंगा दत्त, पुनीत कुमार, विनोद भूषण,विनोद शर्मा,मुख्य यज्ञ मान राज. कुमार राज व पत्नी पूनम राज आदि उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

नियमित टीकाकरण को लेकर चला अभियान

बुढाना। कस्बे के मौहल्ला बड़ी मस्जिद के सामने स्थित पूर्व सभासद राशिद अजीम के आवास पर आज शनिवार के दिन लगे एक स्वास्थ्य कैम्प में नियमित टीकाकरण एवं शहरी स्वास्थ्य पोषण दिवस के बैनर तले टीकाकरण अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान यहां पर गर्भवती महिलाओं और पात्र बच्चों का टीकाकरण भी किया गया। स्वास्थ्यकर्मियों ने महिलाओं के रक्त और टीबी की जांच भी की। इस संबंध में नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डाक्टर सोनू कश्यप ने बताया कि ये टीकाकरण काली खांसी, टीबी, हेपेटाइटिस बी और निमोनिया जैसी बीमारियों से बचाव करता है। टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वास्थ्यकर्मियों के साथ साथ आशा कार्यकर्ताओं के द्वारा भी सहयोग किया जा रहा है।

गौ माता को बेघर करने वालों पर सख्त कारवाही हो :शालू

मुजफ्फरनगर। साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रांतिकारी शालू सैनी ने दक्षिणी कृष्णापुरी से लावारिस अवस्था में घूम रही चोटिल व बीमार गौमाताओं को नगर पालिका में सूचना कर कूकड़ा मंडी ट्रीटमेंट सेंटर भिजवाया और लावारिस व बेसहारा शवों के अंतिम संस्कार के साथ साथ गोमाता के अंतिम संस्कार की सेवा भी करती है साथ साथ गौमाताओं की सेवा से लेकर बेसहारा वृद्धों की सेवा में भी अपना पूरा योगदान देती है जब तक गोमाता दूध देती है तो लोग उसका इस्तेमाल करते है दूध की नहीं तो वो उनके किसी काम की नहीं ऐसे लोगों पर कारवाही होनी चाहिए ।

संपूर्ण समाधान दिवस मे आई 38 शिकायतें

बुढ़ाना। सीडीओ कमल किशोर देशभूषण कंडारकर ने आज शनिवार के दिन बुढ़ाना तहसील परिसर में स्थित बार एसोसिएशन बुढ़ाना के सभागार में पहुंचकर सम्पूर्ण समाधान दिवस में बुढ़ाना तहसील क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुनकर उनमें से कुल 04 शिकायतों का हाथों हाथ निस्तारण किया। शिकायत 38 आई थी। बाकी 34 शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। मिली जानकारी के अनुसार आज संपूर्ण समाधान दिवस में 38 घंशिकायत आई। संपूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ कमल किशोर कंडारकर व एसडीएम अपूर्वा यादव ने ग्रामीणों की च्समस्याएं सुनी। कुल 38 घंशिकायत आई। 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हूआ। संपूर्ण समाधान दिवस बुढ़ाना में मुख्य विकास अघधिकारी कमल किशोर कंडारकर व उप जिलाघधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याएंसुनी। तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव ने बताया कि सभी विभाग की कुल 38 घंशिकायत आई। 4 शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने सब शिकायत संबंघधित विभाग के अधिकारियों को देकर समयावधि में निस्तारण के निर्देश दिए। महिला संबंघधित घंशिकायत को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। यहां सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह, फुगाना रूपाली राव चौधरी और नायब तहसीलदार अमन सिंह समेत अन्य विभाग के अघधिकारी मौजूद थे।

टोंटी चोर हुआ गिरफ्तार, नगरवासियो ने ली राहत की सांस

चरथावल। नगर मे लगातार हो रही टोंटी की चोरियो से जहाँ नगरवासी परेशान आ चुके थे और नगर मे अनेको घरो की टोंटिया चोरी हो चुकी थीस जिससे नगरवासी आजीज आ चुके थे टोंटियों की चोरी होने से जहाँ बड़े पैमाने पर जल की बर्बादी हो रही थीस जल निगम के द्वारा टोंटी चोरी का अज्ञात मे मुकदमा दर्ज कराया था जिसके बाद पुलिस टोंटी चोर की तलाश शुरू कर दी गयी थी जिसके बाद पुलिस द्वारा मुखबिर की सुचना पर अनुराग पुत्र मिलन निवासी चरथावल को नहर पुलिया से महाबलीपुर को जाने वाले रास्ते से चोरी की गयी चौबीस टोंटियों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया पकड़े गए अनुराग से चोरी की गयी टोंटी भी बरामद की गयी हे हर घर पानी कनेक्शन हर घर टोंटी योजना के तहत नगर मे बड़े पैमाने पर टोंटी लगाई गयी हे जिसके बाद अनेको घरो की टोंटिया टोंटी चोर द्वारा चोरी कर ली गयी थी

श्मशान घाट के गेट पर की बोर्ड लगाने की मांग

बुढाना। कस्बे के श्मशान घाट के मुख्य गेट पर साइन बोर्ड लगाए जाने की पुरजोर मांग बुढ़ाना कस्बे के कुछेक व्यापारियों के द्वारा की गयी है। मिली जानक. ारी के अनुसार अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ईकाई बुढ़ाना रजिस्टर्ड के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल ने आज शनिवार के दिन एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि बुढ़ाना कस्बे के शमशान घाट के मेन गेट पर साइन बोर्ड नहीं है। अगर साइन बोर्ड लगा दिया जाए जाए तो अच्छी बात होगी। शमशानघ घाट के मेन गेट पर साइन बोर्ड लगवाने की मांग करने वालों में व्यापार मंडल के संरक्षक सुरेन्द्र सिंघल और कोषाध्यक्ष आयुष गर्ग सहित अन्य कई और व्यापारी हैं।

उज्जवल को न्याय दिलाने को निकाला केंडिल मार्च

बुढ़ाना। मृतक छात्र उज्ज्वल राणा के परिवार को न्याय दिलाने की मांग को लेकर बीती शुक्रवार की देर रात छात्रों व परिजनों ने संयुक्त रूप से कैंडल मार्च निकाला। ये मार्च बुढाना कस्बे के दयानंद चौक से शुरु किया गया जो कि कस्बे के मुख्य मार्गों को निकलते हुए बुढ़ाना कस्बा पुलिस चौकी पर जाकर समाप्त किया गया। इस दौरान सैंकड़ों लोगों ने अपने हाथों में मोमबत्तियां लेकर उनको जलाकर शांतिपूर्ण तरीके से कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान सभी लोगों ने दो मिनट का मौन धारण करते हुए छात्र उज्ज्वल राणा को श्रद्धांजलि दी और उसको याद किया। कैंडल मार्च में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मोनू मलिक और भाजपा नेता अंकुश राठी ने संयुक्त रूप से कहा कि जब तक छात्र उज्ज्वल राणा को न्याय नहीं मिलेगा तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी। इसलिए पुलिस प्रशासन सभी नामजद आरोपियों को जेल भेजने का काम तुरंत करे। यहां पुनीत पंवार, मोनू कुरथल, शिवम निमेष, वसीम राणा, वेनीत शर्मा, सुमित सिंह, गौरव धीमान, शुभम शर्मा, अक्की त्यागी, गोलू त्यागी, सागर गुर्जर, आकाश गुर्जर, सचिन गुर्जर, कपिल ठाकुर, आकाश कुमार, पीयूष कुमार, राष्ट्रीय लोक. दल के बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष रवित राठी शाहडब्बर और एडवोकेट सोनू जाटव आदि नागरिकों की उपस्थिति रही।

एसएफडीएवी पब्लिक स्कूल में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया

मुजफ्फरनगर। एस.एफ. डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल मुजफ्फरनगर में बाल दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल परिसर बच्चों की हंसी-खुशी और उत्साह से गूंज उठा। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्कूल की प्रधानाचार्या पूनम पंवार ने पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया।कार्यक्रम का सफल संचालन खेल विभाग की शिक्षिका मीनाक्षी और शिक्षक धर्मवीर द्वारा किया गया। साथ ही अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं रीमा, वनीता, विपिन, मिनल और लक्ष्मी ने भी पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ सहयोग दिया। बच्चों में बाल दिवस के अवसर पर नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और टीम भावना देखने को मिली। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या ने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

लेखपालों ने कामकाज बंद करके दिया धरना

बुढ़ाना। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के बैनर तले बुढ़ाना तहसील क्षेत्र के समस्त लेखपालों ने शनिवार को बुढ़ाना तहसील परिसर में कामकाज बंद कर एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को 7 पृष्ठों का एक ज्ञापन भिजवाया। जिसमें कहा गया कि गत 9 वर्ष से लेखपाल पद की शैक्षणिक योग्यता व पदनाम परिवर्तन करने प्रारम्भिक वेतनमान उच्चीकरण, एसीपी विसंगति, मृतक आश्रित लेखपालों की पुरानी पेंशन विसंगति, राजस्व निरीक्षक व नायब तहसीलदार के अतिरिक्त पद सृजन, स्टेशनरी भत्ता सौ रुपये से बढ़ाकर एक हजार रुपये करने, नियत यात्रा भत्ता की जगह वाहन भत्ता, बाइक भत्ता अनुमन्य करने विशेष वेतन भत्ता सौ रुपये से बढ़ाकर 25 सौ रुपये प्रति माह करने आदि मूल मांगे सैकड़ों पत्राचार व परिषद व शासन स्तर पर विभागीय सहमति के बावजूद यथावत

बनी हुई है। 3 हजार लेखपाल अपने परिवार से 5 सौ रुपये से 1 हजार किलोमीटर दूर तनाव व भय के मध्य नौकरी कर रहे हैं। अन्तर्मण्डलीय स्थानान्तरण हेतु निर्गत शासनादेश 23 अगस्त 2018 के अनुसार अन्तर्मण्डलीय स्थानान्तरण हेतु आनलाईन आवेदन परिषद ने मंगा लिए किन्तु स्थानान्तरण सूची आज तक जारी नहीं की गयी जबकि अन्य विभागों के हजारों कर्मचारियों के तबा. दले हो चुके हैं। उनके द्वारा इस वर्ष बीते 2 जुलाई व 3 सितम्बर में दिये गये निर्देश के बाद भी राजस्व निरीक्षक पदों पर पदोन्नति के लिए चयन वर्ष 2025-26 की डीपीसी अभी तक नही हो सकी। धरने पर संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश, सचिव बिजेन्द्र कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय गोस्वामी, संयुक्त सचिव विकास धनगर, संगठन मंत्री सौरभ अहलावत, लेखा परीक्षक प्रशांत राज, कोषाध्यक्ष कुमारी रविता व कनिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष कुमार आदि लेखपाल रहे।

सरेआम युवक को मारपीट कर किया घायल

मोरना। भोकरहेड़ी मे बस स्टेण्ड पर तीन युवकों ने सरेआम एक युवक को मारपीट कर घायल कर दिया।घटना के दौरान मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गयी। पीडित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाइ है। भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेडी के मोहल्ला कलालान निवासी अनुज ने तहरीर देकर बताया कि शनिवार की दोपहर एक युवक ने उसे टाइल-पत्थर का काम कराने के बहाने फोन कॉल कर बस स्टैण्ड पर बुलाया।आरोप है की बस स्टेण्ड पर पहुँचते ही घात लगाये बैठे आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया और लोहे के पंच व कड़े से वार घायल कर दिया। शोर-शराबा होने पर ग्रामीणों की भीड़ इकठा हो गयी। अनुज ने किसी तरह वहां से भागकर अपनी जान बचाई पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरो. पियों की पहचान में जुटी है

किसान समस्याओं को लेकर एडीएम को सौंपा ज्ञापन

मुजफ्फरनगर। भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के युवा प्रदेश अध्यक्ष अंकित गुर्जर के नेतृत्व में, संगठन के कई पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आज अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) से मुलाकात की और किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने के दौरान, अंकित गुर्जर और अन्य किसान प्रतिनिधियों ने किसानों को आ रही चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की और संबंधित प्रशासनिक अधिक. ारी से इन मुद्दों के तत्काल समाधान की मांग की। ज्ञापन में मुख्य रूप से निम्नलिखित समस्याओं को उठाया गया। बकाया गन्ना भुगतान, आवारा पशुओं से फसल क्षतिपूर्ति, खाद-बीज की कमी, बिजली की समस्या , उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जो गन्ने पर घ्30 बढ़ाए गए हैं वह अभी

मिल की पर्चियां पर बढ़कर नहीं आ रहे हैं , और घकिसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर न मिलना युवा प्रदेश अध्यक्ष अंकित गुर्जर ने इस दौरान कहा कि अगर किसानों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया तो भाकियु तोमर सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। प्रशासनिक प्रतिक्रिया। एडीएम फाईनेन्स ने किसान प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि ज्ञापन में उठाई गई सभी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों को जल्द से जल्द किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु निर्देशित करने की बात कही। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्रवण त्यागी, पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष रिहान चौधरी, मंडल प्रवक्ता चंदन त्यागी, मोनू धीमान, सद्दाम आदि मौजूद रहे।

एसडी मैनेजमेंट में फ्रेशर पार्टी का रंगारंग आयोजन

मुजफ्फरनगर। एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट स्टडीज में नवआगन्तुक एमबीए / एमसीए विभाग के छात्र / छात्राओं के लिये फेशर पार्टी आरम्भ -2025 कार्यक्रम का आयोजन किया।

एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट स्टडीज में एमबीए विभाग के सभागार में नवआगन्तुक एमबीए व एमसीए के छात्र / छात्राओं के लिये फेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए कॉलेज प्राचार्य डा. आलोक कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में आपसी सौहार्द, आत्मविश्वास एवं रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने बताया कि फेशर पार्टी न केवल मनोरंजन का माध्यम होती है बल्कि यह नए विद्यार्थियों के लिए अपने महाविद्यालय से परिचय का एक महत्त्वपूर्ण अवसर भी होती है। इसी के साथ उन्होने कहा कि हमे यह सूचित करने मे बहुत खुशी हो रही है कि हम शुरूआत से ही गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान कर रहे है। उन्नत शैक्षिणक व्यवस्था के साथ हम छात्र / छात्राओं का आगे भी विकास करने के लिये सदैव तत्पर रहेगें । कार्यक्रम का संयोजन प्रवक्ता पारूल कुमार व तुषार भारद्वाज के द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम की एकरिंग वासुदेव शर्मा व हिमांशी बंसल द्वारा उत्साहपूर्ण और मनोरंजक अंदाज में किया गया, जिससे पूरे समारोह में आनंद और उल्लास का वातावरण बना रहा। डांस, सिंगिंग, शायरी व ड्रामा जैसी कई

प्रस्तुतियाँ दीं गयी। कार्यक्रम को मनमो. हक बनाने के लिए एमबीए व एमसीए से भावना, अंशिका, अमन, जिया शर्मा, अक्षिता, दिव्या, जानसी, रवीना, स्नेहा, रेनु व तान्या आदि ने डॉस की सुन्दर प्रस्तुती दी। जिससे सभी श्रोतागण मंत्र मुग्ध हो गये । इस कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में बबली तोमर, महिमा मंगल, अनम जैद व अन्नु त्यागी शामिल रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों से रोचक और रचनात्मक प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर विद्यार्थियों ने बड़े आत्मविश्वास और बुद्धिमत्ता के साथ दिया। उनके प्रश्नों ने विद्यार्थियों की सोचने की क्षमता, त्वरित उत्तर देने की दक्षता और कलात्मक, दृष्टिकोण की परख की । अंत में डा. विभूति अग्रवाल ने सभी छात्र / छात्राओं की सराहना करते हुये उनका उत्साह बढ़ाया। निर्णायक मंडल द्वारा विभिन्न राउंड्स जैसे कैट वॉक राउंड, इंट्रोडक्शन राउंड, क्वेश्चन आंसर राउंड एवं टैलेंट राउंड के आधार पर विजेताओं की घोषणा की गई।

सभी प्रतिभागियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से निर्णायकों का दिल जीत लिया। परिणामस्वरूप एमबीए विभाग से मिस पेशर का खिताब ओमाश्री त्यागी व मि. पेशर का खिताब आर्यन राठी को प्रदान किया गया, वहीं अपनी आकर्षक मुस्कान और आत्मविश्वास से सबका मन मोहने वाले मिस चार्मिंग हिमांशी बंसल एवं मि. चार्मिंग लविश पंडित चुने गये । इसी क्रम में एमसीए विभाग से मिस पेशर परिधि धीमान व मि. पेशर ललित कुमार चुने गये। उत्कृष्ट प्रतिभा और ऊर्जा से भरपूर प्रस्तुति देने के लिए मि. चार्मिंग हर्ष पाल को दिया गया। विजेताओं को निर्णायकों द्वारा उपयुक्त उपहार देकर सम्मानित किया गया।

राष्ट्रपति से मिलकर खुश हुए राणा पब्लिक स्कूल के बच्चें

मुजफ्फरनगर। राणा पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं के एक ग्रुप ने प्रधानाचार्या योगिता रस्तोगी एवं उप प्रधानाचार्य अब्दुल समद की अध्यक्षता में ,14 नवंबर चिल्ड्रन डे के उपलक्ष में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी से शिष्टाचार भेंट की। इस इस ग्रुप का संचालन अंकित चौधरी ए.एस.ओ.सी. हिंदुस्तान स्काउट गाइड ने किया इस अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति ने सभी छात्र-छात्राओं को उपहार भेंट किए एवं चिल्ड्रन डे की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राणा पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष नूर सलीम राणा ने सभी बच्चों का उत्साह वर्धन किया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। इस इवेंट में मुख्य रूप से छात्र एवं छात्राएं काशिफ अली, हमजा राणा, कु शगूफा , कु जोया चौधरी ने प्रतिभाग किया

बाल दिवस पर हुई भाषण प्रतियोगिता

मुजफ्फरनगर। जनता इंटर कॉलेज हरसौली में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की स्मृति में **बाल दिवस** कार्यक्रम हुआ। जिसमें कक्षा 8 की छात्रा रहनुमा ने बाल दिवस पर भाषण दिया और बताया कि नेहरू जी बच्चों से बहुत प्यार करते थे वह बच्चों की शिक्षा अधिकार और विकास के लिए कार्य करते थे। कक्षा 12 की छात्र अलबीरा ने अपने भाषण में कहा कि बच्चे नेहरू जी को चाचा नेहरू से सम्बोधित करते थे। नेहरू कहते थे कि बच्चे देश का भविष्य व अनमोल धन है। वह हर बच्चे को प्यार, देखभाल व शिक्षा मिलनी चाहिए।

इस अवसर पर सभी बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य पवन कुमार ने बच्चों को बाल दिवस पर शुभकामनाये दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

डीएम-एसएसपी ने सुनी जन समस्याएं, 41 में से 5 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

खतौली। तहसील परिसर में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय सिंह वर्मा ने आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना। विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 41 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 5 शिकायतों का अधिकारियों ने मौके पर ही निस्तारण करा दिया। समाधान दिवस में पहुँचे ग्रामीणों और नगरवासियों ने राजस्व, स्वास्थ्य, पुलिस एवं पालिका सहित कई विभागों से जुड़ी अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। जिलाधिकारी ने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष प्रकरणों का भी तय समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जन शिकायतों में लापरवाही असहनीय होगी और जिम्मेदारी तय की जाएगी। कार्यक्रम में सीएमओ डॉ. राहुल तेवतिया, एसडीएम निकिता शर्मा, तहसीलदार अरविंद कुमार, सीएससी प्रभारी डॉ. अवनीश सिंह, कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद बघेल तथा नगर पालिका के एसआई नेपाल सिंह सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जनता की समस्याओं के समाधान के लिए शासन स्तर से चलाए जा रहे इस अभियान में आमजन की सहभागिता उत्साहजनक रही। कई मामलों में मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई।

खोया पाया

मेरी इंटरमिडिएट परीक्षा 2019 का अंक पत्र जिसका अनुक्रमांक 0430800 है वास्तव मे कहीं गुम हो गया है

मानवी पुत्री देवेन्द्र भोकरहेड़ी, मुज़फ्फरनगर

सम्बन्ध विच्छेद

मैं परवेश कुमार पुत्र धर्मवीर निवासी ग्राम बिटावदा तहसील व जिला मुज़फ्फरनगर यूपी का निवासी हूं। मेरा पुत्र हिमांशु काफी समय से मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों के प्रति अनुचित, अमर्यादित व गलत व्यवहार कर रहा है। उसके व्यवहार के चलते पारिवारिक माहौल बिगड़ रहा है। मेरे जीवन व संपत्ति की सुरक्षा पर भी गलत प्रभाव पड़ रहा है। इसलिए इन बातों को देखते हुए मैं अपने पुत्र हिमांशु को अपने संपूर्ण जीवन व चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में मेरी किसी भी प्रकार की चल या अचल संपत्ति पर हिमांशु का कोई भी दावा, अधिकार, स्वामित्व, उत्तराधिकार या अन्य कानूनी अधिकार स्वीकार नहीं किया जाएगा। भविष्य में किसी भी गलत कृत्य का हिमांशु खुद जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की किसी भी तरह की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र आस मौहम्मद मेरे कहने सुनने से बाहर है जिसका उठना बैठना गलत संगत के प्रवृत्ति के लोगों के साथ है इसकी गलत हरकतो को देखते हुए मैने अपने पुत्र आस मौहम्मद से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद करते हुए आस मौहम्मद को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद मेरा कोई मतलब वास्ता इससे नही होगा। मेरा पुत्र अपने किसी भी प्रकार के लेन-देन, लडाई झगडे एवं अपराधिक कृत्य के प्रति स्वयं जिम्मेदार होगा।

मौ० जब्बार पुत्र महमूद निवासी ग्राम गालिबपुरा, थाना खतौली, तहसील खतौली जिला-मुजफ्फरनगर (उ०प्र०)

सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरे बडे पुत्र फैसल की शादी कौसर के परिजनों ने जबरदस्ती कौसर पुत्री खालिद निवासी नियाजपुरा से मेरे व मेरे परिवार की मर्जी के विरूद्ध करा दी है। मेरा व मेरे परिवार से 3 माह से फैसल व उसकी पत्नी कौसर से कोई सम्बन्ध नही है। मैने व मेरे परिवार ने फैसल व कौसर से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का फैसल व कौसर से कोई मतलब वास्ता किसी प्रकार का नही रहेगा। उनके किसी भी कृत्य व लेन देन के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा। फैसल व कौसर स्वयं जिम्मेदार होगे।

सन्नो पत्नी स्व० गियासूदीन निवासी मौहल्ला नियाजुपुरा थाना कोतवाली जिला-मुजफ्फरनगर

सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र रवि मेरे कहने सुनने से बाहर है। बात-बात पर लडाई झगडा करता है। समझाने पर भी नही समझता है। गाली-गलौच करता है। जिससे दुखी व परेशान होकर दिनांक 05.11.2025 से मै अपने पुत्र रवि से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद करते हुए रवि को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। मेरा रवि से कोई ताल्लुक वास्ता किसी प्रकार का नही होगा। मेरा पुत्र रवि अपने किसी भी प्रकार के लेन-देन, लडाई झगडे एवं अपराधिक कृत्य के प्रति स्वयं जिम्मेदार होगा।

सोमी पत्नी स्व०सतीश निवासी मोरना थाना भोपा जिला-मुजफ्फरनगर (उ०प्र०)

सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र वासिफ मेरे कहने सुनने से बाहर है जिनका उठना बैठना गलत संगत के प्रवृत्ति के लोगों के साथ है इसकी गलत हरकतो को देखते हुए मैने अपने पुत्र वासिफ व उसकी पत्नी नगमा से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद करते हुए वासिफ व नगमा को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद मेरा कोई मतलब वास्ता वासिफ व नगमा से नही होगा। वासिफ व नगमा के किसी भी कृत्य, लेन-देन, लडाई झगडे, वाद-विवाद आदि के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा। वासिफ व नगमा स्वयं जिम्मेदार होंगे।

इनाम पुत्र महमूद निवासी म.न. 150, शहीद चौक, कस्सावान, खालापार थाना खालापार जिला-मुजफ्फरनगर

समन वास्ते करार वाद उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) विज्ञापन द्वारा न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश/कुटुम्ब न्यायालय प्रथम मुजफ्फरनगर वैवाहिक पैटीशन नं0 -232 सन् 2025 अंकित पुत्र ब्रजमोहन उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम खेडीतगान, तहसील खतौली, जिला मुजफ्फरनगर, आ0नं0-2957 0884 4876, मो0नं0-9990427214 .....**पैटीशनर। बनाम** श्रीमति शिवानी राखी पत्नि अंकित पुत्री गजेन्द्र निवासी हाल ग्राम मडकरीमपुर, थाना व तहसील खतौली,

गन्ना भुगतान को लेकर किसानों में आक्रोश

शाहटाइम्स सवांददाता

खतौली। त्रिवेणी शुगर मिल और गन्ना समिति खतौली में गन्ना मूल्य भुगतान को लेकर किसानों में शनिवार को भारी नाराज़गी देखी गई। किसानों का आरोप है कि सरकार द्वारा घोषित 400 रुपये प्रति क्विंटल की जगह मिल प्रशासन ने ई-गन्ना पोर्टल पर 370 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान दर्शाकर करोड़ों रुपये का नुकसान पहुँचाने की साज़िश की है। इससे क्षेत्र के किसानों में हड़कंप मच गया।

किसानों का हक़ मारने की को. शिश कृ अंकुश प्रधान

भारतीय किसान यूनियन के नेता अंकुश प्रधान ने कहा कि गन्ना मूल्य 400 रुपये घोषित होने के बाद किसान थोड़ी राहत में थे, लेकिन गन्ना समिति ने पुराने रेट लागू कर किसानों को भ्रमित करने और धोखा देने की कोशिश की है।उन्होंने आरोप लगाया कि जब समिति अधिकारियों से बात की गई तो उन्होंने यह कहते हुए जिम्मेदारी से बचने की कोशिश की कि सरकार का नया जीओ अभी प्राप्त नहीं हुआ है, इसलिए पुराना रेट डाला गया है।अंकुश प्रधान का कहना था कि अगर जीओ उपलब्ध नहीं था तो भुगतान पर्चियों में रेट '00' दिखाया जाना चाहिए था। पुराना रेट लागू कर किसानों के हक पर डाका डाला जा रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर किसानों से एकजुट होने की अपील की और कहा कि गन्ना मूल्य में गड़बड़ी दूर न हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

मिल प्रशासन का पक्ष कृ नए रेट से होगा भुगतान

इस मामले में डीजीएम कैन राजेन्द्र कुमार तोमर ने कहा कि शुक्रवार को सरकार का जीओ प्राप्त हो गया है तथा 400 रुपये प्रति क्विंटल की दर से ही किसानों को भुगतान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले पर्चियों में जो 370 रुपये रेट अंकित हुआ था, वह केवल अस्थायी था। उस रेट पर भुगतान नहीं होगा 400 के रेट से ही भुगतान किया जाएगा। 14 तारीख तक रेट अपडेट न होने के कारण दिक्कत रही, लेकिन मंगलवार से सभी पर्चियाँ नए रेट पर जारी कर दी जाएँगी। हालाँकि मिल प्रशासन की सफाई के बावजूद किसानों में नाराज़गी बनी हुई है। किसान नेताओं का कहना है कि जब तक सही रेट के मुताबिक भुगतान किसानों के खाते में नहीं पहुँच जाता, तब तक विरोध जारी रहेगा।

तहसील खतौली में लेखपालों का धरना

खतौली। तहसील खतौली परिसर में शनिवार को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के आह्वान पर लेखपालों ने आठ सूत्रीय मांगों को लेकर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री एवं शासन को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपते हुए लंबित मांगों के शीघ्र समाधान की मांग की। धरने में मौजूद लेखपालों का कहना था कि विगत नौ वर्षों से तकनीकी संवर्ग गठन, प्रारंभिक वेतनमान उच्चीकरण, पदोन्नति, एसीपी तथा पेंशन विसंगति दूर करने के साथ ही भत्तों में वृद्धि, पदनाम परिवर्तन और अंतर्मण्डलीय स्थानान्तरण जैसी महत्वपूर्ण मांगें शासन स्तर पर पूरी तरह उपेक्षित हैं। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि करीब 3000 लेखपाल परिवार से दूर रहकर भय और तनाव के बीच कार्य करने को विवश हैं, बावजूद इसके सरकार उनकी समस्याओं पर गंभीर नहीं है। कर्मचारियों पर अनावश्यक दबाव बनाना एवं मांगों के निस्तारण में देरी करना सरकार की संवेदनहीनता दर्शाता है। धरना स्थल पर संघ के अध्यक्ष विजय कुमार, अनिरुद्ध, सोनित तोमर, अजेंद्र, रवि सैनी, विपिन मोतला, शालिनी, अश्वनी, सुधीश, मोहित, आशीष, कमल किशोर, सोनी गौतम, शालिनी शर्मा सहित दर्जनों पदाधिकारी व लेखपाल मौजूद रहे। लेखपाल संघ ने आठ प्रमुख मांगों प्रारंभिक वेतनमान में सुधार, अतिरिक्त पदों का सृजन, एसीपी विसंगति दूर, भत्तों में वृद्धि, पदनाम परिवर्तन, अंतर्मण्डलीय स्थानान्तरण, पुरानी पेंशन लागू, तकनीकी संवर्ग गठन किये जाने पर ठोस निर्णय नहीं होता, आंदोलन चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगा। लेखपाल संगठन ने एसडीएम को ज्ञापन दिया। संघ ने सरकार से इन मांगों पर सहानुभूतिपूर्ण व सकारात्मक निर्णय लेने की अपील करते हुय उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी।

बिहार की जीत का जश्न भाजपाईयों ने शाहपुर में मनाया

शाहपुर। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत के बाद क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया। फायरब्रांड नेता एवं पूर्व विधायक उमेश मलिक एवं पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर जमकर थिरकते हुए विजय जुलूस निकाला। भाजपाई जुलूस मुख्य मार्गों से होते हुए कस्बे के मध्य चौराहे पर पहुंचा। जहां कार्यकर्ताओं ने जोरदार आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया। माहौल भाजपा के जयघोष और ढोल की थाप से लगातार गूंजता रहा। जश्न के दौरान पूर्व विधायक उमेश मलिक ने कहा कि हक्रेंद्र की मोदी सरकार और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के सुशासन को देखकर बिहार की जनता ने भरोसा जताया है। जनता ने वहां की सत्ता परिवर्तन कर एनडीए को भारी बहुमत से विजयी बनाया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल सिंघल ने की। जबकि संचालन ग्राम चांदपुर प्रधान कुलदीप त्यागी ने किया। कार्यक्रम में सभी मंडल अध्यक्ष, विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी और वरिष्ठ भाजपा नेता श्यामपाल सिंघल, पूर्व चेयरमैन राजेश सिंघल, समाजसेवी हरिओम पुंडीर, भाजपा नेता कपिल सैनी, युवा समा. जसेवी हर्षित जैन, अमित शर्मा, ग्राम पलड़ी प्रधान मोनू सैनी, अतुल त्यागी, ग्राम चांदपुर प्रधान कुलदीप त्यागी, राजेश सैनी, भाजपा नेता मोनू ठाकुर कुरथल, कार्तिक सैनी, सुमित सैनी आदि बड़ी संख्या में भाजपाई मौजूद रहे।

बाल दिवस पर जीडी गोयनका में हुई रोचक खेल प्रतियोगिता

शाह टाइम्स संवाददाजा

मुजफ्फरनगर। जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल में 'बाल दिवस अत्यंत हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों के लिए विशेष प्रार्थना सभा एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में मैजिक शो, गीत, नृत्य, नाटक तथा विभिन्न रोचक खेलों को सम्मिलित किया गया, जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों का मनो. रंजन एवं प्रतिभा-विकास था।

कार्यक्रम के आरंभ में विद्यालय की प्रधानाचार्या, श्रीमती डॉ. स्वाति शर्मा ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरांत उन्होंने अपनी मधुर वाणी में एक प्रेरणादायी गीत

प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने संबोधन में कहा कि बच्चे राष्ट्र का भविष्य हैं तथा उनका सर्वांगीण विकास समाज की प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है।

शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत सभी सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने विद्यार्थियों का भरपूर मनोरंजन किया और वातावरण को उल्लास से भर दिया। इसके पश्चात प्रत्येक कक्षा में विद्यार्थियों द्वारा केक काटा गया तथा उन्हें अल्पाहार वितरित किया गया। विद्यार्थियों ने पूरे कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता की और आनंद से अभिभूत दिखाई दिए।

विद्यालय के प्रबंध ने भी समस्त विद्यार्थियों को बाल दिवस की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन, विचार एवं कार्यों से प्रेरणा लेकर उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु कृतसंकल्प रहने का संदेश दिया।

कार्यक्रम का समापन विद्यालय की उप-प्रधानाचार्या, अंजली आनंद, द्वारा प्रस्तुत प्रेरणादायी गीत के साथ हुआ। इस सफल आयोजन में विद्यालय परिवार एवं प्रबंधन समिति का पूर्ण सहयोग रहा।

श्री कुन्दकुन्द जैन पीजी कॉलेज में शिक्षक,पुरातन छात्र एवं मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह संपन्न

खतौली। श्री कुन्दकुन्द जैन (पी. जी.) कॉलेज में शनिवार को वार्षिक उत्सव के अवसर पर शिक्षक/पुरातन छात्र एवं मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का भव्य आयोजन हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में माँ शाकम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर की कुलपति प्रो. विमला वाई उपस्थित रहीं। वहीं समारोह गौरव के रूप में मयंक जैन, पूर्व न्यायाधीश, उच्च न्यायालय इलाहाबाद तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता तेग बहादुर सिंह, एस.डी. ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के अध्यक्ष निरंकार स्वरूप, कुलसचिव कमल कृष्ण सहित प्रबंध समिति के पदाधिकारी एवं गणमान्य मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत जैन अरिहंतों को नमन करते हुए णमोकार मंत्र के उच्चारण और माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर हुई। अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र, चंदन तिलक एवं पुष्पगुच्छ के साथ किया गया। वार्षिक पत्रिका का विमोचन कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मेरे देश की धरती, भारत दर्शन तथा एनसीसी कैडेट्स का देशभक्ति गीत को सभी ने खूब सराहा। चित्रकला विभाग की छात्राओं ने प्रो. नीतू वशिष्ठ सहित शिक्षक मंडल के निर्देशन में संस्थापन कला का सुंदर प्रदर्शन कर वाहवाही लूटी। कुलपति प्रो. विमला वाई. जी. ने सत्र 2023-24 एवं 2024-25 में वरीयता सूची में प्रथम स्थान प्राप्त 25 मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक व प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। पुरातन छात्र नरेश पालिवाल, डॉ. विकास जैन, मुकेश कुमार जैन, उमंग जैन आदि तथा पूर्व प्राध्यापक प्रो. एस. सी. अरोरा, प्रो. एस.के. माथुर, शिक्षणेत्तर कर्मचारी राय सिंह, राम अवतार आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्या प्रो. नीतू वशिष्ठ ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। संचालन कार्यक्रम संयोजक डॉ. अरविन्द कुमार ने किया। समारोह में सभी शिक्षक शिक्षिकाएं, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

सर्वखाप पंचायत के लिए चौधरी योगराज सिंह ने शुरू कराया भण्डारा

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। आगामी 16,17,18 नवम्बर मे सामाजिक कुरुतियों को लेकर आयोजित होने वाली रुसर्वसमाज- सर्वखाप-पंचायत-सोरम के सम्बन्ध मे आयोजित पंचायत मे रुअलावलपुर-माजरा एवं रुकरवाडा गांव का तीनो दिन लगातार चलने वाले ढाबे / भंडारे का चौधरी योगराज सिंह पूर्व मन्त्री एवं ग्रामवासियों के सौजन्य से भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बालियान खाप के चौधरी नरेश टिकैत एवं गोरमेन्ट यू.पी. के केबिनेट मंत्री अनिल कुमार आर.एल. डी ने उद्घाटन किया ।

सर्व खाप मन्त्री सुभाष बालियान, रालोद मंडल अध्यक्ष प्रभारी तोमर ,

युवा अध्यक्ष निशांत बालियान, मागेराम अध्यक्ष, महीपाल सिंह, सजीव प्रधान,संजय शर्मा , सुधीर प्रधान , मनीष प्रधान, विकास बालियान, यशपाल प्रधान,एवं क्षेत्र के बडी संख्या प्रधानगण ,जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य व्यक्ति रहे शामिल। आगंतुक सभी सर्व समाज के लोगों के लिए भोजन एवं रहन सहन कि तीनो दिन व्यवस्था रहेंगी।

होने के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

धार्मिक अनुष्ठान पंडित मनोज वाजपेयी, पंडित नीरज शर्मा और पंडित लक्ष्मी प्रसाद द्वारा विधिवत सम्पन्न कराए गए। इस पावन अवसर पर नीरज वर्मा, रश्मि वर्मा, मणिकांत वर्मा, मयंक वर्मा, जयश्री, विजेश चंद्र माहेश्वरी, उदित माहेश्वरी, नरेश रस्तोगी, प्रवीण अग्रवाल, नरेश माहेश्वरी , तेजपाल वर्मा, विकास शर्मा , रविन्द्र माहेश्व. री, प्रदुमन शर्मा , रामअवतार शर्मा, वासुदेव शर्मा , मूलचंद शर्मा , अनुज शर्मा और हिमांशु वर्मा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

भगवान श्री कृष्ण जी ने गोवर्धन पर्वत उठाकर तोड़ा इन्द्रदेव का घमण्ड

शाह टाइम्स संवाददाता

पुरकाजी। कस्बे में श्री मद भागवत ज्ञान सप्ताह मे श्री भागवत कथा के पांचवे दिन शुक्रवार कि रात कथा वाचक श्री रविद्राचार्य शास्त्री जी महराज द्वारा श्रोताओ को भागवत कथा का रसपान कराते हुए सात कोस तक फैले गोवर्धनपर्वत कोअपनेएक अंगुली सेउठाकरसा दिन तक गोकुल वासियो ग्वालो की वर्षा से रक्षाकर भगवान इन्द्र के घमण्ड को चूर चूर कर दिया तब इन्द्र देव ने गोकुल पहुंचकर भगवान श्री कृष्ण जी से माफी मांगी।

कस्बे एवं क्षेत्र वासियो सहित समुचे राष्ट्र की सु ख समृद्धि शाति प्रगति खुशहाली की के उद्देश्य से खाईखेडी मार्ग सत्यविहार कालोनी के सामने मलखान सैनी वेकंट हाल मे चल रही श्रीमद भागवत कथा ज्ञान सप्ताह के पांचवे दिन शुक्रवार की देर रात वृद्धावन से पधारे कथा व्यास परम पूज्य श्री रविन्द्राचार्य शास्त्री जी महाराज द्वारा श्रोताओ श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत कथा का अमृत पान कराते हुए भगवान इन्द्रदेव द्वारा गोकुल मे लगातारभारी वर्षा कर वहां के ग्वालो सखियो सहित गोकुल वासियो के जीवन से खिलवाड करने का भरपूर . प्रभास किया गया।

तब वहा के निवासियो द्वारा भगवान इन्द्रदेव से वर्षा रोकने की गुहार लगाई गयी लेकिन इन्द्रदेव द्वारा यहा के लोगो की गुहार न सुनने पर तब भगवान श्री कृष्ण जी द्वारा सात कोस मे फैले गोवर्धन पर्वत को केवल अपनी सबसे छोटी अंगुली पर सात दिन तक उठाकर गोकुल वासियो की रक्षा की तथा भगवान इन्द्रदेव के घमण्ड को तोडा ।भगवान श्रीकृष्ण जीने इन्द्रदेव पर दया कर उन्हे माफ कर दिया गया सात दिन तक सभी ब्रजवासियों द्वारा गोवर्धन पर्वत के नीचे गुजारे तथा वर्षा रुकने के बाद भगवान गोवर्धन पर्वत जी की पूजा तथा अंकूट का प्रसाद वितरित किया गया तभी से गोवर्धन पूजा की परम्परा चली आ रही है। इससे पूर्व महाराज जी द्वारा भगवान श्री कृष्ण जी के बाल (शीशु) रूप को देखने के लिए साधुके रूप मे भगवान शिव द्वारा साक्षात दर्शन करने गोकुल जाना तथा श्रीकृष्ण जी बाल लीलाओ और गोपियो संग रासल. ीला तथा पूतना वध की कथा का रसपान कराया गया जिसे सुन श्रोता गण मंत्रमुग्ध होकर देर रात तक कथा पंडाल मे झूमते रहे। इस दौरान कथा में अशोक सैनी पूजा सैनी . निर्मल वर्मा . नीतूवर्मा बबीता शर्मा . पडित मनोज शर्मा . आनद श्रीमान . सन्धा शर्मा . ध्यानू वर्मा . रितिक शर्मा . धीर सिह . आदि का भारी सहयोग रहा है।

गरीब वैश्य परिवारों के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे : गौरव स्वरूप

खतौली। अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन, खतौली द्वारा समाज के जनक महाराजा अग्रसेन की 5149वीं जयंती पर जीटी रोड स्थित आर्यन बैंक्विट हॉल में वैश्य प्रतिभावान एवं मेधावी छात्र-छात्रा अलंकरण समारोह तथा सकल वैश्य समाज सम्मान समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया।

समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया गया, वहीं समाज में विशिष्ट योगदान देने वाले गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानपत्र प्रदान किए गए। पूरे कार्यक्रम में सामाजिक एकता, गौरव और उत्सव का उल्लास मुखरित होता रहा। मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं उद्योगपति गौरव स्वरूप ने समाज में गरीब परिवारों के विवाह, शिक्षा शुल्क सहित अन्य समस्याओं के समाधान हेतु समिति गठन की आवश्यकता जताई। महाराजा अग्रसेन सेवा ट्रस्ट मेरठ के महामंत्री गिरीश कुमार बंसल ने जानक. ारी देते हुए बताया कि हरियाणा के अग्रोहा की तर्ज पर मेरठ में 100 करोड़ रुपये की लागत से महाराजा अग्रसेन का भव्य मंदिर, अत्याधुनिक हॉस्पिटल व बुजुर्गों के लिए आश्रम का निर्माण प्रस्तावित है।

आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को अस्पताल में उपचार सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। किसान चिंतक कमल मित्तल ने छोटे-मोटे विवादों के निस्तारण हेतु समाज की 11 सदस्यीय कमेटी गठन पर जोर दिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ वरिष्ठ पत्रकार अनिल बंसल, सहायक बेसिक शिक्षा अधिक. ारी पंकज अग्रवाल एवं नायब तहस. ीलदार अमित रस्तोगी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। मंच पर बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से तहसीलदार जानसठ श्रद्धा गुप्ता, वरिष्ठ नेता विशाल गर्ग, न्यूमेक्स सिटी के एमडी

के प्रतिनिधि अमित कुमार, संयुक्त वैश्य मोर्चा अध्यक्ष कृष्णा गोपाल मित्तल, जिलाध्यक्ष कपिल गुप्ता, शलभ गुप्ता एडवोकेट, सुनील तायल, हरीश गुप्ता, बागेश अग्रवाल, दीपक गर्ग (सौए), मुकेश अग्रवाल, भावेश गुप्ता, इंद्रप्रकाश, मनोज अग्रवाल, सुधीर गोयल, दीपक बंसल, राकेश गुप्ता, सतीश गुप्ता सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सह संयोजक पुनीत अग्रवाल, नगर अध्यक्ष अभिषेक गोयल एडवोकेट, वरिष्ठ महामंत्री अमित गोयल, कोषाध्यक्ष विवेक सिंघल, शिवम तायल, माधव गुप्ता, राहुल गुप्ता, निर्भीक अग्रवाल, शिवम मित्तल, शुभम अग्रवाल, वर्षित अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल व आर्यन गोयल सहित पदाधिकारियों की टीम द्वारा किया गया।

शिविर में 28 युवाओं ने किया पहली बार रक्तदान

शाहपुर। 28 लोगों ने किया रक्तदान, पहली बार रक्त देने वालों की संख्या भी 28 शाहपुर। कस्बे की एचडीएफसी बैंक शाखा के तत्वावधान में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। शिविर में

कुल 28 रक्तवीरों ने रक्तदान किया, खास बात यह रही कि सभी 28 दाताओं ने पहली बार रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ शाहपुर चेयरमैन हाजी अकरम कुरैशी ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है, एक यूनिट रक्त किसी ज़िंदगी को बचाने में मददगार साबित होता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अनुज अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी, भाजपा नेता नवदीप मित्तल, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. गौरव सैनी, भाजपा नेता कपिल सैनी, शाह टाइम्स पत्रकार भाग्य शर्मा, पत्रकार सचिन सिंघल, समाजसेवी तोहिद त्यागी, डॉ. लोकेंद्र बालियान, मुरसलीन राई, सुमित सैनी और मनीष सिंघल ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर शिविर को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान एचडीएफसी बैंक का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। अंत में शाखा प्रबंधक सौरभ गुप्ता ने सभी अतिथियों और रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया।

संक्षिप्त समाचार

एसडीएम ने एसआईआर के संबंध में की बैठक

बुढ़ाना। एसडीएम अपूर्वा यादव ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के संबंध में एक बैठक की। जिसमें बुढ़ाना ब्लॉक और शाहपुर ब्लॉक में चुनाव लड रहे उम्मीदवारों और गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए। इस बैठक में ग्राम प्रधान, पूर्व अध्यक्ष और सभासद सहित क्षेत्र के काफी गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। यह बैठक बीती 4 नवंबर से शुरु हुए एसआईआर के संबंध मे बुलाई गई थी। एसआईआर की तैयारियों को लेकर बीती शुक्रवार के दिन बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवारों के साथ साथ बीएलओ, सुपरवाइजर और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को भी प्रशिक्षण दिया गया। यहां पर एसआईआर कार्यक्रम के संबंध में सब बीएलओ को विस्तृत जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण में गणना पत्रकों के वितरण, संकलन और पुन: जमा करने की प्रक्रिया समझाई गई ओर साथ ही ई-बीएलओ मोबाइल ऐप पर कार्य करने की विधि का भी प्रदर्शन किया गया। अधिकारियों ने सभी बीएलओ को निर्देश दिए कि वे निर्वाचन कार्य को पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ करें।

अशोक विहार के लोगों ने डीएम को सौंपा शिकायती पत्र

खतौली। नगर पालिका परिषद क्षेत्र में शामिल किए जाने के बाद भी मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रहे अशोक विहार कॉलोनीवासियों ने शनिवार को तहसील दिवस में जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा को शिकायती पत्र सौंपा। कॉलोनीवासियों ने चेतावनी दी कि समस्याओं का समाधान न होने पर वे पालिका कार्यालय पर धरना प्रदर्शन को मजबूर होने की चेतावनी दी।स्थानीय निवासियों सुधीश पुंडीर, चंद्रकांत सिंघल और सतेंद्र ने बताया कि करीब तीन वर्ष से कॉलोनी में कोई विकास कार्य नहीं हुआ। नालियां जाम हैं, सीवर लाइनें ओव. रफ्लो कर रही हैं, गलियों में कीचड़ और बदबू से लोग परेशान हैं। महीनों से स्ट्रीट लाइटें भी बंद पड़ी हैं। लोगों का कहना है कि सफाई कर्मचारी महीनों से कॉलोनी का रुख नहीं कर रहे। वहीं पेयजल आपूर्ति बेहद खराब है, लोग दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। सीवर लाइन जाम होने से घरों में गंदा पानी भर रहा है, जिससे डेंगू व अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। कॉलोनीवासियों ने बताया कि सीमा विस्तार के बाद कॉलोनी न ब्लॉक प्रशासन की जिम्मेदारी में रही, न पालिका ने इसकी सुध ली, जिससे स्थिति पहले से ज्यादा बदतर हो चुकी है। कालोनी वासियों ने कहा कि वोट भी दिया और उम्मीद भी थी कि सुविधाएं मिलेंगी, पर हालात पहले जैसे ही हैं। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष सुधीश पुंडीर, सचिव सतेंद्र, कोषाध्यक्ष चंद्रकांत सहगल सहित सुखबीर, राजू, राहुल, नकुल दत्त समेत कॉलोनी के दर्जनों लोग शामिल रहे।

बिहार में एनडीए की बंपर जीत पर खतौली में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

खतौली। बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा (एनडीए) गठबंधन की प्रचंड विजय पर शनिवार को खतौली भाजपा मंडल में कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। जीत की खुशी में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर जश्न मनाया और पटाखे भी फोड़े।इस दौरान मंडल अध्यक्ष प्रवीण ठकराल ने कहा कि बिहार की जनता ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास जताया है। एनडीए की यह ऐतिहासिक जीत विकास की जीत है। महामंत्री राजू उपाध्याय एवं महामंत्री प्रदीप शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा जनता के लिए लगातार कार्य करती रहेगी। कार्यक्रम में अमित त्यागी सभासद, सुनील उपाध्याय, हंस जैन, नीरज गोयल, अनिल नागर, सुरेश आर्य, भारतेश शर्मा, दिनेश अग्रवाल, संदीप रौंधीया, विकास बंसल, संजय भुर्जी, जय भगवान भुर्जी, कन्हैया लाल उपाध्याय, लता आडवाणी, राजीव जैन, ऋषभ जैन कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पेंटिंग में मोरना की सानिया व भाषण में युसुफपुर की मिसाले जेहरा प्रथम

मोरना। मुजफ्फरनगर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के मेरा युवा भारत के द्वारा शनिवार को मोरना के इंद्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल में देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले बिरसा मुंडा की जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान पेंटिंग व भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें पेंटिंग में मोरना की सानिया व भाषण प्रतियोगिता में युसुफपुर की मिसाले जेहरा प्रथम रही।कार्यक्रम का शुभारंभ स्वतंत्रता सैनानी बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। जिसके बाद राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक प्रीति पाल के संयोजन में आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में जूनियर व सीनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने एक से बढकर एक बिरसा मुंडा का चित्र बनाया। जिसमें मोरना की सानिया ने प्रथम, देवांश चौधरी भोकरहेडी द्वितीय, तुकेश्वर मोरना तृतीय व लक्ष्मी मोरना चौथे स्थान पर रही। भाषण प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बिरसा मुंडा के जीवन परिचय व कार्यो पर प्रकाश डाला। जिसमें युसुफपुर की मिसाले जेहरा प्रथम, अंनतिका युसुफपुर द्वितीय, दिया दुहन महमूदपुर माजरा तृतीय व अवन्ति मोरना चौथे स्थान पर रही। समापन पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीरपाल निर्वाल, विशिष्ट अतिथि भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के संयोजक रामकुमार शर्मा, प्रबंधक विराज तोमर, समाजसेवी महिपाल सिंह ने प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया। निर्णायक मंडल में कार्यवाहक प्रधानाचार्या रीता शर्मा, संयोगिता, प्रियंका रानी, मोहम्मद रिहान ने मुख्य भूमिका निभाई।

भैरव बाबा व नवग्रहो की भव्य शोभा यात्रा का आयोजन

मीरापुर। पुलिस चौकी के निकट प्राचीन एकादशी मंदिर में भैरव बाबा और नवग्रहो की प्राण प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रोच्चार और हवन के साथ संपन्न हुई। वरिष्ठ पत्रकार नलिन वर्मा ने अपने परिवार के सहयोग से इस धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन कराया। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व दो दिनों तक सभी मूर्तियों का वैदिक विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया।

15 नवम्बर को उत्पन्ना एकादशी के अवसर पर भैरव बाबा और नवग्रहो की भव्य शोभा यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से निकाली गई। बैंड-बाजों, ढोल और भक्तिमय वातावरण के बीच निकली इस शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंदिर परिसर में पहुंचने पर वैदिक मंत्रों, हवन और धार्मिक विधियों के साथ मूर्तियों की स्थापना की गई। प्राण प्रतिष्ठा पूर्ण

बडकता प्रधान आशीष चौहान डिप्टी सीएम से मिले

बुढ़ाना। ब्लाक क्षेत्र के गांव बडकता के प्रधान आशीष चौहान आज शनिवार के दिन उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से उनके कैंप कार्यालय में मिले और उनको बुकें देकर स्नेहिल भेंट की।ष्ठ प्रधान आशीष चौहान ने बुढ़ाना क्षेत्र की कुछ समस्याओं को भी उनके समक्ष रखा। जिस पर उप मुख्यमंत्री ने जल्द से जल्द विकास कार्य कराए जाने का आश्वासन ग्राम प्रधानष्ठ आशीष चौहान को दिया।ष्ठ प्रधान ने उनको बुढ़ाना में आने का भी निमंत्रण दिया। इस मुलाकात के दौरान गांव बड़कता के कुछ ग्रामीण भी शामिल रहे।

प्रधान पद के प्रत्याशी के सम्मान में उमड़ी भीड़

बुढ़ाना। गांव नंगला में प्रधान पद के प्रत्याशी उस्मान राणा के आवास पर भारी भीड़ रही। जिसमें उनको अन्य प्रत्याशी के बड़े परिवार रहम अली द्वारा अपने सैंकड़ों समर्थकों संग समर्थन दिया गया। उन्होंने अपने आवास पर आए प्रत्याशी का खुद अपने हजारों समर्थकों के साथ भव्य स्वागत किया। उस्मान प्रधान अपने आवास पर आई भारी भीड़ देखकर गदगद हो गये।

कई वक्ताओं ने सभा में उनके पिछले कार्यकाल के कसीदे पढ़े और उन्हें तन मन धन से चुनाव जिताने की बात कही। उस्मान प्रधान ने इस पर सबका आभार जताया। यहां उन्होंने जिया चौधरी, चौधरी मुस्तुफा, चौधरी इस्लाम, चौधरी खालिक, राशिद प्रधान, नुसरत अली, कंसर अली राणा एडवोकेट, राशिद रियावली, लीलू

गुर्जर नसीरपुर, वीर सिंह, आबिद, रियासत, राम स्नेही, अशोक डीलर समेत दर्जनों लोगों कोष्ठ अपनी और से सम्मानित कर अपने चुनाव के लिए समर्थन मांगा। उस्मान के आवास पर हुई सभा की अध्यक्षता राशिद प्रधान, संचालन मास्टर तैय्यब ने किया। ढोलष्ठ नगाड़ों व देशभक्ति गीतों पर उनके समर्थक बड़े खुश दिखे और उन्हें चुनाव जिताने की बात कही। यहां खुशी मोहम्मद, करम अली, सिपटर, हसरत, हाजी इस्लाम, आबिद ठेकेदार, अलाऊदीन, अब्दुल सलाम, मुस्तफा, हसीन हकीम, तजम्मुल राणा, जुबैर अहमद, अब्दुल खालिक शाह आलम, नुसरत मिर्जा, मतीन, सलीम खां माहिया खां व सुऐब समेत हजारों ग्रामीणों की मौजूदगी रही।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजड़ चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर

कपड़ा व्यापारी की संदिग्ध हालात में मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

झिंझाना। थाना क्षेत्र के गांव अजीजपुर के मजरा डेरा सिंगापुर में कपड़ा व्यापारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देकर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। शनिवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव का गांव के शमशान घाट में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

पीड़ित पिता रामशरण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पुत्र सौरभ (27 वर्ष) करीब 20 दिन पहले कपड़ा बेचने के लिए नाडियाड (गुजरात) गया था। पिता के अनुसार 12 नवंबर की रात सौरभ का फोन आया जिसमें उसने अपनी तबीयत लगातार बिगड़ने की जानकारी दी। अगले दिन परिजन नाडियाड पहुंचे, जहां सौरभ ने उन्हें बताया कि चौकी ऊन क्षेत्र के गांव रेडा माजरा निवासी योगेश ने उसे खाने में कुछ दिया था, जिसके बाद

से उसकी हालत खराब होती चली गई।

परिजन बीमार सौरभ को शुक्रवार को घर लेकर आए, लेकिन घर पहुंचने के कुछ ही समय बाद उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक सौरभ अपने पीछे दो छोटे बच्चों और परिवार को रोता-बिलखता छोड़ गया है, जबकि पिता रामशरण खेती-बाड़ी कर परिवार का गुजारा करते हैं।

जीप व बाइक की टक्कर में एक की मौत

ऊन। शनिवार शाम के समय जीप व बाइक की भिडंत हो गई जिसमें बाइक सवार महात्मा को गंभीर चोट आई राहगीर उसे उठाकर सीएचसी में ले गए जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस भी मौके पर पहुंची है।शाम के समय ऊन झिंझाना मार्ग पर होली हेवन स्कूल के पास जीप व बाइक की भिड़ंत हो गई जिसमें बाइक सवार महात्मा सतबीर दास को गंभीर चोटे आई घायल को राहगीर द्वारा सीएचसी ऊन में भर्ती कराया जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक महात्मा सतबीर दास पुत्र छुआरा सिंह गांव बरवाला थाना शाहपुर मुजफ्फरनगर का रहने वाला था वह रविदास गद्दी ऊन में भी रहता था अब वह होसंगपुर झिंझाना के मॉदिर में रहता था महात्मा की मौत से संत समाज में शौक छा गया बड़ी संख्या में उनके अनुयाई सीएचसी पर जमा हो रहे हैं पुलिस मौके पर है। कोई तहरीर नहीं आई है।

सेंट आरसी स्कूल में विज्ञान, क्राफ्ट प्रदर्शनी तथा फैंसी ड्रेस शो का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

कैराना। शनिवार को कस्बे के सेंट आरसी कॉन्वेंट स्कूल में विज्ञान, क्राफ्ट प्रदर्शनी एवं फैंसी ड्रेस शो का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीओ श्यामसिह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री, मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी इंस्पेक्टर पिंकी गोस्वामी तथा महिला इंस्पेक्टर ललिता द्वारा संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया गया। विद्यालय प्रबंधक अरविन्द दृष्टा ने अतिथियों का स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किए। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान से सम्बन्धित जैसे कार्बन प्यूरीफायर, प्यूरीफिकेशन ऑफ वाटर, लेजर सिक्योरिटी सिस्टम, रैन डिटेक्टर एलार्म, स्मार्ट टीवी, बुज वायर गेम, थर्मो इलेक्ट्रिक जनरेटर आदि के महत्वपूर्ण एवं शिक्षाप्रद स्टाल लगाए। मेडिकल स्टाल लगाकर शुगर, ब्लड ग्रुप एवं ब्लड

प्रेशर की जांच की गई। क्राफ्ट कला में स्वयं निर्मित सामान की स्टाल्स छात्रों द्वारा लगाई गई। छात्रों ने मैजिक गेम व अपने हाथों से बनाए गए भोज्य पदार्थों की स्टाल्स भी लगाई। इस अवसर पर प्री-प्राईमरी कक्षाओं के लिए डांस व फैन्सी ड्रेस का आयोजन किया गया, जिसमें नन्हें-मुन्ने कलाकारों ने अपने नृत्य एवं कला कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। मिशन शक्ति केंद्र की ओर से उपस्थित अधिकारियों द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं अपराध के प्रति जागरूक किया गया। मेला समापन के अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिक. ारी मुस्फकीन अहमद एवं जिला वन स्टाप सेंटर अधिकारी गजाला त्यागी भी उपस्थित रही। उन्होंने छात्र-छात्राओं के कला कौशल की खूब सराहना की। फैन्सी ड्रेस शो, भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, सुलेख लेखन प्रतियोगिता में विजेता छात्र-छात्राओं को उपस्थित अधिकारियों द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति -पत्र देकर सम्मानित करके उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को महिला एवं बाल कल्याण के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। विद्यालय निदेशक यशपाल पंवार ने उपस्थित अधिका. रियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि विद्यालय में इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन छात्रों के अन्दर छिपी प्रतिभा को निखारने एवं ऊर्जावान बनाने के लिए अति आवश्यक है। मेला संयोजक के रूप में मीनाक्षी चौधरी ने सफल भूमिका का निर्वहन किया। कार्यक्रम का संच. ालन प्रदीप कौशिक द्वारा किया गया। इस अवसर पर लोकेन्द्र तोमर, अजीत सिंह, विवेक चौहान, प्रशान्त शर्मा, प्रमोद कुमार, अमित वर्मा, अजेन्द्र सिंह, अमित ठाकुर, अजय कुमार, शाहरूख खान, इमरान अली, जोनी।, मरियम सिद्दिकी, ऊषा अग्रवाल, कल्पना तोमर, संध्या शर्मा, परमजीत कौर, आरती शर्मा, मीनू चौहान, ममता शर्मा, लीना आदि का विशेष सहयोग रहा।

भवन एवं जल कर में वृद्धि के खिलाफ डीएम को प्रार्थना पत्र

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। नगर पालिका द्वारा शासनादेश का हवाला देते हुए स्वकर प्रणाली लागू किए जाने तथा भवनकर एवं जलकर में भारी वृद्धि किए जाने के विरोध में वार्ड सभासदों ने डीएम को प्रार्थना पत्र सौंपकर कर वृद्धि को अवैधानिक बताते हुए तत्काल निरस्त कराने की मांग की है। सभासद अनिल कुमार उपाध्याय एवं निशिकान्त संगल ने डीएम को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि नगर पालिका द्वारा पूर्व में वर्ष 2017-2022 के बीच टैक्स को दोगुना किया गया था। अभी शहरवासी उस भार से उबर भी नहीं पाए थे कि वर्तमान बोर्ड ने स्वकर प्रणाली के विपरीत दोबारा भारी-भरकम टैक्स नोटिस जारी कर दिए। सभासदों ने कहा कि जनपद की अन्य किसी नगर पालिका या नगर पंचायत में न तो टैक्स वृद्धि की गई है और न ही स्वकर प्रणाली लागू की गई, ऐसे में केवल शामली नगर पालिका द्वारा बार-बार वृद्धि किया जाना जनता के आर्थिक शोषण जैसा है। आरोप लगाया कि टैक्स सम्बन्धी शिकायत लेकर आने वाले भवन स्वामियों तथा वार्ड सभासदों के साथ नगर पालिका के ईओ विनोद सोलंकी एवं कुछ कर्मचारी अभद्रता करते हैं, जिससे जनता में आक्रोश बढ़ रहा है। सभासदों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि स्वकर प्रणाली के विपरीत लगाए गए टैक्स को तत्काल वापस कराया जाए। सभासदों ने चेतावनी दी है कि यदि नगर पालिका द्वारा मनमानी टैक्स वृद्धि वापस नहीं ली गई, तो शहरवासी आमरण अनशन करने को बाध्य होंगे।

अधिवक्ताओं की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

ऊन। तहसील में ग्राम न्यायालय की मांग को लेकर अधिवक्ताओं की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है शनिवार को बार एसोसिएशन द्वारा ग्राम न्यायालय की स्थापना की मांग को लेकर संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन मुख्य विकास अधिकारी को सोपा गया जिसमें ग्राम न्यायालय हेतु तहसील कार्यालय पर खाली पड़े भवन देने की मांग की गई है ।तहसील में ग्राम न्यायालय की मांग को लेकर अधिवक्ता आंदोलन रत है अधिवक्ताओं का आरोप है कि तहसील में ग्राम न्यायालय की स्थापना को लेकर जिला जज द्वारा सहमति दे दी गई है लेकिन जिला. धिकारी द्वारा तहसील में खाली पड़े भवन में अस्थाई ग्राम न्यायालय चलाने हेतु भवन देने से मना कर दिया है इस संबंध में अधिवक्ताओं द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल की जा रही है शनिवार को बार एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं अधिवक्ताओं ने संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी को सोपा जिसमें ग्राम न्यायालय की स्थापना हेतु तहसील कार्यालय पर खाली पड़े भवन देने की मांग की गई है जिससे कि अस्थाई रूप से ग्रामीण न्यायालय चलाया जा सके तथा तहसील में आने वाले 101 ग्राम वासियों एवं तीन नगर पंचायत के निवासियों को सस्ता एवं सुलभ न्याय मिल सके। ज्ञापन देने वालों में बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सम्राट सिंह, महासचिव अनुज वशिष्ठ ,कोषाध्यक्ष अबरार अहमद समेत दर्जनो अधिवक्ता शामिल रहे।

लेखपालों ने दिया तहसील कार्यालय में धरना

शाह टाइम्स संवाददाता

ऊन। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के आह्वान पर तहसील के लेखपालों ने तहसील कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया तथा अपनी मांगों के संबंध में ज्ञापन मुख्य विकास अधिकारी को सोपा गया। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के आह्वान पर लेखपालों ने तहसील कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया लेखपालों की मांग है कि वेतन उच्चीकरण, पदोन्नति के अवसरों की वृद्धि, पेंशन विसंगति दूर करने , एसीपी विसंगति दूर करने ,भत्तों में वृद्धि, अंतर मंडलीय स्थानांतरण करने तथा लेखपालों के पदों में वृद्धि कर राजस्व चौकी स्थापित की जाए। इस संबंध में लेखपालों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी को सोपा गया तथा मांग पूरी न होने पर हड़ताल व धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी गई है। धरना प्रदर्शन में तहसील लेखपाल संघ के अध्यक्ष नागेंद्र सिंह, लोकेश सैनी, अजीत पवार ,अंशु मलिक, अजीत सिंह, सूरज आदि शामिल रहे।

सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। शहर के सरस्वती विद्या मॉदिर इंटर कॉलेज में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित पल्लवी ने कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि नारी शक्ति समाज विकास की मुख्य धुरी है। मानव सम्पदा के संरक्षण और पोषण से जुड़ी गतिविधियों में महिलाओं का विशेष योगदान रहा है। कहा कि इन्हीं गुणों के आधार पर महिलाएं परिवार, समाज और पर्यावरण संरक्षण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से राष्ट्र निर्माण का सामूहिक संकल्प लेने का आ]वान किया। कार्यक्रम में स्वाति जैन ने कहा कि भारतीय परंपरा में स्त्री शक्ति को अनेक आयामों में देखा गया है। मातृशक्ति पोषण, संरक्षण, संस्कार, विद्या, सत्य, धर्म स्थापना, प्रकृति संरक्षण और समृद्धि का मूल आधार है। ऐसे गुणों को आत्मसात कर ही समुचित मानव विकास सम्भव है, और यह कार्यक्रम उसी दिशा में प्रेरणा प्रदान करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूनम वर्मा ने की, जबकि संचालन का दायित्व मीनाक्षी शर्मा ने निभाया। पर्यावरण संरक्षण में विशेष योगदान के लिए एकता गर्ग तथा सुलेनलता देवी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दीपा रानी, रजनी, कामिनी, साक्षी, आकांक्षा, लक्ष्मी देवी, प्रमिला, ज्योति, रूबी देवी, कुसुम देवी, राखी मलिक, सुनीता कुमारी मौजूद रही।

सरदार पटेल की जयंती मनाई

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज में लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयन्ती के उत्सव को मनाते हुए छात्र छात्राओं ने उनके जीनव चरित्र से सम्बन्धित निबन्ध लिखे तथा चित्र बनाए।

शनिवार को शासन के आदेशानुसार सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वी जयंती को उत्सव के रूप में मनाते हुए यह प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें बडी संख्या में छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता से पूर्व कॉलेज के प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश की एकता और अखंडता में सरदार पटेल के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। कला प्रतियोगिता मे नितिज्ञा पुत्री कृष्णपाल तथा सना पुत्री शाहिद अहमद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा निबन्ध प्रतियोगिता में वंशु बंसल पुत्री अरविन्द कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अब ए छात्राऐ 22 नवम्बर को तहसील स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। प्रतियोगिता में अनिल कश्यप, घनश्याम सारस्वत, उमा रानी, पूनम देवी, सारिका गर्ग, सीमा शर्मा, छवि शर्मा, नीतू अग्रवाल आदि का विशेष सहयोग रहा।

अज्ञात का शव मिलने से सनसनी

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के रेलपार में सवेरे अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। आसपास मौजूद लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव की तलाशी ली और शिनाख्त करने का प्रयास किया, लेकिन शव की शिनाख्त न होने पर पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शनिवार सवेरे शहर के रेलवे स्टेशन के निकट रेलपार में अज्ञात व्यक्ति का शव पडा मिला। शव को देख लोगों में सनसनी फैल गई। आसपास मौजूद लोगों ने मामले की सूचना थाना आदर्शमंडी पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त करने का प्रयास किया, लेकिन शव के पास से कोई आईडी न मिलने से उसकी शिनाख्त नही हो सकी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार मृतक मंदबुद्धि है, जो आसपास टहलता रहता था। रात्रि में शायद ठंड के कारण उसकी मृत्यु हुई है।

लेखपालों ने तहसील ऊन में चार घंटे कार्य बहिष्कार किया

शाह टाइम्स संवाददाता

चौसाना। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ उपशाखा तहसील ऊन ने शनिवार को अपनी लम्बित मांगों को लेकर तेज नाराजगी जताई। संघ के आ]वान पर लेखपाल सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक तहसील परिसर में एकत्र हुए और सरकारी कार्यों का बहिष्कार कर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम संबोधित आठ सूत्रीय मांगपत्र तहसील समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी ऊन को सौंपा गया। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि बीते नौ वर्षों से लगातार उठाए जा रहे मुद्दों पर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिससे संवर्ग में गहरा असंतोष है। ज्ञापन में प्रमुख रूप से लेखपालों के प्रारम्भिक वेतनमान को तकनीकी संवर्ग के अनुरूप लेवल-5 करने, राजस्व निरीक्षक और नायब तहसीलदार के अतिरिक्त पदों के सृजन, सेवा नियमावली में संशोधन और विभागीय परीक्षा के माध्यम से पदोन्नति का व्यापक अवसर उपलब्ध कराने की मांग की गई है। इसके अलावा 01.12.1994 से पूर्व और बाद में नियुक्त लेखपालों में एसीपी विसंगति को खत्म करने, स्टेशनरी भत्ता 100 से बढ़ाकर 1000 रूपए, विशेष वेतन भत्ता 2500 रूपए तथा मोटरसाइकिल वाहन भत्ता स्वीकृत करने की मांग भी उठाई गई। संघ ने लेखपाल का पदनाम बदलकर हाजस्व उपनिरीक्षकह करने की संस्तुति को तुरंत लागू करने तथा 2700 लॉबित अंतर्मडलीय स्थानांतरण आवेदनों पर शीघ्र निर्णय लेने की आवश्यकता बताई। मृतक आश्रित 160 लेखपालों को पुरानी पेंशन का लाभ देने संबंधी उच्च न्यायालय आदेश के अनुपालन की भी मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि प्रदेश की जनसंख्या दोगुनी से अधिक हो चुकी है पर लेखपाल पदों का विस्तार नहीं हुआ। भूमि विवादों में भारी वृद्धि के कारण प्रत्यक्ष क्षेत्र में कार्यालय-सह-आवास तथा तहसील स्तर पर राजस्व पुलिस चौकी की स्थापना आवश्यक है। संघ पदा. धिकारियों ने कहा कि अनेक बार परिषद और शासन स्तर पर बात रखने के बावजूद समाधान न होने से संवर्ग में रोष है। चेतावनी दी कि मांगों पर शीघ्र निर्णय न हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।इस मौके पर नगेन्द्र शर्मा, अजीत सिंह ,लोकेश सैनी,अशोक कुमार, शैलेन्द्र सिंह, सत्यवीर सिंह, रोकी बावरा, नितिन कुमार सहित 23 तहसील के लेखपाल धरने में शामिल रहे।

व्यापार मंडल का भव्य शपथ ग्रहण समारोह 14 दिसंबर को

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के शामली सुभाष चौक शिव मूर्ति स्थित प्रांतीय मुख्यालय पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक में उपस्थित पदाधिकारीयों ने निर्णय लिया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश युक्त उद्योग व्यापार मंडल की नवगठित प्रान्तीय कार्यकारिणी का भव्य शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग कीअध्यक्षता में दिनांक 14 दिसंबर रविवार 2025 को शामली के हनुमान धाम अग्रसेन बारात घर के हाल में कई गणमान्य केंद्रीय मंत्रीगणों एवं उत्तर प्रदेश सरकार के सम्मानित कैबिनेट मंत्री गणों ,सां. सदों ,विधायकों एवं पूर्व सांसदों पूर्व विधायकों के साथ-साथ प्रदेश के सभी जिलों के हजारों व्यापारियों की उपस्थिति में धूमधाम से संपन्न कराया जाएगा शपथ ग्रहण समारोह

में सर्वप्रथम गाजियाबाद चुनावी सम्मेलन में नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग व प्रदेश महामंत्री तिलक राज अरोड़ा तथा प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास जैन को विधिवत शपथ दिलाई जाएगी उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग द्वारा प्रदेश भर के सभी जिलों से मनोनीत एवं निर्वाचित सभी प्रदेश उपाध्यक्षों ,प्रदेश मंत्रियों ,प्रदेश संगठन मंत्रियों के साथ-साथ प्रदेश युवा पदाधिक. ारीयों व महिला पदाधिकारीयों तथा सभी जिलों के जिला अध्यक्ष व जिला महामंत्रियों को शपथ दिलाई जाएगी इस कार्यक्रम की सफलता हेतु एक संयोजक कमेटी बनाई गई जिसमें नरेंद्र अग्रवाल प्रदेश मंत्री एवं पूर्व नगर अध्यक्ष, सूर्यवीर सिंह जिला अध्यक्ष,रामकुमार राय नगर अध्यक्ष, महेशचंद धीमान नगर महामंत्री, रवि संगल जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अनुज गोयल नगर संगठन महामंत्री, शिवांक गर्ग नगर अध्यक्ष युवा साथ ही कार्यक्रम स्वागत एवं एवं मंच सज्जा हेतु एक कोऑर्डिनेशन कमेटी बनाई गई जिसमें सूर्यवीर सिंह जिला अध्यक्ष ,महेश चंद धीमान ,वैभव गोयल ,विनोद शास्त्री, ऋषभ जैन, रामकुमार कंबोज, आशु पूरी, राजेश जैन, राजेश सिंघल, आशु बत्रा, आदेश जैन, पवन गोयल आदि सदस्य रहेंगे जिला अध्यक्ष सूर्यवीर सिंह व नगर अध्यक्ष रामकुमार राय ने शामली जनपद के सभी व्यापारियों एवं पदाधिकारीयों को इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लेकर सफल बनाने की अपील की प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश के लगभग सभी जिलों से हजारों व्यापारी इस शपथ ग्रहण सम्मेलन में भाग लेने आ रहे हैं इस कार्यक्रम के अवसर पर एक ष्व्यापार शक्ति परिचय पत्रिका 2026-2029 ष्प्रकाशित की जा रही है जिसके मुख्य संपादक प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग व सहसंपादक सुभाष चंद्र धीमान रहेंगे इस परिचय पत्रिका में प्रदेश के सभी पदाधिक. ारीयो के नाम पते व मोबाइल नंबर अंकित करने का प्रयास किया जाएगा प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने इस परिचय पत्रिका के प्रकाशन में सभी उपस्थित पदा. धिकारीयों से सहयोग की अपील करते की बैठक में उपस्थित जिला महामंत्री राजेश सिंगल को नवीन मंडी शामली का अध्यक्ष चुने जाने पर पटका पहनाकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर बैठक में मुख्यत सूर्यवीर सिंह जिला अध्यक्ष, राजेश सिंघल जिला महामंत्री, राज. श जैन जिला कोषाध्यक्ष ,रामकुमार राय नगर अध्यक्ष ,रवि संगल जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महेश धीमान नगर महामंत्री, ऋषभ जैन नगर कोषाध्यक्ष, वैभव गोयल जिला संगठन महामंत्री, विनोद शास्त्री नगर उपाध्यक्ष, रामकुमार कंबोज नगर मंत्री, शिवांग गर्ग नगर अध्यक्षयुवा, आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विद्युत वितरण खण्ड, शामली के अन्तर्गत 132 के0वी0 उपकेन्द्र-झिंझाना पर 132 के0वी0 झिंझाना-ननौता लाइन की द्वितीय सर्किट की स्ट्रिंगिंग का कार्य कराया जा रहा है, जिसके कारण 33/11 के0वी0 उपकेन्द्र-तीतर से निर्गत 11 के0वी0 पूजा टाउन फीडर, 11 के0वी0 तीतरो कृषि फीडर एवं 11 केवी सालियर देहात फीडर का शटडाउन दिनांक-16.11.2025 को प्रात: 10:00 बजे से 17:00 बजे तक लिया जाएगा। जिसके कारण उपरोक्त फीडरों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सर्वसाधारण से सहयोग की अपील की जाती है।

(कृष्णा नन्द)
अधिशासी अभियन्ता

एसडीएस स्कूल में प्री-प्राइमरी खेल प्रतियोगिता में नन्हों का शानदार प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

झिंझाना। एसडीएस कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित प्री-प्राइमरी खेल प्रतियोगिता में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा और ऊर्जा का शानदार प्रदर्शन किया। विभिन्न गतिविधियों में बच्चों का जोश देखने लायक था और पूरा विद्यालय परिसर उत्साह से भर गया। एलकेजी वर्ग की स्पून रेस में तैमूर और वाणी ने प्रथम स्थान हासिल किया। शिवम और नमरा द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि अनुभव और नाबिया तृतीय स्थान पर रहे। यूकेजी वर्ग की बैक रेस में आरुष और हैप्पी प्रथम, हरीश और रिहान द्वितीय तथा अभिजोत और जैनब तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा एक की फॉग रेस में मानवी और अब्दुल ने पहला स्थान प्राप्त किया।

हेतु संर्दिशत करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश/परिवार न्यायालय महोदय, जनपद-मुरादाबाद।
वाद संख्या: 50 सन् 2025
तारीख पेशी: 23.12.2025
धारा: 144 B.N.S.S थाना-कटघर
आंचल बनाम नीरज कुमार
1. श्रीमती आंचल पत्नी नीरज कुमार पुत्री महेश कुमार, 2. कु. रक्षिता पुत्री नीरज कुमार संरक्षिका अपनी सगी माता श्रीमती आंचल निवासी देहरी गांव थाना कटघर, जिला मुरादाबाद-**वादनी।**
बनाम
नीरज कुमार पुत्र ओम सिंह निवासी मौहल्ला बरखण्डी सरवरपीर, शामली थाना परभुत नगर जिला शामली-**प्रतिवादी।**

चूंकि उपरिनामांकित के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि **धारा: 144 B.N.S.S** अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के 12 के दिवस 23 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 11 के दिवस 15 को निकाली गयी है।

वि० वाद लिपिक
परिवार न्यायालय
मुरादाबाद।

एनजीटी एवं जिला गंगा समिति के निर्देश पर विशेष सफाई अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

थानाभवन। एनजीटी एवं जिला गंगा समिति शामली द्वारा निर्गत आदेशों के अनुपालन में नगर पंचायत थानाभवन में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा एवं नगर पंचायत अध्यक्ष मुशयदा के निर्देशन में 15 नवंबर 2025 को यह अभियान विभिन्न स्थानों पर संचालित किया गया।अभियान के तहत नगर के मुख्य मार्गों के किनारे जमी मिट्टी, धूल और निर्माण सामग्री को हटाकर विशेष सफाई कराई गई। इसके अतिरिक्त वार्ड संख्या 01, 08 और 10 से होकर गुजरने वाले बड़े नाले की पोकलेन मशीन द्वारा सफाई कराई जा रही है, जिससे जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके। मुख्य मार्गों पर सफाई के बाद एंटी-स्मॉग गन मशीन से जल छिड़काव भी लगातार कराया जा रहा है, ताकि प्रदूषण के स्तर में कमी लाई जा सके और वातावरण स्वच्छ बना रहे। नगर पंचायत थानाभवन की ओर से सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे नगर की स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। अपने आसपास गंदगी न फैलाएं नदी-नालों में कचरा न डालें कचरा केवल नगर पंचायत के कचरा वाहन को ही दें।निर्माण सामग्री को निजी भूमि पर ही रखें और उसे ढककर रखें साफ-सुथरा वातावरण और स्वच्छ नगर बनाने में सभी से सहयोग की अपेक्षा की गई है।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विद्युत पारेषण खण्ड शामली के अन्तर्गत 132 के0वी0 उपकेन्द्र-झिंझाना पर 132 के0वी0 Damage Main Bus को बदलने के कार्य कराया जाना है। इस कार्य को करने के लिए 132 के0वी0 उपकेन्द्र-झिंझाना से निर्गत सभी 33 के0वी0 फीडरों की विद्युत आपूर्ति निम्नानुसार बाधित रहेगी।

क्र0सं0	दिनांक	समय	33 के0वी0 फीडर का नाम
1.	17.11.2025	10:00 बजे से 14:00 बजे तक	33 के0वी0 झिंझाना देहात, 33 के0वी0 ऊन, 33 के0वी0 टोडा, 33 के0वी0 सिंकन्दरपुर, 33 के0वी0 केरट्, 33 के0वी0 नौनागली, 33 के0वी0 अबदान नगर, 33 के0वी0 मंसूरा, 33 के0वी0 झिंझाना टाऊन, 33 के0वी0 गढीपुख्ता
2.	18.11.2025	10:00 बजे से 14:00 बजे तक	
3.	19.11.2025	10:00 बजे से 14:00 बजे तक	

कृष्णा नंद
अधिशासी अभियंता

बकायेदारों के खिलाफ निगम की ताबड़तोड़ कार्रवाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर नगर निगम की राजस्व टीम ने आज बड़े बकायादारों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए महावीर कॉलोनी स्थित दूरभाष केंद्र के भवन सहित करीब बीस दुक. ानों एवं भवनों को सील कर दिया। सील की कार्रवाई से बचने के लिए कुछ बकायादारों ने मौके पर ही करीब सात लाख रुपये जमा कराए।

कर निर्धारण अधिकारी श्रुति माहेश्वरी ने बताया कि नगरायुक्त द्वारा बकाया वसूली की समीक्षा करते हुए बडेध्बकायादारों पर कुर्की व सीलिंग की कार्रवाई के निर्देश दिए थे। उन्हीं आदेशों के अनुपालन में आज निगम के राजस्व विभाग की टीम ने शहर के अनेक क्षेत्रों में बडेध्बकायादारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब 20 दुकानों एवं भवनों को सील कर दिया। महावीर कॉलोनी स्थित दूरभाष केंद्र जिस प्राइवेट भवन में स्थापित है उस भवन स्वामी पर 7 लाख 68 हजार 44 रुपये बकाया चला आ रहा था। नोटिस व डिमांड नोटिस भेजने के बाद भी बकाया जमा न कराने पर आज उक्त भवन को सील कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि महावीर कॉलोनी ताहिर गॉर्डन निवासी तारिक पर ढाई लाख रुपये से अधिक बकाया होने के कारण उनका भवन भी सील किया गया है। कमेला कॉलोनी निवासी मसरुर की ओर सवा दो लाख रुपये से अधिक बकाया था, इसके अलावा पार्श्वनाथ प्लाजा स्थित पांचों दुकानों पर अलग-अलग 67 हजार 558 रुपये यानि कुल करीब सवा तीन लाख रुपये बकाया था, इन सबको भी बकाया जमा न कराने पर सील कर दिया गया है। मौहल्ला मुफ्ती में भी मौ. ताहिर की दो दुकानों को सील किया गया है। जबकि मौ.मुबारिक शाह, सड़क दूधली व वालिया काम्पलेक्स में अनेक भवन स्वामियों द्वारा मौके पर ही बकाया किराया जमा कराकर अपने भवनों को सील की कार्रवाई से बचा लिया गया।

कर निर्धारण अधिकारी ने बताया कि बकायेदारों के खिलाफ वसूली के लिए कुर्की व सीलिंग की कार्रवाई में और तेजी लायी जायेगी। उन्होंने बकायादारों से अपील की है कि वे शीघ्र अपना बकाया जमा करा कर सीलिंग की कार्रवाई से बचें। कार्रवाई करने वाली निगम की राजस्व टीम में कर निर्धारण अधिकारी श्रुति माहेश्वरी, कर अधीक्षक सुधीर शर्मा, आशुतोष गुप्ता, कर निरीक्षक सुशील, जीशान, राजेंद्र व लोकेश तथा टीसी नदीम, सलीम, नरेश धारिया व प्रवर्तन दल के जवान शामिल रहे।

देहरादून फुटबॉल एकेडमी ने जीता मैच

शाह टाइम्स संवाददाता

छुटमलपुर। सेंट जोसफ स्कूल और देहरादून फुटबॉल एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में सेंट जोसफ स्कूल के फुटबॉल ग्राउंड पर आयोजित फाउंडर्स कप इंटर-स्कूल अंडर-14 फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल रोमांचक रहा। उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश की आठ टीमों ने इसमें भाग लिया।

स्कूल प्रिंसिपल क्रिस्टोफर ने बताया कि टूर्नामेंट में युवा प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। फाइनल मुकाबले में देहरादून फुटबॉल एकेडमी ने मेजबान सेंट जोसफ स्कूल व डीएफए को कड़े संघर्ष में 1-0 से पराजित कर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। मुख्य अतिथि सेंट जोसफ स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर एसपीएस राणा, चेयरमैन शिशिर सिंह राणा, डायरेक्टर मुकेश लाल, प्रिंसिपल क्रिस्टोफर तथा वथ के संस्थापक अध्यक्ष एवं हेड कोच डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, मेडल व प्रमाण-पत्र प्रदान किए। बेस्ट गोलकीपर का पुरस्कार सेंट जोसफ के नेतीक पुंडीर तथा बेस्ट प्लेयर का सम्मान वथ के युवराज थापा को मिला।

मैच का संचालन रेफरी मनोज नेगी, हर्षित चौहान, वरुण चौहान व हिमांशु ने कुशलतापूर्वक किया। आयोजन में स्कूल कोच अभिषेक मिश्रा, हरेंद्र, मनोज तथा समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

दवाई लेने गई युवतियां गायब

शाह टाइम्स संवाददाता

अंबेहटा। नकुड़ कोतवाली अंतर्गत आने वाले कस्बे कोटला से 11 नवम्बर को दो नाबालिग युवतियां रहस्यमय ढंग से गायब हो गई थीं।

पीड़ित पिता ताहिर ने बताया कि मेरी 16 वर्षीय लड़की और 14 वर्षीय भतीजी मंगलवार को दोनों लड़कियां करीब 1 बजे सरकारी अस्पताल से दवाई लेने के लिए घर कहकर गई थी। लेकिन उसके बाद शाम तक घर नहीं लौटीं। पीड़ित पिता ताहिर ने बताया कि हमने आसपास वे सभी रिश्तेदारियों में भी तलाश किया लेकिन लड़कियों का कहीं कुछ भी पता नहीं लग सका है।पीड़ित परिवार ने इसकी शिकायत नकुड़ पुलिस तहरीर देकर की है।

परिजनों का कहना है कि दोनों लड़कियां घर से सामान्य रूप से निकली थीं, लेकिन अब उनका कोई पता नहीं चल रहा है।

हजरत फात्मा की जिन्दगी पर डाली रोशनी

शाह टाइम्स संवाददाता

नानौता। नगर के मरकजी इमाम बारगाह दरबारे हुसैन कोट में आयोजित पांच मजलिसो के सिल. सिले कि आखरी मजलिस को आजमगढ़ से आये हुए आयतुल्लाह सिबतैन अब्बास रिजवी नें खिताब किया।

आयतुल्लाह सिबतैन अब्बास रिजवी नें बताया कि हजरत मोहम्मद मुस्तफा अपनी लाड़ली बेटी को बोहत चाहते थे। ओर बार बार अपनी उम्मत को बीबी जेहरा ओर उनके परिवार हजरत अली, हजरत इमाम हसन हजरत इमाम हुसैन से मोहब्बत करने कि ताकिद करते थे। आयतुल्लाह सिबतैन अब्बास रिजवी नें अपने सम्बोधन में कहा कि आपने आखरी वक्त में हजरत मोहम्मद मुस्तफा नें फिदक नामी एक बाग अपनी बेटी फातेमा जेहरा के नाम बैनामा कर दिया था ताकि बीबी फातेमा जेहरा अपने परिवार का पालन पोषण कर सके। मजलिस के आखिर में आयतुल्लाह सिबतैन अब्बास रिजवी नें जनाबे फातेमा जेहरा (स.)कि दर्दनाक शहादत बयान कि। जिसे सुनकर वहाँ मौजूद सोगवारो नें जार जार गिरिया किया। मजलिस में नगर कि मकामी अंजुमनो, अंजुमन सरकारे अबुतालिब, अंजुमन हैदरी, अंजुमन जुलुफकार हैदरी,अंजुमन हुसैनिया के नोहां ख्वानो मौलाना शबबन, इकरार हुसैन सोनू, मुंसिफ हुसैन, अली रहबर नकवी नें नौहां ख्वानी के फराएज अंजाम दिय। इस दौरान मौलाना तन्वीर आलम, मौलाना अहसान अब्बास, शायरे अहलेबेत शौक आब्दी, मास्टर सदाकत हुसैन, मास्टर मोहम्मद मियां, मोहम्मद अली, पत्रकार फैय्याज अली आब्दी, नदीम हैदर, हैदर मेहदी, मुनीब अख्तर भैय्या, आगाज हैदर, सलमान जैदी, मोहम्मद मेहदी, अली रजा, सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

छुटमलपुर में एनडीए की जीत का मनाया जश्न

शाह टाइम्स संवाददाता

छुटमलपुर। रुड़की रोड स्थित भाजपा पूर्व नगराध्यक्ष विकास गुप्ता के कैंप कार्यालय में शनिवार को बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत का उत्साहपूर्ण जश्न मनाया गया। बड़ी संख्या में एकत्रित भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों की धुन पर नाचते हुए एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और पूरे इलाके में मिठाइयां बांटीं।

वरिष्ठ नेता डॉ. देवेंद्र सैनी, जिला पंचायत सदस्य दुबे सिंह कंबोज और पूर्व नगराध्यक्ष विकास गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि बिहार की जनता ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर अटूट विश्वास जताया है। उन्होंने घोषणा की कि अब 2027 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा और सहयोगी दल मिलकर अभूतपूर्व जीत हासिल करेंगे। सभी ने बिहार की जनता का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में सभासद प्रियंका कंबोज, ममता शर्मा, विकास तोमर, रजत राणा, अंकुर सैनी, कविराज चौधरी, प्रतीत उपाध्याय, संदीप रुहेला, अंकित वर्मा, विकास चौहान, भूपेंद्र शर्मा, सतपाल सैनी, धर्मपाल सैनी, बिल्लू राठौर, अरविंद मित्तल, राकेश बंसल, संजय अग्रवाल, अशोक गुप्ता, गौरव वर्मा, सुमित कंबोज, कुंवरपाल राठी, डॉ. वीरेंद्र गोयल, सुशील चौधरी, रविश सैनी, मनोज माहेश्वरी, राज. कुमार बत्ता, सुधीर सैनी, डॉ. देवराज पुंडीर, राजिंदर सैन, विजयपाल राणा, मोंटी सैनी, रवींद्र धीमान, श्यामलाल धीमान, अमित सैनी, अंकित वाल्मीकि, आदेश बंसल, सूर्यांश शर्मा, विनय सैनी, सुधीर कश्यप, शुभम शर्मा, आयुष गुप्ता, अंकित गुप्ता, सुनील गुप्ता, संजीव गुप्ता, सत्यम गुप्ता, हिमांशु मित्तल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उत्सव का माहौल देर शाम तक बना रहा।

बिजली बिल राहत योजना शिविर लगाया

शाह टाइम्स संवाददाता

बेहट। सरकार की "बिजली बिल राहत योजना 2025" को लेकर शुक्रवार को उपखंड अधिकारी बेहट द्वारा क्षेत्र के फतेहपुर टांडा रायपुर शेरपुर पेलो, फैजाबाद आदि गावो में राहत शिविर का आयोजन कर बिजली के बकाया बिल उपभोक्ताओं को रजिस्ट्रेशन कराने के साथ साथ इसका अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दी जा रही छूट और राहत का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता समय से अपने बिलों का भुगतान करें, जिससे उनकी विद्युत आपूर्ति बनी रहे। उन्होंने गावों में एलाउंस कराकर सरकार द्वारा विद्युत बिलों मे दी जा रही छूट की जानकारी भी दी गई। उन्होंने कहा कि लगाए जा रहे शिविरों मे उपभोक्ताओं की शिकायतों का समाधान भी किया जायेगा।शिविर में उपस्थित एसडीओ जेई बेहट जितेंद्र भटनागर, जेई मिर्जापुर विशाल राठौर, ग्राम प्रधान एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। शिविर में आए ग्रामीणों को मौके पर ही बिल सुधार, बकाया बिल निस्तारण और बिल जमा करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। लाभ उठाने का आह्वान किया गया।

उपखंड अधिकारी बृज मोहन ने

महिलाओं से स्थापित किया संवाद

चिलकाना। मिशन शक्ति फेज 5 अभियान के तहत मिशन शक्ति टीम इंचार्ज महिला एसआई सुमन की अगुवाई में एसआई माधुरी शर्मा, महिला आरक्षी चांदनी शर्मा, आरक्षी पंकज कुमार द्वारा चिलकाना एवं सुल्तानपुर नगर के मुख्य चौराहों तथा थाना के मिशन शक्ति केंद्र पर आने जाने वाली महिलाओं से संवाद स्थापित किये गए। इस दौरान उन्हें सरकारी योजनाओ, सायबर फ्रॉड तथा डिजिटल अरेस्टिंग के बारे में जानकारी दी गई। मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसे कि वूमेन पावर लाइन, आपातक. ालीन पुलिस सेवा तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर आदि की जानकारी देते हुए सरकारी योजनाओं से सम्बंधित पम्पलेट भी वितरित किये।

एसडीएम ने फरियादियों की सुनी समस्याएं

शाह टाइम्स संवाददाता

बेहट। तहसील बेहट सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एस डी एम की अध्यक्षा मे किया गया। इस दौरान समाधान दिवस मे कुल शिकायत दर्ज की गई जिनमें से किसी भी शिकायत का मौके पर ही निस्तारण किया जा सका।

महीने के तीसरे शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में एस डी एम मानवेन्द्र सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनी और निस्तारण के अधीनस्थों को निर्देश दिए गई। तहसील समाधान दिवस में कुल35 शिकायतों को दर्ज की गई जिन में 2 शिकायत का मौके पर निस्तारण किया जा सका। समाधान दिवस के बाद एस डी एम मानवेंद्र सिंह ने शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपकर उनका शीघ्रता से निस्तारण किए जाने के निर्देश देते हुआ कहा कि फरियादियों की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही किसी भी दशा में सहन नहीं की जाएगी। सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाना अत्यंत आवश्यक है। इस मौके पर, सीओ एस एन वैभव पांडेय, तहसीलदार विजय कुमार, नायब तहस. ीलदार भूपेंद्र सिंह देवेन्द्र कुमार प्रजापति, बीडीओ साढ़ौली योगेन्द्र कुमार,सीडीपीओ अफसाना बेगम, ऐ आर ओ अजय त्रिपाठी,एस डी ओ विद्युत बृज मोहन, बेहट चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर विजेंद्र कुमार मुजफ्फराबाद सी एच सी चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अशोक कुमार सर्किल के चारों थाने के पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

खेल प्रतियोगिता का आयोजन

गंगोह। गीता ज्ञान संस्कार एकेडमी में बाल दिवस के अवसर पर दो दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर अनेक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ मुख्य अतिथि कोषाध्यापक संजय कांत गुप्ता ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित व मशाल जलाकर किया। उप प्रधानाचार्य पूजा सिंह, दीपक सैनी, कोऑर्डिनेटर पारुल अग्रवाल ने मां सरस्वती के समक्ष पुष्पार्चन किए। छात्र छात्राओं ने महाराणा प्रताप, झांसी की रानी, शिवाजी की झाँकी प्रस्तुत की। पहले प्ले से यूकेजी तक बच्चों के सैक् रेस, कप रेस, स्पाइडर रेस आदि खेल कराए गए। जिसमें नमन, नित्य, प्रतीक, आयांश, पायल, अहमद, आर्य, परी, शिवांश, आरोही, अनुष्का, श्री, शिवांश ने भाग लिया।

कहानी सुनाओ प्रतियोगिता आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

चिलकाना। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पटनी में कहानी सुनाओ प्रतियोगिता का शुभारंभ संस्थान की उप शिक्षा निदेशक रेखा सुमन व निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ विजेंद्र पाल शर्मा, सेवानिवृत्त, महाराज सिंह डिग्री कॉलेज सहारनपुर, राम सिंह राहगीर, सेवा. निवृत्त अधीक्षक आई आई टी रुड़की व डॉक्टर सुमन यादव प्रवक्ता राजकीय इंटर कॉलेज देवला के द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन करके किया गया।

शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में उप शिक्षा निदेशक रेखा सुमन ने सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में अपना श्रेष्ठतम प्रदर्शन देने के लिए प्रेरित किया। निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ विजेंद्र पाल शर्मा ने प्रतियोगिता के अंत में कहानी सुनने के मूलभूत बिंदुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर अजय कुमार ने बताया कि जनपद के समस्त ब्लॉकों से प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों से दो दो शिक्षकों को प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु आमंत्रित किया गया है।

प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्तर से पृथक पृथक प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान का चयन किया गया। जिसमें से जनपद स्तर पर प्रथम स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर आयोजित की जाने वाली कहानी सुनाओ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त होगा। निर्णायक मंडल के निर्णय के आधार पर प्राथमिक स्तर पर, प्रथम स्थान श्रद्धा वर्मा, प्राथमिक विद्यालय पाडली खुशहालपुर विकास क्षेत्र पुंवारका तथा द्वितीय स्थान अंजली आर्य प्राथमिक विद्यालय छुटमलपुर नंबर दो, मुजफ्फराबाद एवं तृतीय स्थान कनिका सेठी प्राथमिक विद्यालय नागराजपुर पुंवारका ने प्राप्त किया। उच्च प्राथमिक स्तर पर प्रथम स्थान, बुशरा निगहत, उच्च प्राथमिक विद्यालय, नूरपुर देवबंद, द्वितीय स्थान ममता, उच्च प्राथमिक विद्यालय, खुदाबख्शपुर, नानौता तृतीय स्थान, रितु सिंघल ,उच्च प्राथमिक विद्यालय सरकडी शेख, पुंवारका को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र अधिकारी द्वारा किया गया तथा विशेष सहयोग कनिष्ठ सहायक सागर चौहान का रहा।

एसआईआर फार्म भरने का सिखाया तरीका

शाह टाइम्स संवाददाता

रामपुर मनिहारान। जमीयत उलेमा ए हिन्द के जिला उपाध्यक्ष हजरत मौलाना शमशीर कासमी व शारिक अंसारी एडवोकेट ने पहल करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के एसआईआर फार्म भरे और ग्रामीणों को फार्म भरने का तरीका सिखाते हुए आयोग द्वारा कराए जा रहे एस आई आर के बीएलओ द्वारा दिए गए फार्मों को ग्रामीणों से डिटेल लेकर भरा।हजरत मौलाना शमशीर कासमी ने कहा कि एसआईआर को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है। बीएलओ द्वारा दिए गए फार्म को आराम से भरें। फार्म में माँगे गए विवरण को फार्म में साफ लफ्जों में भरें और फार्म भरने के बाद दोबारा चेक करें।स्वयं संतुष्ट होने के बाद फार्म बीएलओ के पास जमा करा दें और रसीद प्राप्त कर लें। शारिक अंसारी एडवोकेट ने कहा कि फिलहाल फार्म के साथ कोई दस्तावेज जमा नही कराने हैं। वर्ष 2003 की मतदाता सूची के अनुसार फार्म भरा जाएगा।इसमें यदि कोई समस्या आए तो हमसे संपर्क करें।

इस दौरान हाफिज दिलशाद, सादिक, डॉ शाहबाज अंसारी आदि मौजूद रहे। लोगों को जागरूक किया।

जमीयत उलेमा ए हिन्द के जिला उपाध्यक्ष हजरत मौलाना शमशीर कासमी व एडवोकेट,वरिष्ठ समा. जसेवी शारिक अंसारी ने बड़ी पहल करते हुए क्षेत्र के ग्राम चर्रोह ,अमरपुर व पीरबनी कॉलोनी आदि के ग्रामीणों के बीच पहुँच कर केंद्रीय चुनाव

गांव की तस्वीर बदलने को तैयार नदीम

शाह टाइम्स संवाददाता

छुटमलपुर। मुजफ्फराबाद ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत भैंसराऊ में भावी ग्राम प्रधान प्रत्याशी नदीम अंसारी ने गांव की तस्वीर बदलने का बीड़ा उठाया है।

गांव के वर्षों से खराब पड़े रास्तों को देखकर उन्होंने हार नहीं मानी और अपने स्तर पर मरम्मत कार्य शुरू कराया। टूटे-फूटे गड्ढों से भरे रास्ते, जो बारिश में कीचड़ और सूखे में धूल का कारण बनते थे, अब समतल और मजबूत हो चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मौजूदा प्रधान के कार्यकाल में कई शिकायतों के बावजूद कोई ध्यान नहीं दिया गया। लेकिन नदीम अंसारी ने न केवल समस्या सुनी, बल्कि तुरंत समाधान भी किया। महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग और किसान सहित सबकी मुश्किलें आसान हो गईं। स्कूल जाने वाले बच्चे अब बिना गिरे सुरक्षित पहुंच रहे हैं, जबकि किसान अपनी उपज बाजार तक आसानी से ले जा रहे हैं। इस कार्य में गांव के युवाओं और बुजुर्गों ने भरपूर सहयोग दिया। असलम अंसारी, फारूक अंसारी, अल्ताफ अंसारी, साहबान अंसारी, वाजिद अंसारी, पप्पू, राजू कुमार, कयूम अंसारी, इसरार सलमानी, खुर्शीद सलमानी, अनिल सैनी, रितिक कुमार, पूर, पुनीत धवन, धवल, जबल सिंह धवल, आशु धवल और निखिलेश धवल सहित कई ग्रामीणों ने श्रम और संसाधन दोनों दिए।नदीम अंसारी ने कहा, "ग्राम प्रधान का काम जनता की सेवा करना है, पद के लिए नहीं। अगर जनता चुनेगी, तो गांव को आदर्श बनाऊंगा।" उनकी इस पहल ने न केवल रास्ते सुधारे, बल्कि लोगों के दिलों में उम्मीद जगाई है। ग्रामीणों में चर्चा है कि भैंसराऊ अब विकास की राह पर है।

NAGAR NIGAM, SAHARANPUR

No. 31/nivida/2025-26 Date: 15-11-25

Request For Proposal (RFP)

Nagar Nigam, Saharanpur invites bids the work mentioned below through e-Procurement in conformity with the terms and conditions of this advertisement and the detailed RFP notice in two bid system from intending bidders fulfilling the eligibility criteria mentioned in this notice and other qualifying requirements mentioned in this tender documents. Bidders can participate in the bidding after registering them on E-tendering portal http://etender.up.nic.in. Bidder can download the tender documents from the portal http://etender.up.nic.in after paying the tender cost through online payment. The bidders should have necessary portal enrollment (Digital Signature Certificate) under e-procurement process of Govt. of Uttar Pradesh in required class/category. In case of any queries on this Tender documents, intending bidders may contact Executive Engineer (Civil), Nagar Nigam, Saharanpur **(Tel. No.-8477008010)**

Name Of The Work	Earnest Money Deposit (Rs.)	Tender Fee With GST@18%
Design Supply, Installation, Testing and Commissioning Of Equipment For Solid Waste Transfer Station At: (1) Malhipur Road STP Plant, Nagar Nigam Saharanpur (U.P.) (2) Municipal Colony Matagarh, Nagar Nigam Saharanpur (U.P.)	1,41,05,000.00	6490.00

Time Schedule For Bidding

S.No.	Description	Date
1	Start Date For Bid Submission	19 Nov. 2025
2	Pre-Bid Meeting	26 Nov. 2025 Time 04:00 PM
3	Last Date and Time For Submission Of Bid	15 Dec. 2025 Time 03:00 PM
4	Date and Time For Opening Of Technical Bid	16 Dec. 2025 Time 11:00 AM

1. Other details can be seen on website http://etender.up.nic.in (for view, download and bidding).
2. Subsequent corrigendum if required, shall appear on the website.
3. Municipal Commissioner, Saharanpur reserves the right to reject any or all the tenders without assigning any reason.
4. Contractor who wants to participate in bid must register themselves on http://etender.up.nic.in.
5. For any other queries, please contact Executive Engineer (Civil), Nagar Nigam, Saharanpur. Also, for any further queries, the bidders are advised to send an email to: nirman132sre@gmail.com.

Chief Engineer
Nagar Nigam, Saharanpur

विद्यालयों में मनाई गई भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

शाह टाइम्स ब्यूरो

देवबन्द। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयो एवं महाविद्यालयों में जनजाति पखवाड़ा के अंतर्गत भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई। इस दौरान विद्यालयों में निबंध, चित्रकला, भाषण और कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

रेलवे रोड स्थित श्री रामकृष्ण योगाश्रम इंटर कॉलेज में क्विज, निबंध, नुक्कड़ नाटक एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य अरुण गोयल, सत्येंद्र कुमार व राधेश्याम राणा ने छात्रों को अनुसूचित जनजातीय कला, संस्कृति, खानपान, रहन-सहन और उनके दैनिक जीवन की जानक. ारी दी।

रणखंडी गांव स्थित ठा. फूल सिंह मैमोरियल इंटर कॉलेज में जनजाति पखवाड़ा के अंतर्गत भगवान बिरसा की 150 वीं वर्षगाठ के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य डा. अमरदीप सिंह ने कक्षा 11 और 12 के विद्यार्थियों को भगवान बिरसा मुंडा की क्रांतिकारी गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

एचएवी इंटर कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता प्रारंभ करने से पूर्व शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भगवान बिरसा मुंडा और लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्पार्जलि अर्पित की। इस दौरान प्रमोद कुमार ने भगवान बिरसा मुंडा के त्याग और उनके आदर्शों एवं जनजातीय उत्थान की जानकारी दी। इस दौरान राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य हेमसिंह पुंडीर, राजेश कुमार, विजेंद्र कुमार, महेंद्र सिंह, कालूराम शर्मा और अजय कुमार सहित अन्य स्टॉफ मौजूद रहा।

राजकीय महाविद्यालय कपूरी गोविंदपुर में एनएसएस इकाई के रेंवर रेंजर्स ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पणकर श्रद्धाजलि दी। साथ ही उनके जीवन पर आधारित डाक्यूमेंट्री फिल्म देखी। इस दौराना डा. प्रशांत कुमार, डा. त्रिसुख सिंह, डा. रेणु रानी, डा. पूर्णिमा सिंह, डा. धीर सिंह, डा. मदनपाल सिंह और डा. सचिन कुमार शामिल रहे।

स्काउट एंड गाइड शिविर का संपन्न, विद्यार्थियों को दिया गया विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

देवबन्द। इस्लामिया डिग्री कालेज में हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में चल रहा पांच दिवसीय स्काउट गाइड शिविर संपन्न हुआ। शिविर में छात्र-छात्राओं को विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया गया।

इस्लामिया डिग्री कालेज प्रागण में भारत स्काउट्स गाइड एसोसिएशन के सचिव डा. मनोज सिंधी ने स्काउट गाइड के महत्व पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को देश सेवा के लिए प्रेरित किया। कालेज प्राचार्य डा. वकील अहमद ने कहा कि यह शि. विर अनुशासन, सेवा भाव और आत्मनिर्भरता की भावना को बढ़ावा देते है। शिविर में दल नायक बबलू कुमार और शगुफ्ता ने विद्यार्थियों को बिना माचिस के आग जलाना, टेंट लगाना, प्रतिज्ञा, नियम, सेल्यूट, गांठ बंधन समेत विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया। विभागाध्यक्ष डा. फखरुद्दीन, प्रवीण यादव, वंदना, मुजम्मिल कमर, सुमित कुमार, डा. वाजिद खान, रुबीना, मोहम्मद गुफरान, राजवीर, निकेतन, वैशाली, अंजलि, वर्षा, मुकुंद गोयल, अर्शी, अनुष्का, नेहा आदि छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

भाजपाइयों ने बिहार विधानसभा में एनडीए को मिली सफलता पर मनाया जश्न

शाह टाइम्स ब्यूरो

देवबन्द। भाजपाइयों ने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को मिले प्रचंड बहुमत पर जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर मिठाइयां बांटी और इस जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व का परिणाम बताया।

भाजपा नगर अध्यक्ष अरुण गुप्ता के नेतृत्व में ढोल नगाड़ों के बीच भाजपा कार्यकर्ता सुभाष चौक पर पहुंचे और जमकर जश्न मनाया। अरुण गुप्ता ने कहा कि जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके नेतृत्व में एनडीए गठबंधन पर भरोसा जताया है। यह 2014 के बाद देश में आए परिवर्तन और सेवा भाव से किए जाने वाले राजनैतिक कार्यों की जीत है। वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश गांगुली

ने इसे गांव, गरीब, मजदूर, किसान और विकास के लिए सरकार द्वारा किए गए कार्यों की जीत बताया। कहा कि चुनाव के दौरान विपक्षियों द्वारा जनता को गुमराह करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने भ्रामक प्रचार को नकारते हुए एनडीए को चुनने का काम किया। विवेक तायल, विशाल गर्ग आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

आर्य समाज के वार्षिकोत्सव में वैदिक यज्ञ का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

देवबन्द। आर्य समाज के तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव के दूसरे दिन वैदिक यज्ञ का आयोजन हुआ। इस दौरान वक्ताओं ने समाज में फैले पाखंड और कुरीतियों पर प्रकाश डालते हुए उसे दूर करने का आह्वान किया।

दिवालहेड़ी गांव में आर्य समाज के तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव के दूसरे दिन आयोजित कार्यक्रम में पानीपत से आए रामनिवास आर्य ने ईश्वर क्या है कहां है और उसकी उपासना कैसे करें एवं घर एक मंदिर है पर विस्तार से प्रकाश डाला। आर्य विद्वान ओमवीर आर्य, गौतम आर्य, कंवर सिंह ने संयुक्त रुप से समाज में फैल रही बुराईयों को दूर करने का आह्वान किया और बच्चों की शिक्षा पर विशेष रुप से ध्यान देने पर जोर

दिया। अध्यक्षता डॉ. रामपाल आर्य व संचालन अधिवक्ता अजीत ने किया। इसमें भारतीय किसान संघ सहारनपुर के जिलाध्यक्ष अनिल माहला, पंडित

ओमवीर, लालू प्रधान, अमरेश आर्य, तेजवीर आर्य, कंवर सिंह आर्य, ईश्वर आर्य, ईश्वर धीमान, विनोद आदि मौजूद रहे।

बिजली चोरी रोकने के लिए विद्युत निगम ने चलाया अभियान

शाह टाइम्स ब्यूरो

देवबन्द। विद्युत निगम ने बिजली चोरी रोकने के लिए अभियान की शुरुआत की। मॉर्निंग चेकिंग अभियान के तहत 12 लोग बिजली चोरी करते पकड़े गए। जिनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

विद्युत निगम के अवर अभियंता गुलशन झा के नेतृत्व में निगम की टीमों ने लाइन लॉस वाले नगर के मोहल्ला पठानपुरा, दगड़ा, शाहजी. लाल, गुज्जरवाड़ा, कायस्थवाड़ा और रेलवे रोड पर मॉर्निंग चेकिंग अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि चेकिंग के दौरान इन मोहल्लों में 12 लोग बिजली चोरी करते पकड़े

अभियान के दौरान बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ कराई रिपोर्ट दर्ज

गए। जिनके खिलाफ विद्युत अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। गुलशन झा ने बताया कि बिजली चोरी रोकने को यह अभियान लगातार जारी रहेगा, जो कोई भी बिजली चोरी करते पकड़ा जाता है उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने कनेक्शन कटने की कार्रवाई से बचने के लिए उपभोक्ताओं से बकाया बिल जमा कराए जाने का आह्वान किया।

कालेज में तीन दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

देवबन्द। लाला पूरण चंद साहनी मैमोरियल इंटर कालेज में तीन दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रथम दिन छात्र-छात्राओं ने दौड़ समेत विभिन्न खेलों में उत्साह के साथ भाग लिया।

लाला पूरण चंद साहनी मैमोरियल इंटर कालेज प्रागण में आयोजित तीन दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन त्रिवेणी शुगर मिल के यूनिट हैड पुष्कर मिश्र ने करने के उपरांत कहा कि खेलों का जीवन में अत्यंत महत्व है। बच्चों को पढ़ाई के साथ ही खेलों को भी जीवन का अहम हिस्सा बनाना चाहिए। खेलों को रोजगार का माध्यम भी बनाया जा सकता है। इस दौरान हुई जूनियर बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में छात्र अजीत ने प्रथम, दीपांशु ने द्वितीय और सावन ने तृतीय स्थान

प्राप्त किया। जबकि सीनियर वर्ग की लंबी कूद प्रतियोगिता में प्रियांशु प्रथम, अखिलेश द्वितीय और आयुष तृतीय स्थान पर रहे। प्रबंधक गिरीश कोहली और प्रधानाचार्या सुनीता शाही ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। मधुलिका तंवर, मनोज पुंडीर आदि स्टाफ शामिल रहा।

विश्व उर्दू दिवस पर कार्यक्रम

नगीना। विश्व उर्दू दिवस के अवसर पर सामरी साहित्य कला अकादमी के तत्वावधान में ए.के. मुस्लिम गर्ल्स इंटर कॉलेज में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कवि और साहित्यिक हस्तियों ने भाग लिया। संगोष्ठी की अध्यक्षता शिक्षाविद् डॉ. आलमगीर काजमी ने की। जबकि संचालन प्रसिद्ध उर्दू लेखक और कॉलम लेखक डॉ. शेख नगीनवीं ने बखूबी निभाया। इस अवसर पर तनवीर आलम अंसारी को 'सामरी साहित्य पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि, विश्व प्रसिद्ध कवि अथर शकील ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि उर्दू सिर्फ भारतीय उपमहाद्वीप की नहीं, बल्कि एक वैश्विक भाषा है, जो पूरी दुनिया में बोली जाती है।

NOTICE

I, Mohammad Farhan S/o Mohammad Anees. R/o Vill post Tanshipur. Ps. Nagal, Dst. Saharanpur, U.P-247551. have changed my name to Farhan Ali for all future purposes.

सूचना

I, NILOFER W/o Mohd Farhan R/o Vill post Tanshipur. Ps. Nagal, Dst. Saharanpur, U.P-247551. have changed my name to NILOFAR W/o Farhan Ali for all future purposes.

पुलिस-बदमाश के बीच मुठभेड़, कुख्यात गैंगस्टर जुनैद को लगी गोली गिरफ्तार

अंबेहटा (सहारनपुर)। शनिवार शाम करीब 6 बजे गंगोह रोड स्थित बिजली घर के पास चेकिंग कर रही अंबेहटा पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने के बाद बदमाशों और पुलिस के बीच जोरदार मुठभेड़ हो गई।

जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से नकुड कोतवाली क्षेत्र का गैंगस्टर एक्ट में वांछित अपराधी जुनैद पुत्र नवाब अली (निवासी हबीबपुर रोड, अंबेहटा) गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। नकुड सीओ अशोक कुमार सिसोदिया व थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार त्यागी ने बताया कि अंबेहटा चौकी इंचार्ज नीरज कुमार अपनी टीम के साथ रूटीन चेकिंग कर रहे थे। तभी एक संदिग्ध ब्रेजा कार को रुकवाने पर कार सवार बदमाश ने पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी।

आत्मरक्षा में पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें जुनैद के पैर में गोली लगी और वह गिरफ्तार हो गया। मुठभेड़ स्थल से पुलिस ने निम्न सामान बरामद किया है। एक देशी तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, ब्रेजा कार जिसका इस्तेमाल अपराधी वारदातों को अंजाम देने में करते थे। आरोपी जुनैद पर गौ तस्करी नशा तस्करी व अन्य मामलों गंभीर धाराओं में नकुड कोतवाली में आधा दर्जन एवं यमुनानगर हरियाणा एक मुकदमा पंजीकृत हैं। वह लंबे समय से गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहा था। पुलिस ने बताया कि जुनैद क्षेत्र में सक्रिय गैंग का सरगना है और हाल के दिनों में कई वारदातों को अंजाम देने की फिराक में था। मामले की आगे की जांच की जा रही है। घायल जुनैद का अस्पताल में इलाज चल रहा है तथा जल्द ही उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा।

ग्लोकल विवि. राष्ट्रीय सेवा योजना का कार्यक्रम संपन्न

सहारनपुर। ग्लोकल विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा जनजातीय गौरव पखवाड़ा पर पडकौली वन गुर्जर डेरा पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया

ग्लोकल विश्वविद्यालय, सहारनपुर में माननीय अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन के संरक्षण कुलपति प्रोफेसर जॉन फिनबे की प्रेरणा और कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी की अनुप्रेरणा से कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर शोभा त्रिपाठी के संयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों द्वारा जनजातीय गौरव पखवाड़ा के आज अंतिम दिवस छात्रों की टीम पडकौली बन गुर्जर डेरा में गई। जहां पर उन्होंने वन गुर्जरों की जीवन शैली, उनकी सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक युग में उनकी समस्याओं पर गहन अध्ययन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी शाबान चौधरी थे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डायल 112 के सब इंस्पेक्टर अमित कुमार यादव तथा सुमित उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में बिलाल अहमद, असिस्टेंट प्रोफेसर एग्रीकल्चर विभाग की उपस्थिति रही। शाबान चौधरी ने अपने वक्तव्य में कहा की वन गुर्जरों से जुड़ी समस्याओं को समझने और उन्हें दूर करने के लिए सरकार प्रयत्नशील है। अमित कुमार यादव ने कहा की पुलिस और प्रशासन सदैव आपके साथ है आप कभी भी 112 पर डायल करें 5 मिनट के अंदर पुलिस आपके पास पहुंचेगी। इस अवसर पर स्त्रियों की सुरक्षा को लेकर भी उन्होंने अपने विचार अभिव्यक्त किए। मुख्य वक्ता बिलाल अहमद ने कहा कि सरकार आपकी समस्याओं को सुनने के लिए आप तक पहुंच रही है परंतु आपको भी जागरूक होना पड़ेगा इसके लिए इस्लामी शिक्षा के साथ-साथ स्कूली शिक्षा भी अनिवार्य है अत: आप इस

विषय पर अधिक विचार करें कि आपके बच्चे स्कूल पढ़ने के लिए जाएं। वन गुर्जरों की समस्या आज भी हमारे सामाजिक-आर्थिक ढांचे की एक गंभीर चुनौती बनी हुई है। सदियों से जंगलों में निवास करते आए वन गुर्जर अपनी आजीविका, पशुपालन और पारंपरिक जीवन शैली के लिए जंगलों पर निर्भर रहे हैं, परंतु वन संरक्षण कानूनों, सीमित चरागाह, बढ़ती आबादी और विकास परियोजनाओं के कारण उनके पारंपरिक अधिकार लगातार प्रभावित हो रहे हैं। डॉ शोभा त्रिपाठी ने कहा कि आधुनिकता और प्रशासनिक नीतियों की जटिलताओं के कारण न तो आप पूरी तरह मुख्यधारा में जुड़ पाए हैं और न ही अपने पारंपरिक जीवन को सुरक्षित रख पा रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और आजी. विका के अभाव ने स्थिति को और कठिन बना दिया है।

इसलिए आवश्यक है कि आपकी सांस्कृतिक विशेषताओं का सम्मान करते हुए, वन अधिकारों, संसाधनों और विकास योजनाओं से न्यायपूर्ण ढंग से जोड़कर एक संतु. लित और स्थाई समाधान प्रदान किया जाए। इस अवसर पर वन गुर्जर के प्रतिनिधि नूर जमाल ने अपनी बात रखते हुए कहा कि हमें पुनर्वास की आवश्यकता है जंगल जंगल भटकते रहने से हमारी जिंदगी व्यवस्थित नहीं हो पाती और सरकार हमें पुनर्वासित करने की पहल करें तो हमारे भी बच्चों का जीवन सुखद होगा।

उन्होंने अपना परंपरागत गीत बहुत ही मधुर स्वर में गाया , जिसे सुनकर सभी भाव विभोर हो उठे। विश्वविद्यालय की छात्रा सलमा ने वन गुर्जरों की समस्या रखी और उनकी भाषा में एक गीत भी प्रस्तुत किया। छात्र मुदस्सिर ने उनको शिक्षा के प्रति जागृत करते हुए अपना वक्तव्य दिया और कुछ शेर सुनाएं। छात्र अहकाम पिछले कई वर्षों से गुर्जरों की समस्या पर कार्य कर रहे हैं उन्होंने उनकी जिंदगी की कठिनाइयों को बताया और उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी बातों को सरकार तक पहुंचाने में राष्ट्रीय सेवा योजना सहायक सिद्ध होगी।

इस अवसर पर छात्र सोहेल, सूरज ,अंशु, सचिन, अभिषेक ,मुस्तहाब, आमिर आदि ने घर-घर जाकर उनकी संस्कृति का अध्ययन किया। छात्रा गजाला ने स्वच्छता पर जीत गाया। इस कैंप में कुल 130 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

सम्बंध विच्छेद

मेरा पुत्र अक्षय व पुत्रवधु श्रीमति मोनिका पत्नी अक्षय व पोत्र आशीष व पौत्री प्रियांशी मेरे कहने सुनने में नहीं है। इनके गलत आचरण व गलत हरकतो से दुखी होकर मैंने इनको अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में वह अपने किसी भी कृत्य व लेनदेन के स्वंय जिम्मेदार होंगे।

सोहनलाल उर्फ सोनू पुत्र चन्द्रपाल
निवासी ग्राम रास्तम
थाना देवबन्द जिला सहारनपुर

सम्बंध विच्छेद

मेरा पुत्र जावेद आलम व पुत्रवधु श्रीमति गुलशन पत्नी जावेद आलम मेरे कहने सुनने में नहीं है। इनके गलत आचरण व गलत हरकतो से दुखी होकर मैंने इनको अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में वह अपने किसी भी कृत्य व लेनदेन के स्वंय जिम्मेदार होंगे।

अमीर आलम पुत्र मजहर
निवासी ग्राम गोपाली
थाना देवबन्द जिला सहारनपुर

जनपद में आज कृषि विभाग की गठित टीम द्वारा बीज विक्रेताओं की दुकानों पर की गई छापेमारी

शामली। जिला कृषि अधिकारी शामली, प्रदीप कुमार यादव ने बताया कि शासन के निर्देशो के क्रम में आदरणीय जिलाधिकारी महोदय शामली द्वारा गठित की गई टीमो द्वारा जनपद शामली में कृषको को गुणवत्तायुक्त बीज की उपलब्धता तथा निर्धारित दर पर बिक्री सुनिश्चित करने हेतु आज दिनांक-15।।2025 को बीज की दुकानों पर छापेमारी का आयोजन, कर 14 दुकानों की जांच की गई जिसमें गेहूं बीज के कुल 16 बीज नमूने, मैद्र सिम्भालका फर्टीलाइजर ,मैद्र कृषि रसायन केन्द्र मिल रोड, मैद्र फसल सुरक्षा केन्द्र मिल रोड शामली एंव शिव कृषि सेवा केन्द्र मिल रोड शामली द्वारा गेहूं बीज के नमूने ग्रहित किए गए। तथा निरीक्षण के दौरान 01 दुकान मैद्र बालियान कृषि सेवा केन्द्र माजरा रोड शामली के अभिलेख पूर्ण नही पाए जाने के क्रम में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, तथा गेहूं बीज नमूनो को शीघ्र ही जॉच हेतु प्रयोगशाला में भेजा जाएगा तथा परिणाम प्राप्ति के उपरान्त बीज अधिनियम 1966 के अन्तर्गत अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।छापेमारी के दौरान जनपद के बीज विक्रेताओ को बीज बिक्री पर अनिवार्य रूप से किसानों को कैश मैमो देने के साथ-साथ स्टॉक रजिस्टर को अपडेट रखने के निर्देश दिए गए। जिला कृषि अधिकारी ने यह भी बताया कि जनपद मे खरीफ फसलों की बुवाई का कार्य चल रहा है जिसके अन्तर्गत जनपद में सभी प्रकार के बीजों की मात्रा पर्याप्त रूप में उपलब्ध है।

बाइक सवार खंभे से टकराया, मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। गढीपुख्ता में सवेरे बाइक सवार युवक की विद्युत विभाग के पोल से टकराए जाने से मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस न शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गढीपुख्ता निवासी नीटू पुत्र ब्रहम सिंह शनिवार सवेरे किसी कार्य से ऊन गया था, जो वहां अपना कार्य पूर्ण कर वापस लौट रहा था। बताया जाता है कि जब वह गांव सिम्भलका-ऊन के बीच पहुंची तो इसी दौरान सडक पर बने मोड पर उसका संतुलन बिगड़ गया, जिससे उसकी बाइक सडक पर खडेड विद्युत पोल से जा टकराई। जिसके बाद नीटू का सिर पॉल में जा लगा और उसकी मौके पर ही दर्दनांक मौत हो गई। सवेरे आसपास के लोग वहां पहुंचे तो उन्होने बाइक सहित नीटू के शव को पड़ा देखा और मामले की सूचना गढ़ीपुख्ता पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त करते हुए परिजनों को मौके पर बुलाया और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक नीटू की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, जो अपने पीछे दो बच्चे छोड दिया है।

पहला टेस्ट: कोलकाता में लगी विकेटों की पतझड़ के बीच

भारतीय टीम को मिली जीत की सुगंध

कोलकाता, वार्ता। रवींद्र जडेजा (चार विकेट) और कुलदीप यादव (दो विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर भारत ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के दूसरी पारी में 93 पर सात विकेट झटक कर मैच में अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। दक्षिण अफ्रीका अभी 63 रनों से आगे है और उसके तीन विकेट बाकी हैं। भारत को पहली पारी में 189 रन पर समेटने के बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की एक बार फिर शुरुआत अच्छी नहीं रही और वह भारतीय स्पिन गेंदबाजी आक्रमण के आगे बेबस नजर आया। लेफ्टआर्म स्पिनर रवींद्र जडेजा ने 29 रन पर चार लेकर मेहमान टीम को झकझोर दिया। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने 12 रन पर दो विकेट निकाले। लेफ्टआर्म स्पिनर अक्षर पटेल को 30 रन पर एक विकेट मिला। दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी में कप्तान टेम्बा बावुमा ने सर्वाधिक नाबाद 29 रन बनाए। रायन रिकलटन (11), वियान मुल्डर (11) और मार्को यानसन (13) ही दहाई की संख्या में पहुंच सके। स्टंप्स के समय बाबुमा के साथ कॉर्बिन बॉश एक रन बनाकर क्रीज पर थे। मैच के दूसरे दिन कुल 15 विकेट गिरे और भारत को इस मुकाबले में जीत की सुगंध नजर आने लगी है। इससे पहले भारत ने पहली पारी में 189 रन बनाकर 30 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की थी। भारत ने कल के एक विकेट पर 37 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में भारत का दूसरा विकेट 75 रन के स्कोर पर वाशिगटन सुंदर के रुप में गिरा। उन्हें साइमन हार्मर ने आउट किया। इसके बाद केशव महाराज ने केएल राहुल 39 रन को आउट किया। ऋषभ पंत (27 रन) को कॉर्बिन बॉश ने अपना शिकार बनाया। 49वें ओवर में हार्मर ने ध्रुव जुरेल (14) को अपनी ही गेंद पर कैच आउटकर पवेलियन भेज दिया। उन्होंने रवींद्र जडेजा (27) को भी अपना शिकार बनाया। इस दौरान मैच में आक्रामक बल्लेबाजी और धैर्यपूर्ण डिफेंस का मिश्रण देखने को मिला। राहुल ने केशव महाराज की गेंद पर एक छक्का और कई चौके लगाए, जबकि पंत शानदार फॉर्म में थे और आउट होने से पहले उन्होंने दो छक्के और इतने ही चौके लगाए। सुंदर ने भी अपनी पहुंच और टाइमिंग का अच्छा इस्तेमाल करते हुए एक छक्का और दो चौके लगाकर प्रभावित किया। भारत का सातवां विकेट कुलदीप यादव (एक) का विकेट 172 के स्कोर पर गिरा। उन्हें मार्को यानसन ने आउट किया। मोहम्मद सिराज (एक) को भी यानसन ने अपना शिकार बनाया। 63वें ओवर की दूसरी गेंद पर साइमन हार्मर ने अक्षर पटेल (16) को आउटकर नौ विकेट पर 189 के स्कोर पर भारतीय पारी का अंत कर दिया। इससे पहले शुभमन गिल स्वीप शॉट लगाने के प्रयास में 79/2 के स्कोर पर चोटिल होकर पवेलियन लौट गए थे और वह दोबारा बल्लेबाजी करने मैदान पर नहीं उतरे। दक्षिण अफ्रीका के लिए साइमन हार्मर ने चार विकेट लिए। मार्को यानसन को तीन विकेट मिले। कॉर्बिन बॉश और केशव महाराज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

लेफ्टआर्म स्पिनर रवींद्र जडेजा ने 29 रन पर चार विकेट लेकर मेहमान टीम को झकझोरा

गिल चोट के कारण रिटायर्ड हर्ट हुए

● **द. अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन के खेल के सुबह के सत्र में गर्दन में ऐंठन के कारण रिटायर्ड हर्ट हो गए थे**

कोलकाता, वार्ता। भारतीय कप्तान शुभमन गिल कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन के खेल के सुबह के सत्र में गर्दन में ऐंठन के कारण रिटायर्ड हर्ट हो गए। बीसीसीआई ने शनिवार दोपहर इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी प्रगति पर नजर रख रही है।

गिल ड्रिंक्स ब्रेक के ठीक बाद बल्लेबाजी करने आए जब साइमन हार्मर ने वाशिगटन सुंदर को आउट किया। दाएं हाथ के स्पिनर ने भारत के चौथे नंबर के बल्लेबाज को राउंड द स्टंप्स से गेंदबाजी जारी रखी, जिन्होंने पहली गेंद पर डिफेंस किया और फिर अगली गेंद पर स्लॉग स्वीप किया। उन्होंने अच्छी तरह से गेंद को हिट किया और अपना पहला चौका भी लगाया, लेकिन शॉट लगाने के तुरंत बाद ही वह असहज महसूस करने लगे। फज़ियो गिल को देखने आए, जिन्होंने अपनी गर्दन के पिछले हिस्से को पकड़ रखा था और अपना सिर खुलकर नहीं हिला पा रहे थे।

त्वरित जांच के बाद, गिल रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान से बाहर चले गए, और उनकी जगह ऋषभ पंत मैदान पर आए। वह भारत की पहली पारी के दौरान पूरी पारी में बल्लेबाजी के लिए नहीं लौटे, जो अगले डेढ़ सत्र में 189/9 पर समाप्त हुई - 30 रनों की बढ़त के साथ। बीसीसीआई ने कहा कि आज (शनिवार) उनके खेल में भाग लेने पर भी मेडिकल स्टाफ की निगरानी रहेगी।

संक्षिप्त खेल समाचार

आईसीसी महिला इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी बैंकॉक में होगी

दुबई, वार्ता। चार महाद्वीपों की आठ टीमों के बीच नया वैश्विक टूर्नामेंट 'आईसीसी महिला इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी' 20 से 30 नवम्बर तक बैंकॉक में खेला जाएगा। महिला इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी टूर्नामेंट के पहले संस्करण में थाईलैंड, पापुआ न्यू गिनी, नीदरलैंड, यूएई, स्कॉटलैंड, नामीबिया, तंजानिया और युगांडा हिस्सा लेंगे। पहले दिन 20 नवम्बर को थाईलैंड बनाम नीदरलैंड और पापुआ न्यू गिनी बनाम यूएई के बीच मैच खेले जाएंगे। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि इस टूर्नामेंट का आयोजन भारत और श्रीलंका में हाल ही में हुए संपन्न हुए एकदिवसीय महिला विश्व कप की सफलता को देखते हुए किया जा है। इस दौरान 'भारत में 50 करोड़ से अधिक दर्शकों ने इसे देखा और 'विभिन्न देशों में दर्शकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि' भी हुई थी।

टेनिस प्रीमियर लीग की रेस टू गोल्ड मास्टर्स दिल्ली में शुरू

नई दिल्ली, वार्ता। टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) रेस टू गोल्ड मास्टर्स टूर्नामेंट का पहला चरण शनिवार को दिल्ली लॉन टेनिस एसोसिएशन में शुरू हुआ। दिल्ली में उत्तरी क्षेत्र से शुरू होकर, यह टूर्नामेंट तीन शहरों में खेला जाएगा, जिनमें गुजरात (22 व 23 नवंबर) और मुंबई (29 व 30 नवंबर) शामिल हैं, और यह टूर्नामेंट संबंधित राज्य टेनिस संघों के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। टीपीएल की एक पहल, यह टूर्नामेंट उभरती हुई टेनिस प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करता है, जिससे उन्हें टीपीएल के अनूठे और रोमांचक 25-पॉइंट प्रारूप का उपयोग करके अपने कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है। इसका उद्देश्य भारत के टेनिस प्रतिभाओं को सामने लाना और खेल के लिए एक मजबूत घरेलू पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में मदद करना है।

लक्ष्य सेन सेमीफाइनल में हारे

● **लक्ष्य सेन दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी केंटा के खिलाफ चले मुकाबले में 21-19, 14-21, 21-12 से हार गए**

जापान, वार्ता। भारतीय शटलर लक्ष्य सेन को शनिवार को सेमीफाइनल मुकाबले में स्थानीय बैडमिंटन खिलाड़ी केंटा निशिमोटो के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा और इसी के साथ कुमामोटो मास्टर्स जापान 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत का अभियान समाप्त हो गया।

यहां कुमामोटो प्रीफेक्चुरल जिम्नेजियम में प्रतिस्पर्धा करते हुए लक्ष्य सेन, दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी केंटा निशिमोटो के खिलाफ एक घंटे 17 मिनट तक चले मुकाबले में 21-19, 14-21, 21-12 से हार गए। केंटा निशिमोटो के खिलाफ छह मुकाबलों में लक्ष्य सेन की यह तीसरी हार है। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता और पेरिस 2024 के सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य सेन ने शानदार शुरुआत की और 8-4 की बढ़त बना ली, लेकिन केंटा निशिमोटो ने वापसी करते हुए पहला गेम नौ-नौ से बराबर कर दिया। इसके बाद उतार-चढ़ाव भरा मुकाबला चला, जिसमें कोई भी खिलाड़ी जीत हासिल नहीं कर सका।

स्कोर 18-18 से बराबर था जब निशिमोटो ने दो महत्वपूर्ण अंक बनाए और कुछ ही क्षणों बाद गेम को अपने नाम कर लिया। लय को बरकरार रखते हुए केंटा निशिमोटो ने दूसरे गेम में जोरदार वापसी की और 7-3 की बढ़त बना ली। हालांकि, भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने अगले नौ में से आठ अंक जीतकर मध्यांतर तक 11-8 की बढ़त बना ली। गेम दोबारा शुरू होने के बाद, लक्ष्य ने तीन अंकों की बढ़त बरकरार रखी और फिर लगातार चार अंक बनाकर निर्णायक गेम में जगह बना ली। निर्णायक गेम एकतरफा मुकाबले में बदल गया। मध्यांतर तक निशिमोटो ने चार अंकों की बढ़त बनाए रखी और उसके बाद अपनी पकड़ और मजबूत करते हुए लगातार अंतर बढ़ाते हुए मैच को आसानी से अपने नाम कर लिया।

वेस्ट जोन ने नॉर्थ जोन को हराकर जीता खिताब

● **सीनियर वुमेंस इंटर जोनल टी-20 के फाइनल में वेस्ट जोन ने 25 रनों से मैच जीतकर खिताब अपने नाम किया**

नई दिल्ली, वार्ता। सीनियर वुमेंस इंटर जोनल टी20 ट्रॉफी 2025 के फाइनल में शुक्रवार को वेस्ट जोन ने नॉर्थ जोन को 25 रनों से हराकर पहला खिताब अपने नाम किया। खिताबी मुकाबला सोविमा के नागालैंड क्रिकेट एसोसिएसन स्टेडियम में खेला गया।

यह वेस्ट जोन का घरेलू महिला टी20 क्रिकेट प्रतियोगिता में पहला इंटर-जोनल खिताब था। इससे पहले के दो संस्करणों में वह क्रमशः सेंट्रल जोन और ईस्ट जोन के बाद रनर-अप रही थी। कप्तान तानिया भटिया की अगुवाई में नॉर्थ जोन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने फैसला किया। हुमैरा काजी की अर्द्धशतकीय पारी की बदौलत वेस्ट जोन महिला टीम ने 20 ओवर में 169/4 का स्कोर दर्ज किया। इसके जवाब में नॉर्थ जोन महिला टीम 20 ओवर में लक्ष्य को पूरा नहीं कर सकी और 4 विकेट खोकर 144 रन ही बना सकी। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्ट जोन ने शानदार शुरुआत की। सलामी बल्लेबाजों हुमैरा काजी और किरण नवगीरे ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए टीम की नींव मजबूत की। केपी नवगीरे 245 रन बनाकर टूर्नामेंट की शीर्ष स्कोरर रहीं। छठे ओवर में वेस्ट जोन को पहला झटका अमनदीप कौर ने दिया। अमनदीप ने किरण को अपना शिकार बनाया। किरण ने 18 गेंदों में 34 रनों की पारी खेली, जिसमें चार चौके और दो छक्के भी जड़े। इसके बाद हुमैरा का साथ तेजल हसबनीस ने दिया और पारी को आगे बढ़ाया। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 77 रनों की अहम साझेदारी की। 15वें ओवर में वेस्ट जोन को दूसरा झटका हुमैरा के रूप में नजमा खान ने दिया। हुमैरा ने तूफानी अर्द्धशतकीय पारी खेलते हुए आठ चौके और एक छक्के की मदद से 44 गेंदों में 58 रन बनाए। इसके बाद तेजल भी ज्यादा देर मैदान पर अनुजा पाटिल का साथ नहीं दे सकी और 18वें ओवर में नजमा ने उन्हें अपना शिकार बनाया। तेजल ने भी तेजी से रन बटोरे, लेकिन वह अर्द्धशतक बनाने से चूक गईं। तेजल ने 35 गेंदों में 43 रन बनाए, जिसमें तीन चौके और एक छक्का शामिल रहा।

अर्जुन एरिगैसी-पी हरिकृष्णा ने पहला गेम ड्रॉ खेला

पणजी, वार्ता। यहां जारी फिडे विश्व कप 2025 के पांचवें राउंड के पहले गेम में शुक्रवार को ग्रैंडमास्टर लेवोन अरोनियन के डिफेंस को भेदने की ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी की कोशिशें नाकाम रहीं, जबकि ग्रैंडमास्टर पी हरिकृष्णा ने ड्रा खेला। सफेद मोहरों से खेलते हुए, अर्जुन डबल रूक एंड गेम में अपनी मामूली बढ़त को भुना नहीं पाए और 41 चालों के बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच अंक बराबर हो गए।

इससे पहले, हरिकृष्णा ने काले मोहरों से दमदार खेल दिखाया और सुनिश्चित किया कि जाइंट किलर ग्रैंडमास्टर जोस एडुआर्डो मार्टिनेज अल्कांतारा को सफेद मोहरों से जीतने का कोई मौका न मिले। कुल 24 भारतीय खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता की शुरुआत की, जिसमें 82 देशों के 206 खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। चार राउंड के बाद, केवल दो भारतीय ही खिताब जीतने और प्रस्तावित कैंडिडेट स्पॉट हासिल करने की दौड़ में बचे हैं। शुक्रवार को, अर्जुन दो बार के चैंपियन अरोनियन के खिलाफ सफेद मोहरों से बढ़त हासिल करने के लिए बेताब थे। ऐसा लग रहा था कि अर्मेनियाई मूल के अरोनियन मुश्किल में पड़ गए हैं क्योंकि उन्हें अपनी 21वीं चाल खेलने में लगभग 30 मिनट लग गए। उनकी तारीफ की बात यह है कि उन्होंने मुश्किल से निकलने का रास्ता खोज लिया और फिर मजबूत शतरंज खेलकर यह सुनिश्चित किया कि सफेद मोहरों से खेलते हुए वे सै(ांतिक रूप से बढ़त के साथ दूसरे गेम में जाएं। हरिकृष्णा के लिए ऐसी कोई मुश्किल नहीं थी क्योंकि वे अल्कांतारा की योजना के लिए पूरी तरह तैयार थे क्योंकि दोनों खिलाड़ी तेज़ी से रूक-पॉन एंडगेम की ओर बढ़े।

भारतीय कुश्ती महासंघ ने अमन सहरावत पर निलंबन हटाया, राहत मिली

● **भारतीय पहलवान से माफी नामा मिलने और देश के शीर्ष कोचों से परामर्श के बाद महासंघ ने अपना फैसला वापस लिया**

नई दिल्ली, वार्ता। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने अमन सहरावत पर लगाया गया एक साल का निलंबन वापस ले लिया है, क्योंकि ओलंपिक कांस्य पदक विजेता इस साल की शुरुआत में विश्व चैंपियनशिप में अपने इवेंट के दौरान अधिक वजन के पाए गए थे। पेरिस 2024 में भारत के सबसे कम उम्र के ओलंपिक पदक विजेता बने अमन सहरावत का वजन क्रोएशिया के जागरेब में 2025 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में पुरुषों के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग के आधिकारिक वजन के दौरान निर्धारित सीमा से 1-7 किग्रा अधिक पाया गया। अमन, जो 14 सितम्बर को अपने मुकाबले से 18 दिन पहले क्रोएशिया में भारत के तैयारी शिविर में शामिल हुए थे, कथित तौर पर अस्वस्थ थे और समय पर अपना वजन कम नहीं कर पाए। डब्ल्यूएफआई, जिसने पेरिस 2024 में विनेश फोगाट के निराशाजनक परिणाम के बाद से असफल वजन माप पर कड़ा रुख अपनाया है, ने शुरुआत में अमन को कारण बताओ नोटिस जारी किया और बाद में उनके जवाब को 'असंतोषजनक' पाए जाने पर उन्हें निलंबित कर दिया। हालांकि, भारतीय पहलवान से माफीनामा मिलने और देश के शीर्ष कोचों से परामर्श करने के बाद महासंघ ने अपना फैसला वापस ले लिया है। युवा नेहा सांगवान, जिन्हें बुल्गारिया में अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अधिक वजन होने के कारण डब्ल्यूएफआई द्वारा निलंबित कर दिया गया था।

आरआर ने जडेजा और करन के लिए संजू को किया सीएसके से ट्रेड

● **संजू सैमसन सीएसके जाएंगे, जबकि आरआर को ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और सैम करन मिलेंगे**

नई दिल्ली, वार्ता। राजस्थान रॉयल्स (आरआर) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने ऐसे खिलाड़ियों के ट्रेड को अंतिम रूप दे दिया है, जिसके तहत संजू सैमसन सीएसके जाएंगे, जबकि आरआर को ऑलराउंडर्स रवींद्र जडेजा और सैम करन मिलेंगे। यह आईपीएल इतिहास के सबसे हाई-प्रोफाइल ट्रेड्स में से एक है। 2021 से लेकर पिछले सीजन तक आरआर की कप्तानी करने वाले सैमसन को आईपीएल 2025 से पहले 18 करोड़ रुपये में रिटेन किया गया था। सीएसके ने भी जडेजा को इतने ही मूल्य पर रिटेन किया था, जबकि करन को उन्होंने नीलामी में 2-4 करोड़ रुपये में खरीदा था। सैमसन सीएसके में उसी शुल्क पर शामिल होंगे, लेकिन जडेजा का शुल्क संशोधित होकर 14 करोड़ रुपये कर दिया गया है। करन का शुल्क जस का तस है। सैमसन ने आरआर के साथ 11 साल बिताए, लेकिन आईपीएल 2025 के बाद संकेत दिया था कि वह बदलाव चाहते हैं और फ्रेंचाइजी से रिलीज किए जाने की इच्छा जताई थी। जडेजा के लिए यह उस फ्रेंचाइजी में वापसी है जिसके साथ उन्होंने 2008 में पहले सीजन में अपना आईपीएल करियर शुरू किया था। जडेजा 2012 से सीएसके के साथ थे, सिवाय 2016 और 2017 के जब फ्रेंचाइजी निलंबित थी। उन्हें 2022 में कप्तान भी बनाया गया था, लेकिन खराब शुरुआत के बाद उन्होंने नेतृत्व एमएस धोनी को वापस सौंप दिया था। करन के लिए यह तीसरी आईपीएल फ्रेंचाइज़ी होगी। वह 2019 से 2025 के बीच सीएसके और पंजाब किंग्स के बीच आते-जाते रहे। आरआर के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट कुमार संगकारा ने कहा जडेजा का रॉयल्स में वापस आना हम सभी के लिए बेहद ख+ास है। वह फ्रेंच.ाइजी और फैंस को अच्छी तरह समझते हैं, क्योंकि वह आरआर के आईपीएल जीतने वाले अभियान का हिस्सा रहे हैं। इतने सालों में वह ऐसे खिलाड़ी बने हैं जो खेल को हर विभाग में प्रभावित कर सकते हैं। उनका अनुभव, संयम और प्रतिस्पर्धी रवैया हमारे ग्रुप के लिए बेहद मूल्यवान साबित होगा। शमी, नितीश राणा, फरेरा, तेंदुलकर किए गए ट्रेड जैसा कि बीते शुक्रवार को ईएसपीएन क्रिकइंफो ने रिपोर्ट किया था अब मोहम्मद शमी आईपीएल 2026 में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के लिए खेलेंगे।

बाबर का शतक सूखा समाप्त, पाक ने जीती सीरीज

● **पाक ने मेहमान टी को 288 रनों पर रोकने के बाद, बाबर आजम ने नाबाद 102 और फखर के 78 के अर्द्धशतक की बदौलत पाक ने आसानी से यह लक्ष्य हासिल किया**

रावलपिंडी, वार्ता। पाकिस्तान ने रावलपिंडी में दूसरे वनडे में श्रीलंका को आठ विकेट से हराकर तीन मैचों की वनडे सीरीज अपने नाम कर ली। यह मैच पहले गुरुवार को होना था, लेकिन सुरक्षा कारणों से इसे एक दिन के लिए स्थगित कर दिया गया। मेहमान टीम को 288 रनों पर रोकने के बाद, बाबर आजम के शतक (नाबाद 102) और फखर जमान (78) के अर्द्धशतक की बदौलत पाकिस्तान ने आसानी से यह लक्ष्य हासिल कर लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका के सलामी बल्लेबाजों ने 51 रनों की साझेदारी करके एक मज़बूत नींव रखी। हालांकि दोनों बल्लेबाज क्रीज पर अच्छी स्थिति में दिख रहे थे, लेकिन 10वें ओवर में तीसरा रन लेने की कोशिश में पथुम निसंका के रन आउट होने के बाद उनकी साझेदारी अचानक टूट गई। इसके बाद 14वें ओवर की शुरुआत में अबरार अहमद की गुगली का शिकार कामिल मिशारा स्टंप आउट हो गए। कुसल मेंडिस भी ज़्यादा देर तक नहीं टिक पाए और 20वें ओवर में अबरार की गेंद पर पुल-शॉट लगाकर मिड-विकेट पर आउट हो गए। इस लेग स्पिनर ने एक ओवर बाद ही चरिथ असलांका को कैच देकर मेहमान टीम का स्कोर 98/4 कर दिया। सदीरा समरविक्रमा और जनिथ लियानागे के बीच 61 रनों की साझेदारी के बाद श्रीलंका की साझेदारी की जरूरत कुछ हद तक पूरी हुई। 32वें ओवर में हारिस रऊफ की गेंद पर समरविक्रमा ने लाइन पार करने की कोशिश में अपना ऑफ स्टंप गंवा दिया, लेकिन श्रीलंका की वापसी कामिंदु मेंडिस ने की, जो सकारात्मकता के साथ मैदान पर उतरे। लियानागे के अर्द्धशतक के साथ 73 रनों की एक और महत्वपूर्ण साझेदारी हुई। हालांकि, पाकिस्तान ने लगातार दो ओवरों में कामिंदु और लियानागे को आउट करके जवाबी हमला किया और 44वें ओवर की समाप्ति पर श्रीलंका का स्कोर 241/7 हो गया। अगले ही ओवर में दुष्मंथा चमीरा गोल्डन डक पर आउट हो गए, जिन्हें रऊफ ने एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया। लेकिन वानिंदु हसरंगा और प्रमोद मदुशन के बीच 44 रनों की शानदार साझेदारी ने सुनिश्चित किया कि श्रीलंका की पारी बिना संघर्ष के समाप्त न हो। अंतिम ओवर में श्रीलंका ने तीन चौकों सहित 18 रन बटोरे और 288/8 का स्कोर बनाया। जवाब में, पाकिस्तान की शुरुआत शानदार रही और मदुशन ने उनकी मदद की, जिन्होंने दूसरे ओवर में 11 वाइड दिए। फखर जमान और सैम अयूब दोनों ने लगातार ढीली गेंदों का फायदा उठाया। श्रीलंका की लापरवाही उनके क्षेत्ररक्षण में भी दिखाई दी।

विकास योजनाओं में रोल मॉडल बने सहारनपुरः मौर्य

प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक लेकर दिए जरूरी निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सहारनपुर को प्रदेश के लिये विकास योजनाओं में रोल मॉडल बनाने तथा आमजन की समस्याओं का गुणवत्ता के साथ त्वरित समाधान कराने के निर्देश दिये।

उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान सर्किट हाउस सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ले रहे थे। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के तहत प्रमुखता से ग्राम्य विकास, मनरेगा, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना, खाद्य प्रसंस्करण आदि की बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सहारनपुर में विकास की अपार संभावनाएं है। सभी अधिकारी संवेदनशील होकर कार्य करें और सहारनपुर को नई ऊंचाईयों पर पहुंचाएं। सहारनपुर विकास योजनाओं में रोल मोडल बनकर अन्य जनपदों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी आमजन के साथ बेहतर

व्यवहार करते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाएं। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुनिश्चित कराएं कि योजनाओं का लाभ पात्रों को मिले। ग्राम चौपाल कार्यक्रम के अन्तर्गत गांव की समस्याओं का गांव में ही समाधान हो। फूड प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना के लिए प्रयास किया जाए। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना में प्रत्येक ग्राम में एक यूनिट की स्थापना की जाए जिससे गांव में ही लोगों को रोजगार मिल सके।

श्री मौर्य ने निर्देश दिए कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत निर्मित अमृत सरोवरों एवं अमृत वनों की निरंतर समीक्षा की जाए। उन्होने कहा कि पीएम एवं सीएम आवास योजना के तहत सभी को पक्का मकान मिल सके। इस संबंध में जनप्रतिनिधियों से भी समन्वय किया जाए। उन्होंने कहा कि जनप्रति. निधियों के अनुभवों का भी लाभ उठाया जाए।

उन्होने निर्देश दिए कि जिले की शिकायतों को जिले स्तर पर ही निस्तारित किया जाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व कर रहीं मातृशक्ति को आर्थिक रूप से समृद्ध किया जाए। इसके लिए लखपति दीदी योजना के लाभार्थियों का विस्तार करते हुए बेहतर कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाए।

जिलाधिकारी ने उप मुख्यमंत्री को काष्ठ से निर्मित गणेश जी की मूर्ति भेंट करते हुए आश्वस्त किया कि आपके द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

समीक्षा बैठक में राज्यमंत्री लोक निर्माण विभाग बृजेश सिंह, राज्यमंत्री संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास जसवंत सैनी, महापौर डॉक्टर अजय सिंह, विधायक नगर राजीव गुंबर, विधायक नकुड़ मुकेश चौधरी, विधायक गंगोह कीरत सिंह, विधायक रामपुर मनिहारान देवेंद्र निम, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, जिलाध्यक्ष महेन्द्र सैनी, महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई, गौरव गर्ग सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

भाजपा सरकार जनजातीय समाज के कल्याण को संवेदनशीलः केशव प्रसाद

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा के जीवन से राष्ट्रीय एकता तथा सामाजिक सौहार्द की प्रेरणा मिलती है। धरती आबा, बिरसा मुंडा भगवान, जनजातीय शौर्य की शान थे। डबल इंजन सरकार जनजातीय गौरव की पुनर्स्थापना करते हुए जनजातीय समाज के कल्याण के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है।

श्री मौर्य शनिवार कोसेठ गंगा प्रसाद माहेश्वरी जनमंच सभागार में 'धरती आबा' भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित श्जनजाति गौरव दिवसश कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम जनमन योजना के माध्यम से जनजातीय समुदाय के लिए देश में अनेक कार्यक्रम प्रारम्भ किए गए हैं।सरकार अनुसूचित जनजाति वर्ग की शिक्षा के स्तर को उठाने व शासकीय योजनाओं में भागीदारी बढ़ा रही है।जनजातीय समुदाय को बेहतर प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 01 नवम्बर से 15 नवम्बर, 2025 तक जनजातीय गौरव पखवाड़ा आयोजित किया गया।धरती आबा' भगवान बिरसा मुण्डा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए जनजाति गौरव दिवस आयोजित किया जा रहा है। देश की स्वतन्त्रता के प्रति समर्पित भगवान बिरसा मुण्डा ने मात्र 25 वर्ष की उम्र में रांची जेल में अन्तिम सांस ली। उन्होंने जनजातीय समुदाय को 'अपना देश अपना राज' का नारा दिया था।

इस अवसर पर राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी, राज्य मंत्री कुंवर बृजेश सिंह, महापौर डॉ. अजय कुमार सिंह, विधायकगण राजीव गुंबर, मुकेश चौधरी, देवेंद्र कुमार निम, कीरत सिंह, शीतल बिश्नोई, डॉ. महेंद्र सिंह सैनी आदि मौजूद रहे।

रूही अंजुम को दी ब्लॉक पुंवारका की जिम्मेंदारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। समाजवादी पार्टी ने आगामी चुनावों के दृष्टिगत संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिये पदाधिकारियों को ब्लाकवार जिम्मेंदारी सौंपी है। जिसमें रूही अंजुम को पुंवारका ब्लाक की जिम्मेंदारी दी गई है।

प्रदेश नेतृत्व से जारी सूची के अनुसार प्रदेश सचिव रूही अंजुम को पुंवारका, धर्मवीर खटाना को रामपुर मनिहारान, मांगेराम कश्यप को नकुड़, मजाहिर राणा एडवोकेट को देवबंद, विजेंद्र विश्वकर्मा को नागल, प्रीतम सिंह यादव को सरसावा, निकित चौधरी को शामली के ऊन, इसरार चौधरी को मुजफ्फराबाद, फेसल सलमानी को कैराना, दिलशाद गौड को साढौली कदीम, चौधरी सलीम अख्तर को गंगोह, इंजी.विजेश शर्मा को बलियाखेडी, पूर्व विधायक मनोज चौधरी को नानौता की जिम्मेंदारी दी गई है। रूही अंजुम ने कहा कि नेतृत्व द्वारा जो जिम्मेंदारी सौंपी गई है उसका बखूबी पालन किया जायेगा।

पार्षद इमरान सैफी ने भरवाए वार्ड में प्रपत्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत वार्ड 68 में पार्षद हाजी इमरान सैफी ने बीएलओ के साथ मिलकर जनजागरण की कमान संभाल ली है।

अभियान के दौरान बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं प्रपत्र भरवा रहे हैं और जिनके घर पर लोग अनुपस्थित हैं वहां फार्म छोड़ रहे हैं-वृद्ध और बीमार मतदाताओं को विशेष सहायता दी जा रही है। पार्षद इमरान सैफी ने बताया कि यह अभियान लोकतंत्र को मजबूत करने का अवसर है। उन्होंने कहा सभी पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना जरूरी है-

ताकि हर व्यक्ति अपने वोट का अधिकार इस्तेमाल कर सके-इमरान सैफी खुद अपनी टीम के साथ बीएलओ का सहयोग करते हुए वार्ड के हर घर में पहुंच रहे हैं। इस सेवा कार्य में पार्षद प्रतिनिधि रिहान अली राव हाजी मोहम्मद वसीम अकबर सैफी राव मसरूर मतलूब अब्बासी एहतेशाम अब्बासी जुहेब खान सैयद आजम रिहान जुबेरी दिलशाद जुब. `री अबरार खान शरीफ अहमद तस्लीम फरीदी दौलत सलीम अल्ताफ उर रहमान आजम सैफी भूरा सहित कई साथी सक्रिय हैं।

प्रबंध समिति चुनाव में एक-एक नामांकन

नागल। जगदीश प्रसाद आदर्श विद्या मंदिर इंटर कॉलेज कोटा की प्रबंध समिति के चुनाव में शनिवार को आरंभ हुई नामांकन प्रक्रिया में सभी पदों पर एक-एक नामांकन आने के बाद समिति अध्यक्ष के पद पर अमरीश अग्रवाल, प्रबंधक पद पर प्रणव कुमार का निर्वाचित होना तय माना जा रहा है।

चुनाव अधिकारी धर्मपाल सिंह यादव एवं पर्यवेक्षक मीतू त्यागी ने बताया कि जेपी इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति के चुनाव में नामांकन प्रक्रिया 15 नवंबर से आरंभ हुई है और 16 नवंबर को नामांकन जांच तथा नाम वापसी की प्रक्रिया के साथ 23 नवंबर को समिति का चुनाव होना था। लेकिन अध्यक्ष पद पर अमरीश अग्रवाल उपाध्यक्ष पद पर विपुल कुमार, प्रबंधक पद पर प्रणव कुमार, उप प्रबंधक पद पर अभिषेक शर्मा, कोषाध्यक्ष पद पर प्रेमचंद एवं सदस्य पद पर धीर सिंह, प्रमोद कुमार, अंकुर अग्रवाल, नरेश कुमार, सुधीर कुमार त्यागी , पवन कुमार, तथा मांगेराम ने नामांकन किया है। उन्होंने बताया कि भले ही एक एक पद पर एक एक नामांकन हुआ हो लेकिन चुनाव परिणाम की घोषणा निर्धारित तिथि 23 नवंबर को ही की जाएगी।

सभी पदों पर एक-एक नामांकन होने के बाद सभी प्रत्याशियों का निर्वाचित होना तय माना जा रहा है।

वार्षिक उत्सव अंतराग्नि में बच्चों ने मचाया धमाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। शेमफोर्ड स्कूल में आज वार्षिक उत्सव "अंतराग्नि 2025" हर्षोल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया।

बेहट रोड स्थित स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि सीबीएसई देहरादून के क्षेत्रीय अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। उन्होंने मंच पर आकर बच्चों की प्रतिभा की सराहना की और कहा कि ऐसे सांस्कृतिक मंच विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे पहले चेयरमैन अशोक अग्रवाल, मैनेजिंग डायरेक्टर विकास अग्रवाल, डायरेक्टर्स सुश्री अदिति अग्रवाल, हिमान अग्रवाल एवं कनिका अग्रवाल ने मुख्य अतिथि का बुकें देकर स्वागत किया।

इस वर्ष कार्यक्रम का आकर्षक थीम "नवरस" रहा, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने श्रृंगार, हास्य, करुण, रौद्र, वीर, भयानक, बीभत्स, अद्भुत और शान्तरूइन सभी रसों पर आधारित मनमोहक गीतरूनृत्य प्रस्तुतियाँ दीं। बच्चों के रंगारंग और प्रभावशाली प्रदर्शन ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया और पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। काइंडरगार्टन के नन्हें-मुन्नों ने भी इंग्लिश सॉन्ग्स पर शानदार डांस प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया।

अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती वंदना सक्सेना ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और सभी अभिभावकों के सहयोग, विश्वास एवं सक्रिय सहभागिता के लिए हृदय से धन्यवाद व्यक्त किया।

कार्यक्रम का समापन ग्रैंड फाइनले और प्रधानाचार्य के धन्यवाद भाषण के साथ हुआ।

जिज्ञासाएं की शांत

गंगोह। मिशन शक्ति फेस 5 की टीम एंटी रोमियो प्रभारी द्वारा साइबर अपराध सुरक्षा जागरूकता अभियान व मिशन शक्ति फेस 5 के विषय में करियर मेला में छात्र छात्राओं तथा महिलाओं को जानकारी दी गई। छात्राओं ने अपनी जिज्ञासा को भी शांत किया।

एंटी रोमियो टीम प्रभारी एसआई वर्षा कुशवाह, शीतल, कौशल, राक. `श कुमार द्वारा राजकीय हाईस्कूल रंधेड़ी में करियर मेला में आयोजन किया गया। मेलें में मिशन शक्ति फेज-5 के विषय मे राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा व नये कानून सहित अन्य जानकारी दी। महिलाओं व बालिक. ाओं को जागरुक करते हुए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं विधवा पेंशन, सुमंगला योजना, बाल कल्याण योजनाओं, बाल मजदूरी न कराने और गुड टच और बड टच आदि के बारे में जानकारी दी।

दिव्यांग बच्चों को कराया एक्सपोजर विजिट

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। जनपद में समेकित शिक्षा के अंतर्गत परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु ब्लॉक सरसावा, नकुड़ एवं गंगोह के दिव्यांग बच्चों का एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कुमारी कोमल के कुशल निर्देशन एवं जिला समन्वयक समेकित शिक्षा अरविंद कुमार सिंह के संयोजन में किया गया।

कार्यक्रम के तहत हरियाणा प्रदेश के जनपद कुरुक्षेत्र मे दिव्यांग बच्चों हेतु एक्सपोजर विजिट कराया गया। बच्चों को ज्ञानवर्धक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक स्थलों एवं पिपली चिड़ियाघर एवं ब्रहमसरोवार का भ्रमण कराया गया। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ विभिन्न स्थलों का अवलोकन किया और इतिहास, विज्ञान एवं संस्कृति की जानकारी प्राप्त की इस तरह के भ्रमण कार्यक्रम इनके आत्मविश्वास और सीखने की इच्छा को नई दिशा देते है इस कार्यक्रम ने यह साबित किया कि समेकित शिक्षा के प्रयास न केवल शिक्षण तक सीमित हैं, बल्कि बच्चों को जीवन के हर अनुभव से जोड़ने का माध्यम भी हैं, विजिट मे कमलेश कुमार यादव, चन्द्रमणि रुहेला, सरोज, विजय, प्रमोद सिंह, रजनीक. ांत यादव उपस्थित रहे।

तहसील में लेखपालों का धरना प्रदर्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ उपशाखा तहसील सदर के पदाधिकारियों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर आज प्रदर्शन कर धरना दिया तथा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।

आज तहसील सदर परिसर में लेखपाल संघ के आह्वान पर लेखपालों ने अपनी लम्बित मांगों को लेकर प्रदर्शन कर धरना दिया। पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले 6 वर्षों से शैक्षणिक योग्यता व पदनाम परिवर्तन, प्रारम्भिक वेतनमान उच्चीकरण, एसीपी विसंगति, मृतक आश्रितों की पेंशन विसंगति, अतिरिक्त पद सृजन, स्टेशनरी भत्ता बढ़ाकर 1000 रुपये करने, वाहन/मोटरसाइकिल भत्ता अनुमन्य कराने तथा विशेष वेतन भत्ता 2500 रुपये करने जैसी प्रमुख मांगें पूरी नहीं हुई

हैं। उन्होंने कहा कि 3000 से अधिक लेखपाल अपने परिवारों से सैकड़ों किलोमीटर दूर तनावपूर्ण परिस्थितियों में कार्यरत हैं, जबकि 2018 के शासनादेश के अंतर्गत अंतर्मंडलीय स्थानांतरण के ऑनलाइन आवेदन लिए जाने के बावजूद अब तक सूची जारी नहीं हुई। इस दौरान लेखपालों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी सदर को दिया।

इस दौरान तहसील अध्यक्ष नीरज कुमार पुंडीर, सचिव चौ. चौन सिंह, प्रदीप कुमार गुप्ता, अखिल कुमार, रवि सैनी, सुनील कुमार, श्रीमती स्वाति शामिल रहे।

जिला पंचायत के जीर्णोद्धार व सौन्दर्यकरण का लोकार्पण

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। जिला पंचायत बोर्ड बैठक में हल्के फुल्के अवरोध के बीच प्रस्तावों पर मुहर लगाते हुए जिला पंचायत कार्यालय का जीर्णोद्धार व सौदर्यकरण का लोकार्पण भी किया गया।

जिला पंचायत सभागार में आयोजित बैठक में सर्वप्रथम अवर अभियंता आदेश कुमार द्वारा प्रस्ताव पढकर सुनाये गये। जिसके बाद प्रस्ताव संख्या दो के तहत वर्तमान वर्ष 2024-25 का पुनरीक्षित बजट एवं आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 का मूल बजट सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। दूसरे प्रस्तावों पर जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी मांगेराम की सहमति से रखे गये। इसके अलावा कुछ प्रस्तावों को छोडकर सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किये गये।

■ जिला पंचायत बोर्ड बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्तावों पर लगी मुहर, पेश किया गया मूल बजट

बैठक में ब्लाक प्रमुख मेहरबान मुखिया, सुभाष चौधरी, श्रीमती राखी पुंडीर, ताहिर हसन, विश्वास चौधरी, दिनेश चौधरी, संजना चौधरी, जिला पंचायत सदस्य बिजेन्द्र कश्यप, मुक. `श कुमार, दुबे सिंह, हंसराज गौतम, जब्बार, इसरार, श्रीमती नसरीन, रामकिशन, श्रीमती गुलशाना, अब्दुल हकीम, श्रीमती अंजेसना, राहुल, श्रीमती इमराना, श्रीमती शिमला, श्रीमती सविता देवी, वैसर, जोनी उर्फ जयवीर, श्रीमती ममता चौधरी, मौ. अफजल, इमरान मलिक, मौ. अफजल, श्रीमती संगीता देवी, अपर मुख्य अधिकारी उपेन्द्र कुमार, अभियंता मुकेश कुमार, वित्तीय परामर्शदाता इन्द्रेश कुमार, सतेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

बैठक के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष चौ.मांगेराम ने जिला निधि योजनांतगत जिला पंचायत कार्यालय के जीर्णोद्धार व सौंदर्यकरण का लोकार्पण किया। इस दौरान मास्टर विजेंद्र चौधरी भी मौजूद रहे।

कहासुनी में युवक से मारपीट

चिलकाना। युवक को बहला फुसलाकर लोन पर बुलट बाईक निकलवाकर किस्त न देने को लेकर हुई कहासुनी के चलते युवक के साथ मारपीट करने के प्रकरण में पुलिस ने लगभग एक माह बाद एक नामजद तथा अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

बताते चलें कि लगभग एक माह पूर्व चिलकाना नगर के मोहल्ला गढी निवासी रानी पत्नी स्व. प्रमोद ने मोहल्ले के ही युवक पर आरोप लगाते हुए बताया था कि उसके बेटे ऋषभ को आरोपी ने बहला फुसलाकर आधार कार्ड व बैंक की कॉपी सहित सहारनपुर ले गये जहां उसके बेटे की आईडी के आधार पर बुलेट बाइक फाइनेंस पर निकलवा ली। आरोप था कि अब आरोपी ने बाइक की किस्तें नहीं दी जिससे फाइनेंस कर्मचारी लोन का पैसा लेने पीड़िता के घर पहुंचे। पीड़िता के बेटे ऋषभ ने आरोपी के घर जाकर फाइनेंस के पैसे चुकाने को कहा तो आरोपी ने ऋषभ को मन्दिर के पीछे बुलाया ओर अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर ऋषभ को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिस मामले में नगर के गणमान्य लोगों द्वारा दोनो पक्षों को बैठाकर फैंसला करा दिया था। लेकिन फैंसले के बाद भी पीड़िता ने एसएसपी के समक्ष प्रस्तुत होकर अनावश्यक रूप से दबाव बनाकर फैंसला कराये जाने का हवाला देते हुए विपक्षियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की।

इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया है कि घटना के सम्बन्ध में आरोपी अतहर पुत्र नौशाद निवासी मोहल्ला गढी थाना चिलकाना तथा अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी गयी है।

निगम ने बनाए डेकोरेशन के लिए गोबर से खिलौने

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। मां शाकुंभरी कान्हा उपवन गोशाला ने चाइनीज खिलौनों के विकल्प में गाय के शुद्ध गोबर से 'बच्चों के खिलौने' निर्मित किए है। इन खिलौनों को लोग डेकोरेशन में भी प्रयोग कर अपने घर की शोभा बढ़ा सकते हैं। ये खिलौने ऑनलाइन भी उपलब्ध रहेंगे।

नगर निगम द्वारा संचालित कान्हा उपवन गौशाला अपने नवाच. ारों के लिए देशभर में जानी जाती है। नवाचारों की इसी कड़ी में गौशाला में गाय के गोबर से ''बच्चों के खिलौने' निर्मित किये गए हैं। बहुत छोटे और रंग बिरंगे सुंदर आकार में निर्मित ये खिलौने बच्चों के खेलने के अलावा डेकोरेशन के लिए भी प्रयोग किये जा सकते हैं। गौशाला प्रभारी डॉ.संदीप मिश्रा ने बताया कि इन खिलौनों को मिट्टी के खिलौनों की विलुप्त हो रही

संस्कृति का विकल्प भी माना जा सकता है। इसके अतिरिक्त इन खिलौनों की एक विशेष बात ये भी है कि ये बायोडिग्रेडेबल हैं। यानि टूटने या अनुपयोगी होने पर इन्हें बिना किसी प्रदूषण के गमलों में खाद के रुप में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि आईएसओ प्रमाणित कान्हा गौशाला प्रदेश की पहली गौशाला है जहां इस तरह के अनूठे गो-उत्पादों को निर्मित कर विक्रय किया जा रहा है। खिलौनों की कीमत 20 रुपया प्रति खिलौना रखी गयी है।डॉ.मिश्रा ने बताया कि गौशाला में 25 से अधिक गो-उत्पाद निर्मित किए जा रहे हैं, जिनमें दूध, घी, छाछ के अलावा गोबर से प्राकृतिक पेंट, वर्मी कम्पोस्ट, दिए, गणेश लक्ष्मी व शिव की प्रतिमाएं, गाय-बछड़े की मूर्ति, ओम, स्वास्तिक, धूप बत्ती, हवन स्टिक, उपले, गो-काष्ठ, प्राकृतिक गुलाल, पंचगव्य साबुन, संभरानी कप, राखी, नेम प्लेट, तोरण द्वार, तिरंगा चेस्ट बैज, कमल का फूल तथा बायो गैस और गो मूत्र से गो अर्क व गोनाइल आदि सम्मिलित हैं। निगम की कान्हा गौशाला प्रदेश की ऐसी भी पहली गौशाला है जहां विलुप्त हो चुकी बैल गाड़ी संस्कृति को पुनः जीवित करते हुऐ बच्चों को गो-संवर्धित परिसर में घुमाने के लिए मॉडर्न बुलक कार्ट बनाई गई है। गोबर व गोमूत्र से निर्मित उत्पादों के लिए नगर निगम की कान्हा उपवन गौशाला वर्ल्ड रिकॉर्ड व आईबीआर अचीवर अवार्ड से सम्मानित हो चुकी है।

रकम न मिलने पर रुकवाई जेसीबी

शाह टाइम्स संवाददाता

तीतरों। खेत से उठाई मिट्टी की रकम नहीं मिलने पर किसानों ने जेस. ीबी मशीन को खेत में ही रोक दिया तथा थाने पहुंच कर हंगामा किया। पुलिस के समझाने के बाद दोनों पक्षों के बीच सहमति बन गई। किसानों के खेतों में पैमाईश का काम जारी है।

अंबाला शामली नेशनल हाईवे निर्माण के लिए मिट्टी भराव का काम जारी है। इसके लिए किसानों के खेतों से मिट्टी उठाई जा रही है। नेशनल हाईवे के लिए गांव रादौर के किसानों के खेतों से मिट्टी उठाई गई थी। आरा. `प है कि कई बार कहने के बाद भी ठेकेदार ने किसानों को मिट्टी का भुगतान नहीं किया। जिसके कारण किसान परेशान थे। शनिवार की दोपहर किसान एकत्रित होकर थाने पर पहुंचे। किसानों का आरोप था कि तय मानक से अधिक खेतों से मिट्टी उठाई गई है। किसान मेंनपाल सिंह का आरोप है कि एक साल पहले उसके खेत से मिट्टी उठाई गई थी लेकिन भुगतान नहीं किया गया। किसान विजयपाल, राजवीर आदि का आरोप था कि उनके खेतों से ज्यादा गहरी खुदाई कर तय मानक से अधिक मिट्टी उठाई गई है। किसानों ने थाने पर पहुंचकर हंगामा काटा। पुलिस ने मिट्टी ठेकेदार के सहयोगी को थाने पर बुलवा लिया। सूचना मिलने के बाद हाईवे के कंस्ट्रक्शन में लगी कंपनी के कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे। जिसमें तय किया गया कि नापतोल के बाद किसानों को मिट्टी का भुगतान कर दिया जाएगा। कंस्ट्रक्शन कंपनी से जुड़े मोनू कुमार ने बताया कि किसानों को नापतोल के बाद मिट्टी का भुगतान कर दिया गया है। इस दौरान योगेश चौधरी, श्रवण कुमार, रोहित कुमार, रामकुमार, तेलू राम, बॉबी, राजवीर सिंह, नवीन कुमार आदि उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

चीन ने 1000 टन का सोने का भंडार खोजा

बीजिंग। चीन ने शिनजियांग के कुनलुन पहाड़ों में सोने का विशाल भंडार खोजा है। इस सर्वे में शामिल भू-विज्ञानियों के मुताबिक शुरुआती अनुमान बताते हैं कि यहां कुल सोने का भंडार 1000 टन से भी ज्यादा हो सकता है। साउथ चाइना मार्निंग पोस्ट के मुताबिक एक साल में यह तीसरी बार है जब चीन को 1000 टन से ज्यादा का सोने का भंडार मिला है। इससे पहले ऐसे दो बड़े भंडार लियाओनिंग और हुनान में मिले थे। दुनिया में सिर्फ 5 सोने के भंडार ऐसे हैं जो 1000 टन से ज्यादा बड़े हैं। ऐसे में इसे एक बड़ी सफलता माना जा रहा है। इसकी कीमत लगभग 1164 लाख करोड़ भारतीय रुपये होगी।

शेनझोउ-20 अंतरिक्ष यात्री बीजिंग पहुंचे

बीजिंग। शेनझोउ-20 का चालक दल अपना अंतरिक्ष स्टेशन मिशन पूरा करने के बाद विमान से बीजिंग पहुंच गया है। तीनों अंतरिक्ष यात्री-चेन डोंग, चेन झोंगरुई और वांग जी शेनझोउ-21 अंतरिक्ष यान से पृथ्वी पर शुक्रवार को सुरक्षित उतर गए। उल्लेखनीय है कि जिस वापसी यान में वे सवार थे वह अंतरिक्ष मलबे से टकराने के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था। चीन की अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि टीम ने अपने शेनझोउ-20 अंतरिक्ष यान को कक्षा में छोड़ दिया और शेनझोउ-21 का इस्तेमाल करके वापस लौटे हैं। सीएमएसए ने कहा कि 204 दिनों तक कक्षा में रहने के बाद तीनों अंतरिक्ष यात्री स्वस्थ हैं और उनका वापसी मिशन सफल रहा।

पूर्वी अफगानिस्तान में जल आपूर्ति नेटवर्क शुरू

काबुल। अफगानिस्तान के पूर्वी प्रांत नांगरहार में एक नए जल आपूर्ति नेटवर्क शुरू किया गया है। सरकारी न्यूज एजेंसी बख्तर ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि लाल. पुर जलि में निर्मित इस परियोजना का उद्देश्य 665 परिवारों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है, जिन्हें हाल ही में गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ा है। इस नेटवर्क से पानी की कमी से प्रभावित निवासियों की दैनिक कठिनाइयां कम होने उम्मीद है।

रूस में सड़क हादसे में सात की मौत, 15 घायल

मास्को। रूस के पर्म क्षेत्र में एक छोटी यात्री बस और ट्रक में टक्कर होने की वजह से सात लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। रूस की तास न्यूज एजेंसी ने ने शुक्रवार को क्षेत्रीय आपातकालीन सेवाओं के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार यह दुर्घटना आर-243 कोस्त्रोमा- शार्या-किरोव-पर्म सड़क के 55 किलोमीटर दूर पर हुई। घायलों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया।

बांग्लादेश में हिंसा जारी, 5 जिलों में हाईवे जाम

हसीना को सजा सुनाए जाने से पहले आगजनी, राजधानी ढाका में सेना की 12 टुकड़ियां तैनात

ढाका। बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना को दो दिन बात मानवता के खिलाफ अपराध मामले में सजा सुनाई जाने वाली है। इससे पहले राजधानी ढाका में जारी आगजनी और हिंसा की घटनाओं के बाद सुरक्षा व्यवस्था और सख्त कर दी गई है। हसीना के समर्थकों ने ढाका समेत पांच जिलों में हाईवे जाम कर रखा है। सरकार ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बार्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) की 12 अतिरिक्त टुकड़ियां शहर में तैनात की हैं, जो लगातार गश्त कर रही हैं।

राजधानी के प्रमुख इलाकों में पैरामिलिट्री फोर्स की तैनाती बढ़ाई गई है। यहां हाल के दिनों में वाहनों में आगजनी और तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आई थीं। इससे पहले भी बांग्लादेश सरकार ढाका और आसपास के जिलों में बीजीबी की 14 टुकड़ियां तैनात कर चुकी है ताकि स्थिति नियंत्रण में रहे और किसी तरह की अराजकता न फैले। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के समर्थकों के तेवर और तीखे हो गए हैं। उनकी मांग है कि पूर्व पीएम हसीना के खिलाफ झूठे मामले वापस

■ राजधानी के प्रमुख इलाकों में पैरामिलिट्री फोर्स की तैनाती बढ़ाई गई

लिए जाएं। साथ ही फरवरी में चुनाव की तारीख का ऐलान किया जाए। शुक्रवार को अवामी लीग के कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ भी झड़पें हुईं। अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के पास दो बम विस्फोट हुए। इससे पहले 13 नवम्बर को हसीना के खिलाफ फैसले की तारीख के ऐलान से पहले अवामी लीग ने विरोध में पूरे देश में प्रदर्शन किए। इसके जवाब में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी के कार्यकर्ता ढाका के कई इलाकों में सड़कों पर उतर आए और कुछ जगहों पर जुलूस भी निकाले। इंटरनेशनल क्राइम्स कोर्ट (आईसीटी) 17 नवम्बर को हसीना के खिलाफ मानवता के विरुद्ध अपराध के मामले में फैसला सुनाएगी। हसीना पर 2024 में छात्र आंदोलन में हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप है। जमात भी यूनुस सरकार के खिलाफ उतरी कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी ने भी यूनुस सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ढाका की बड़ी मस्जिद में जुमे की नमाज के बाद जमात के नायब-ए-अमीर सैयद अब्दुल्ला ने कहा कि फरवरी में चुनाव और जनमत संग्रह (रेफरेंडम) एक साथ नहीं कराया जाए। जनमत संग्रह के मुद्दे पर यूनुस सरकार को नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) का साथ मिल गया है। एनसीपी के चीफ कोआर्डिनेटर नसीरुद्दीन पटवारी ने शुक्रवार को कहा कि फरवरी में चुनाव के साथ जनमत संग्रह कराया जाना ठीक रहेगा।

हैदराबाद, तेलंगाना। आवारा कुत्तों के समर्थन में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान नारे लगाते पालतु पशु प्रेमी और पीपुल फॉर एनिमल (पीएफए) अभया के सदस्य।

चीन ने अपने नागरिकों से जापान नहीं जाने का आग्रह किया

बीजिंग। चीन ने अपने नागरिकों से जापान की यात्रा न करने का आग्रह किया है और प्रधानमंत्री साने ताकाइची की ताइवान संबंधी टिप्पणियों को लेकर बीजिंग स्थित जापान के राजदूत को तलब किया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार चीन और जापान के बीच इस हफ्ते वाकयुद्ध तेज हो गया है, जिसकी शुरुआत ताकाइची के उस बयान से हुई है, जिसमें अगर चीन ताइवान पर हमला करता है तो जापान अपनी आत्मरक्षा सेना के साथ जवाब दे सकता है। इसके बाद दोनों देशों के विदेश मंत्रालयों ने एक-दूसरे के समक्ष गंभीर विरोध दर्ज कराया है। यह विवाद चीन और जापान के बीच ऐतिहासिक दुश्मनी के साथ-साथ स्वशासित ताइवान की संप्रभुता पर लंबे समय से चले आ रहे अस्पष्ट दृष्टिकोण को भी अभिव्यक्त करता है।

दो राज्यों में हार के बाद टैरिफ पर पलटे ट्रम्प

बीफ-कॉफी और फलों से टैरिफ हटाया, अमेरिकियों का सालाना खर्च 8 लाख बढ़ने के बाद लिया फैसला

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प वर्जीनिया और न्यू जर्सी में हुए चुनावों में हारने के बाद टैरिफ से पीछे हट रहे हैं। ट्रम्प ने शुक्रवार को एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। इसमें बीफ, काफी और फलों सहित दर्जनों एग्रीकल्चर प्रोडक्ट पर लगे टैरिफ हटा दिए गए हैं। इसके पीछे मंहगाई बड़ी वजह है। ट्रम्प प्रशासन के अनुसार यह कदम उत्पादों की कीमतों को स्थिर करने के लिए उठाया गया है। इन पर लगाए गए टैरिफ का बोझ सीधे उपभोक्ताओं पर पड़ रहा था। बीफ, काफी, चाय, फलों का जूस, कोको, मसाले, केले, संतरे, टमाटर और कुछ खाद उत्पादों को टैरिफ फ्री कैटेगरी में शामिल किया गया है।

द गार्डियन की रिपोर्ट के मुताबिक खाद्य पदार्थों की कीमतें अप्रैल से सितम्बर 2025 तक 2.7 प्रतिशत बढ़ीं, जिसमें बीफ 7 प्रतिशत और केले 7 प्रतिशत महंगे हुए हैं। अमेरिकियों का कहना है कि उनकी मासिक लागत में एवरेज 9 हजार रुपये से 66 हजार रुपये तक बढ़ोतरी हुई है। कुल मिलाकर, टैरिफ ने अमेरिकी परिवार के सलाना खर्च को एवरेज 2 से 8 लाख रुपये तक बढ़ा दिया है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने बीफ, काफी और दूसरे वस्तुओं पर टैरिफ हटाने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। पिछले महीनों में बीफ सहित कई खाद्य उत्पादों की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। अप्रैल में ट्रम्प ने कई देशों पर टैरिफ लगाए थे। उनके प्रशासन का दावा था कि इनसे उपभोक्ता कीमतें नहीं बढ़तीं। लेकिन नतीजा इसके उलट आया। ब्राजील जैसे

■ ट्रम्प प्रशासन के अनुसार यह कदम उत्पादों की कीमतों को स्थिर करने के लिए उठाया गया है
■ इन पर लगाए गए टैरिफ का बोझ सीधे उपभोक्ताओं पर पड़ रहा था

बड़े बीफ निर्यातक देश पर टैरिफ को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया गया। यह फैसला इक्वाडोर, ग्वाटेमाला, एल साल्वाडोर और अर्जेंटीना के साथ हुए समझौतों के तुरंत बाद आया। इनसे इन देशों से कृषि उत्पादों पर आयात टैक्स कम होगा। इस हफ्ते ट्रम्प ने काफी पर टैरिफ कम करने का संकेत दिया था, जिससे इम्पोर्ट आगे बढ़ सके। 2025 में अमेरिका का सबसे बड़ा कृषि व्यापारिक साझेदार मेक्सिको है, जो एक्सपोर्ट और आयात दोनों के मामले में टाप पर है। यूनाइटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट आफ एग्रीकल्चर (यूएसडीए) के आंकड़ों के अनुसार, 2024 में अमेरिका ने मेक्सिको को रिकॉर्ड 30.3 अरब डालर के कृषि उत्पाद एक्सपोर्ट किए, जो 2023 से 7 प्रतिशत ज्यादा था। कुल व्यापार मूल्य के लिहाज से, 2020-24 के एवरेज में मेक्सिको ने अमेरिका को 41.6 अरब डालर के इम्पोर्ट किए, जो सभी कृषि आयातों का लगभग 25 प्रतिशत है, जबकि कनाडा दूसरे स्थान पर 35 अरब डालर के साथ है। मुख्य एक्सपोर्ट में मक्का (5.51 अरब डालर), सूअर का मांस, डेयरी उत्पाद, सोयाबीन और मुर्गी मांस शामिल हैं, जबकि इम्पोर्ट में टमाटर, एवोकाडो, बेरीज और सब्जियां प्रमुख हैं। समझौते के कारण मेक्सिको के ज्यादातर उत्पादों पर टैरिफ शून्य हैं, जिससे यह व्यापार आसान और तेजी से बढ़ा है। पिछले चार वर्षों में निर्यात 65 प्रतिशत ऊपर हो गया। ट्रम्प ने 5 मार्च को अमेरिकी संसद के जाइंट सेशन में दुनियाभर के देशों पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। उन्होंने कहा था कि हमारी इकोनामी लगातार घाटे में जा रही है। इस नुकसान से बचने के लिए हम उन सभी देशों पर टैरिफ लगाएंगे, जो हमारे सामानों पर टैरिफ लगाते हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने करीब एक महीने बाद 2 अप्रैल को भारत समेत 69 देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। यह 9 अप्रैल से लागू होने वाला था, लेकिन ट्रम्प ने तब इसे टाल दिया। बाद में 31 जुलाई को ट्रम्प ने 100 से ज्यादा देशों पर टैरिफ लगाया, जो अगस्त में पूरी तरह लागू हो गया। भारत और अमेरिका के बीच डेयरी प्रोडक्ट्स को लेकर विवाद है। अमेरिका चाहता है कि उसके डेयरी प्रोडक्ट्स जैसे दूध, पनीर, घी को भारत में आयात की अनुमति मिले। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है और इस सेक्टर में करोड़ों छोटे किसान लगे हुए हैं।

ट्रम्प दायर करेंगे बीबीसी के खिलाफ मुकदमा

वाशिंगटन। अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह पैनोरमा द्वारा उनके भाषण को संपादित किए जाने को लेकर बीबीसी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे। गौरतलब है कि इस मामले में पैनोरमा मीडिया ने ट्रम्प से माफी तो मांग ली है लेकिन उन्हें नुकसान की भरपाई (मुआवजे) करने से इनकार किया है। ट्रम्प ने शुक्रवार शाम एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हम उन पर एक से पांच अरब डॉलर के बीच के मुआवजे का मुकदमा करेंगे। संभवत: अगले हफ्ते कभी भी यह कदम उठा सकते हैं। बीबीसी ने गुरुवार को कहा था कि छह जनवरी 2021 के भाषण के संपादन में अनजाने में यह गलती हो गई कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने हिंसक कार्रवाई का सीधा आह्वान किया था और कहा कि इसे फिर से प्रसारित नहीं किया जाएगा। बीबीसी ने ट्रम्प से माफी मांगी, लेकिन कहा कि वह आर्थिक मुआवजा नहीं देगा। बीबीसी ने यह बयान ट्रम्प के वकीलों की धमकी दिए जाने के बाद जारी किया, जिसमें उनके वकीलों ने कहा था कि अगर बीबीसी ने अपना बयान वापस नहीं लिया, माफी नहीं मांगी और उन्हें मुआवजा नहीं दिया, तो वे बीबीसी पर एक अरब डॉलर का मुक़दमा करेंगे।

विदेशी कर्मचारियों को जेडी वेंस ने सस्ता नौकर बताया

वाशिंगटन। अमेरिका में एच-1बी वीजा विवाद के बीच विदेशी मजदूरों को लेकर छिड़ी बहस अब और तेज हो गई है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने विदेशी कर्मचारियों को सस्ता नौकर बताया और कहा कि हमें उनकी जरूरत नहीं है।

वेंस ने विपक्षी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि डेमोक्रेट्स का मॉडल कम वेतन वाले प्रवासियों को देश में लाने पर जोर देता है। इससे अमेरिकी लोगों के रोजगार, वेतन और समृद्धि को नुकसान पहुंचेगा। वेंस ने कहा कि ट्रम्प का मॉडल दूसरा है जो अमेरिका में डेवलपमेंट का रास्ता खोलेगा। उन्होंने कहा: अमेरिकी मजदूरों को तकनीक से मजबूत बनाना चाहिए, न कि सस्ते विदेशी श्रम पर निर्भर होना चाहिए। वहीं एच-1बी वीजा को लेकर ट्रम्प की पार्टी एक विधेयक लाने की तैयारी कर रही है, जिससे अमे. रिका में भारतीयों की एंट्री मुश्किल हो सकती है। राष्ट्रपति ट्रम्प की करीबी और अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की सदस्य मार्जोरी टेलर ग्रीन ने कहा है कि जल्द ही एच-1बी खत्म करने को लेकर विधेयक लाया जाएगा। रिपब्लिकन पार्टी की मार्जोरी का आरोप है कि एच-1बी वीजा का गलत इस्तेमाल हो रहा है। अमे. रिका फर्स्ट की नीति के तहत

■ अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने कहा- हमें इनकी जरूरत नहीं, एच-1बी वीजा खत्म करने की तैयारी

एच-1बी वीजा कैटेगरी को खत्म किया जाएगा। हालांकि, उन्होंने कहा कि अगले 10 साल तक हर साल 10 हजार डाक्टरों को एच-1बी वीजा जारी होंगे। अभी हर साल 85 हजार एच-1बी वीसा में से लगभग 70 प्रतिशत वीसा भारतीयों को जारी होते हैं। इससे पहले ट्रम्प ने कहा था कि अमेरिका में कुछ खास प्रतिभाओं की कमी है। ट्रम्प ने कहा था कि देश में कई अहम नौकरियों के लिए पर्याप्त टैलेंटेड लोग नहीं हैं, इसलिए विदेशी स्किल्ड वर्कर्स की जरूरत पड़ती है। हाल ही में फाक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में ट्रम्प ने जार्जिया की एक बैटरी फैक्ट्री का उदाहरण दिया था। उन्होंने बताया कि दक्षिण कोरिया की कंपनी ने 500-600 विशेषज्ञों को बैटरी बनाने और अमेरिकी कर्मचारियों को ट्रेनिंग देने के लिए भेजा था। सितम्बर में इमिग्रेशन छापे में इन्हें अवैध बताकर देश से निकालने की कोशिश हुई। ट्रम्प बोले, श्बैटरी बनाना मुश्किल और खतरनाक काम है। अमेरिका में ऐसी प्रतिभाओं की कमी है, इसलिए एच-1बी जैसी वीजा जरूरी हैं।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के कामकाज में पारदर्शिता हो: भारत

न्यूयॉर्क। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के कामकाज में अधिक पारदर्शिता की जोरदार मांग की है।

न्यूयॉर्क में आयोजित यूएनएससी की खुली बहस में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पार्वथानेनी हरीश ने कहा कि सुरक्षा परिषद अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने की सबसे महत्वपूर्ण संस्था है, इसलिए इसके कामकाज का ईमानदार, स्पष्ट और पारदर्शी होना बेहद जरूरी है। हरीश ने कहा कि यूएनएससी की कई सहायक संस्थाओं का कामकाज अभी भी अस्पष्ट है। खासकर आर्तकियों व प्रतिबंधित

■ सुरक्षा परिषद अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने की सबसे महत्वपूर्ण संस्था:पार्वथानेनी हरीश

संस्थाओं को सूचीबद्ध करने के प्रस्तावों को खारिज किए जाने की प्रक्रिया बहुत 'धुंधली' है। उन्होंने बताया कि जिस तरह डीलिस्टिंग (सूची से हटाने) का निर्णय स्पष्ट रूप से दर्ज होता है, उसी तरह सूचीकरण प्रस्तावों को खारिज किए जाने की जानकारी सार्वजनिक नहीं होती। उन्होंने कहा कि जो देश सुरक्षा परिषद में नहीं हैं, उन्हें तो इस प्रक्रिया की कोई जानकारी ही नहीं मिलती।

यूक्रेन में रूसी हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हुई

कीव। यूक्रेन में राजधानी कीव और अन्य शहरों में शुक्रवार तड़के रूस के हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हो गई है और 35 घायल हुए हैं। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने बताया कि रूस ने रातभर यूक्रेन की राजधानी पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया, जिससे कई महत्वपूर्ण ठिकानों को नुकसान पहुंचा। हमलों में कई शहरों को निशाना बनाया गया, जिसमें लवीव, लुत्स्क और चेर्निहित्स जैसे शहरों को सबसे अधिक नुकसान पहुंचा। उन्होंने बताया कि यूक्रेन पर कुल मिलाकर 430 ड्रोन और 19 मिसाइलों से हमला किया गया।

भारत के पड़ोसी देश चीन से नोट छपवा रहे

नेपाल ने 13 करोड़ नोट प्रिंटिंग का टेंडर दिया, सस्ती छपाई से अमेरिका-ब्रिटेन का बाजार छीन रहा

वाशिंगटन। भारत के अधिकांश पड़ोसी देशों की तरह ही नेपाल भी अब अपनी करेंसी प्रिंटिंग के लिए चीन का रुख कर रहा है। नेपाल राष्ट्रीय बैंक (एनआरबी) ने 7-8 नवम्बर को 1000 रुपये के 43 करोड़ नोटों की प्रिंटिंग के लिए एक टेंडर जारी किया था।

इस टेंडर को चीन की एक कंपनी ने जीत लिया है। इसके बाद नेपाली बैंक ने चाइना सीबीपीएमसी को टेंडर दे दिया। 1945 से 1955 तक नेपाल के सभी नोट भारत की नासिक स्थित सिक्योरिटी प्रेस में छपे और उसके बाद भी भारत ही मुख्य साझेदार बना रहा। हालांकि, 2015 में नेपाल राष्ट्रीय बैंक (एनआरबी) ने वैश्विक टेंडर के जरिए चाइना बैंक नोट प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कार्पोरेशन (सीबीपीएमसी) को कान्ट्रैक्ट दे दिया, जिसके बाद नेपाल के ज्यादातर नोट चीन में

■ नेपाल के अलावा श्रीलंका मलेशिया, बांग्लादेश, थाईलैंड भी अपनी करेंसी चीन में छपवाते हैं

ही छपने लगे। नेपाल के अलावा श्रीलंका, मलेशिया, बांग्लादेश, थाईलैंड भी अपनी करेंसी चीन में छपवाते हैं। पिछले कुछ सालों में चीन एशियाई देशों की करेंसी का बड़ा केंद्र बन चुका है। इससे अमेरिका-ब्रिटेन के मुद्रा छापने वाले बाजार पर नेगेटिव असर पड़ रहा है। भारत में दूसरे देशों को प्रिंटिंग लागत ज्यादा पड़ती है। इसके कारण ये देश सस्ते विकल्पों की तलाश करते हैं। बांग्लादेश की टका मुद्रा 2010 से चीन में छप रही है, जहां कम लागत और उन्नत सुरक्षा फीचर्स ने इसे बढ़ावा दिया है। श्रीलंका की रुपया 2015 के बाद से मुख्य रूप से चीन पर निर्भर है। इससे पहले बांग्लादेश और श्रीलंका की करेंसी ब्रिटेन में छपते थे। अफगानिस्तान ने भी 2000 के दशक से अपनी अफगानी मुद्रा के लिए चीन को चुना। अफगानी मुद्रा 2000 के दशक से पहले रूस और 2002 से जर्मनी में छपते थे। साउथ चाइना मार्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के पड़ोसियों में थाईलैंड और मलेशिया भी चीन में नोट छपवा रहे हैं।

गाजा को दो हिस्सों में बांटेगा अमेरिका

ग्रीन जोन पर इजरायल का कंट्रोल, ग्रीन जोन दोबारा बसाया जाएगा

वाशिंगटन। अमेरिका गाजा पट्टी को दो हिस्सों में बांटने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए एक लान्ग टर्म प्लान बनाया गया है। एक हिस्से पर इंटरनेशनल फोर्स (आईएसएफ) और इजरायली सेना का कंट्रोल रहेगा। इसे ग्रीन जोन कहा जाएगा।

फलस्तीनी आबादी वाले दूसरे हिस्से को फिलहाल खंडहर अवस्था में ही रहने दिया जाएगा। इसे रेड जोन नाम दिया गया है। लगभग सभी फलस्तीनी रेड जोन में विस्थापित हो गए हैं। यह दावा द गार्डियन की एक रिपोर्ट में किया गया है। इस रिपोर्ट को अमे. रिकी सेना के खुफिया दस्तावेजों और अधिकारियों के निजी बयानों के आधार पर तैयार किया गया है।

■ फलस्तीन को खंडहर रेड जोन मिलेगा

रिपोर्ट के मुताबिक इस प्लान को लागू करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। गाजा के पूर्वी हिस्से में ग्रीन जोन बनाया जाएगा। यहां इजरायली सैनिकों के साथ विदेशी सैनिक भी तैनात होंगे।

यहां पर री-डेवलपमेंट का काम होगा। अमेरिका यहां तैनात होने वाले अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा बलों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से औपचारिक मंजूरी दिलाने की को. शिश कर रहा है। प्लान के मुता. बिक यहां शुरुआत में कुछ सौ सैनिक तैनात होंगे। बाद में इनकी संख्या बढ़ाकर 20000 तक की जा सकती है। ग्रीन जोन से बाहर जाने की अनुमति किसी विदेशी सेना को नहीं होगी। इजरायल के नियंत्रण वाली येलो लाइन के पश्चिम का हिस्सा रेड जोन कहलाएगा।

यहां कोई री-डेवलमेंट नहीं किया जाएगा। 2 साल की जंग में सबसे ज्यादा नुकसान इसी इलाके को पहुंचा है। यहां लगभग 20 लाख की आबादी फंसी हुई है। यह पूरा प्लान हाल ही में हुए सीजफायर और डोनाल्ड ट्रम्प के उन्हीं वादों पर सवाल खड़ा करता है। ट्रम्प प्रशासन की तरफ से कहा गया था कि गाजा को एकजुट कर फलस्तीनी शासन को बहाल किया जाएगा। ट्रम्प ने 13 अक्टूबर को मिस्र के शहर शर्म अल शेख में गाजा शांति समझौते पर साइन किए थे। इस दौरान 20 से ज्यादा देशों के नेता वहां मौजूद थे, लेकिन इजरायल और हमास को नहीं बुलाया गया था। शांति प्रस्ताव पर साइन करने के बाद ट्रम्प ने समझौते का आखिरी पेज प्रेस को दिखाया था। इसपर लिखा था कि हर व्यक्ति को सम्मान, शांति और बराबर मौके मिलने चाहिए। हम चाहते हैं कि यह क्षेत्र ऐसा हो जहां हर कोई शांति और सुरक्षा में अपने सपने पूरे कर सके चाहे वह किसी भी धर्म या नस्ल का हो। ट्रम्प ने प्रेस कान्फ्रेंस में बताया था कि इस प्लान में गाजा में युद्ध रोकना, सभी बंधकों को छोड़ना और गाजा में प्रशासन चलाने के लिए एक अस्थाई बोर्ड बनाने का प्रस्ताव है।

रियो डी जेनेरियो में गोलीबारी, छह की मौत, एक घायल

रियो डी जेनेरियो। ब्राजील के रियो डी जेनेरियो स्थिति एक पार्टी हॉल में कथित प्रतिद्वंद्वी आपराधिक गिरोहों के बीच शुक्रवार को हुई गोलीबारी में कम से कम छह लोग मारे गए और एक अन्य घायल हो गया। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी उत्तरी होनोरियो गुरगेल इलाके में हुई, जहां कथित तौर पर आपराधिक गिरोह कोमांडो वर्मेलो के सदस्य एक पार्टी कर रहे थे। शुरुआती जांच के अनुसार, प्रतिद्वंद्वी गिरोह टेरसीरो कोमांडो पुरो ने आयोजन स्थल पर धावा बोला, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच भीषण गोलीबारी हुई।

ट्रम्प प्रशासन को जज ने दिया झटका

वॉशिंगटन। अमेरिकी अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए कहा कि ट्रम्प प्रशासन फिलहाल कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय (यूसी) की संघीय फंडिंग न तो तुरंत रोक सकता है और न ही उस पर जुर्माना लगा सकता है। यह रोक सैन फ्रांसिस्को की संघीय जज रीटा लिन ने लगाई, जिन्होंने कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के शिक्षकों, छात्रों और कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाली यूनियनों की याचिका पर अस्थाई निषेधाज्ञा जारी की। यूनियनों का आरोप है कि ट्रम्प प्रशासन कैलिफोर्निया विश्व. विद्यालय पर फंडिंग कटौती का दबाव डालकर अलग-अलग विचारों, खासकर विरोधी आवाजों, को चुप कराना चाहता है। उनका कहना है कि यह संविधान और संघीय कानूनों का उल्लंघन है।

■ प्रशासन फिलहाल कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय की संघीय फंडिंग न तो तुरंत रोक सकता है और न ही उस पर जुर्माना लगा सकता है

व्हाइट हाउस और न्याय विभाग ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। इस साल गर्मियों में यूसीएलए पर 1.2 बिलियन डॉलर का जुर्माना लगाया गया। इसके साथ ही, उसके अनुसंधान फंड को भी फ्रीज कर दिया गया। प्रशासन का आरोप था कि यूसीएलए ने कैंपस में यहूदी-विरोधी घटनाओं को रोकने में विफलता दिखाई। यूसीएलए पहला सार्वजनिक विश्वविद्यालय था जिस पर इस तरह की कार्रवाई हुई। निजी विश्वविद्यालयों, जैसे कोलंबिया, पर भी प्रशासन ने फंड रोकने जैसी कार्रवाई की है। कैलिफोर्निया विवि के अध्यक्ष जेम्स बी. मिलिकेन ने कहा है कि यूसीएलए पर लगाया गया इतना बड़ा जुर्माना पूरे कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय सिस्टम को आर्थिक रूप से झकझोर देगा। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय प्रशासन फिलहाल ट्रम्प प्रशासन के साथ बातचीत कर रहा है, लेकिन वह वर्तमान मुकदमे में शामिल नहीं है। प्रशासन ने यूसीएलए के सामने कुछ सख्त शर्तें रखी हैं, जिनमें लैंगिक पहचान पर प्रशासन के विचारों के अनुसार नीति बदलना, विदेशी छात्रों को एडमिशन देने से पहले यह सुनिश्चित करना कि वे अमेरिका-विरोधी, पश्चिम-विरो. धी या यहूदी-विरोधी गतिविधियों में शामिल न हों।

फिल्म फौजी दो भागों में बनाई जाएगी

मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के मेगास्टार प्रभास की फिल्म फौजी दो-भागों में बनेगी। फिल्म फौजी प्रभास की सबसे बहुप्रतीक्षित आगामी फिल्मों में से एक है, जिसमें वह 'सीता राममं' के निर्देशक हनु राघवपुडी के साथ काम कर रहे हैं। फिल्म की घोषणा के बाद से ही यह चर्चा में है, क्योंकि इसमें दर्शकों को प्रभास को आज़ाद हिद फोर्स के एक सैनिक के रूप में देखने का अवसर मिलेगा। फिल्म ऐतिहासिक घटनाओं का काल्पनिक पुनर्कथन है। भारत की सबसे बड़ी प्रोडक्शन हाउस में से एक, मैत्री मूवी मेकर्स ने आधिकारिक तौर पर अपनी अगली मैग्नम ओपस फौजी की घोषणा की है। यह बहुप्रतीक्षित फिल्म सुपरस्टार प्रभास और सीता राममं के निर्देशक हनु राघवपुडी को एक साथ लेकर आ रहीं है। हाल ही में मेकर्स ने फिल्म का दमदार टाइटल पोस्टर जारी किया, जिसमें प्रभास को एक उग्र और प्रभावशाली लुक में दिखाया गया है, जो इंटरनेट पर तुरंत वायरल हो गया। दिलचस्प बात यह है कि फौजी की दुनिया बहुत विशाल है, और स्वयं निर्देशक हनु राघवपुडी ने पुष्टि की है कि फिल्म दो भागों में रिलीज़ होगी। निर्देशक हनु राघवपुडी ने कहा, हम इस मूवी में प्रभास की एक दुनिया को दिखा रहे हैं और दूसरा इंस्टॉलमेंट एक अलग आयाम की खोज करेगा। हमारे औपनिवेशिक अतीत में इतना व्यापक कंटेंट है,ऐसी कहानियां जो दुखद रूप से समाप्त हुईं, पर किसी और वास्तविकता में परी-कथा जैसी हो सकती थीं।

पारुल गुलाटी हनी सिंह के साथ फिर से करेंगी काम

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री पारुल गुलाटी ने कपिल शर्मा के साथ अपनी अगली फिल्म किस किसको प्यार करूं 2 के लिए यो यो हनी सिंह के साथ दस साल बाद फिर से काम करने पर बात की है। पारुल गुलाटी और संगीत स्टार यो यो हनी सिंह दस साल बाद एक बार फिर साथ काम करने जा रहे हैं। दोनों ने आखिरी बार 2016 की पंजाबी एक्शन फ़िल्म ज़ोरावर में साथ काम किया था, जो हनी सिंह की पहली फ़िल्म भी थी। इस बार ए जोड़ी किस किस को प्यार करूं 2 के लिए एक जोशीले प्रमोशनल गाने की शूटिंग कर रही है। इस आने वाली कॉमेडी फ़िल्म में कपिल शर्मा और पारुल गुलाटी मुख्य भूमिका में नज़र आएंगे। हनी सिंह के साथ दोबारा काम करने को लेकर पारुल ने अपना उत्साह साझा करते हुए कहा, इतने साल बाद जब मैं हनी से मिली, तो लगा जैसे समय वहीं रुक गया हो। हम दोनों तुरंत ज़ोरावर के दिनों में लौट गए - रिहर्सल, हंसी-मज़ाक, सेट की वो मस्ती। उसके साथ दस साल बाद दोबारा काम करना एक तरफ़ पुरानी यादों जैसा था और दूसरी तरफ़ बहुत नया-नया भी लगा। उनमें आज भी वही ऊर्जा, वही जोश है, और साथ ही एक कलाकार के तौर पर वो और भी निखर गए हैं। इस गाने की शूटिंग ने कई यादें ताज़ा कर दीं, और इससे बेहतर री-यूनियन मैं चाह नहीं सकती थी। सच में ऐसा लगा जैसे एक पूरा चक्र पूरा हो गया। किस किस को प्यार करूं 2 में कपिल शर्मा की पसंदीदा कॉमेडी स्टाइल और पारुल गुलाटी का सहज अंदाज़ देखने को मिलेगा। वहीं पारुल और हनी सिंह की यह जोड़ी फिर से साथ आते ही प्रशंसकों में उत्साह बढ़ गया है। यह सिर्फ़ एक संगीत सहयोग नहीं, बल्कि दोनों कलाकारों की दस साल की यात्रा का जश्न भी है, जो अब एक नई शुरुआत को जन्म दे रहा है।

पहली बार मस्जिद जाने के लिए उत्साहित हुई सोनाक्षी

पति जहीर ने कहा- कोई धर्म परिवर्तन के लिए नहीं जा रहा है

मुंबई। एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा और उनके पति जहीर इकबाल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। दोनों इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर कई रील्स और व्लाग्स शेयर करते रहते हैं। हाल ही में दोनों का अबू धाबी का नया व्लाग सामने आया है। व्लाग की शुरुआत में सोनाक्षी बताती हैं कि वह एक्टिंग और बिजनेस के साथ अपनी डेली लाइफ भी शेयर करती हैं।

उन्होंने कहा, आज हम अबू धाबी में हैं और यह ट्रिप थोड़ी अलग रहने वाली है। अबू धाबी टूरिज्म ने हमें शहर घूमने के लिए इनवाइट किया है और उन्होंने हमारे लिए सब तैयार किया है। वीडियो में आगे सोनाक्षी बताती हैं कि वे अबू धाबी की मशहूर शेख जायद ग्रैंड मस्जिद देखने जा रहे हैं। यह पहली बार है जब मैं किसी मस्जिद के अंदर जा रही हूं। मैं इससे पहले कभी नहीं गई। मैं चर्च गई हूं, मंदिर गई हूं, लेकिन मैं कभी मस्जिद नहीं गई, इसलिए मैं इसे देखने के लिए बहुत एक्साइटेड हूं। शेख जायद ग्रैंड मस्जिद अरब अमीरात की सबसे बड़ी और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी मस्जिद है।

इस पर जहीर कहते हैं, क्लेरीफाई कर दूं, कोई सोनाक्षी कंवर्ट होने नहीं जा रहा है। हम सिर्फ मस्जिद देखने जा रहे हैं। वह बहुत खूबसूरत है और जैसे हम चर्च और मंदिर देखने जाते हैं, वैसे ही हम मस्जिद देखने जा रहे हैं। इसके बाद सोनाक्षी कहती हैं, स्पेशल मैरिज एक्ट, जिंदाबाद। बता दें कि सोनाक्षी और जहीर की शादी 23 जून 2024 को मुंबई में हुई थी। दोनों की पहली मुलाकात 2017 में सलमान खान के घर पर हुई थी। दोस्ती के बाद दोनों करीब आए। अलग धर्म से होने की वजह से उन्होंने शादी का रजिस्ट्रेशन स्पेशल मैरिज एक्ट 1954 के तहत कराया था। शादी सोनाक्षी के बांद्रा स्थित घर में परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में हुई थी।

सलमान ने धर्मेंद्र की सेहत की दुआ मांगी

मुंबई। दो दिनों तक हॉस्पिटल में रहने के बाद धर्मेंद्र को ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया गया था। अब उनका घर में ही इलाज जारी है। उन्हें डाक्टरों की निगरानी में रखा गया है। फैंस के साथ-साथ बॉलीवुड इंडस्ट्री के लोग धर्मेंद्र के जल्दी पूरी तरह स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। एक्टर सलमान खान ने भी धर्मेंद्र के जल्दी ठीक होने की दुआ की। दबंग टूर के दौरान कतर में जब सलमान से पूछा गया कि उनकी फिटनेस इंस्पिरेशन कौन हैं, इस पर सलमान ने कहा कि मेरे आने से पहले सिर्फ एक ही आदमी थे, वो हैं धरम जी। उन्होंने आगे यह भी कहा कि वो मेरे लिए पिता जैसे हैं, बस बात खत्म। मैं उन्हें बहुत प्यार करता हूं और बस यही चाहता हूं कि वो जल्दी ठीक होकर वापस आ जाएं। सलमान के दबंग टूर में एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस और तमन्ना भाटिया भी शामिल हैं। इसी बीच मुंबई पुलिस ने ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल के एक स्टाफ को गिरफ्तार किया है। उस पर आरोप लगा कि उसने धर्मेंद्र के साथ मौजूद देओल परिवार का एक प्राइवेट वीडियो रिकॉर्ड कर लीक किया। परिवार उस समय भावुक था। यह वीडियो सोशल मीडिया पर भी सामने आया।

कामिनी कौशल का हुआ अंतिम संस्कार

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस कामिनी कौशल का 98 वर्ष की उम्र में शुक्रवार को निधन हो गया। शनिवार को परिवार की मौजूदगी में उनके अंतिम संस्कार की रस्में शुरू हुईं। फिर उनका अंतिम संस्कार हुआ। बता दें कि कामिनी कौशल हिंदी सिनेमा की सबसे उम्रदराज एक्ट्रेस थीं। आखिरी बार वो आमिर खान और करीना कपूर स्टारर फिल्म लाल सिंह ब्ला में नजर आई थीं। इसके अलावा वो साल 2023 में शाहिद कपूर और कियारा आडवाणी स्टारर फिल्म कबीर सिंह में शाहिद की दादी का किरदार निभा चुकी हैं। कामिनी कौशल 40 के दशक की सबसे कामयाब एक्ट्रेसेस में शामिल थीं। बाक्स आफिस इंडिया की टाप एक्ट्रेस लिस्ट में 1947 और 1948 में वो टाप एक्ट्रेस रही हैं। उन्हें साल 2022 में आउटलुक इंडिया की 75 बेस्ट बॉलीवुड एक्ट्रेसेस में शामिल किया गया था। 16 जनवरी1927 को कामिनी कौशल का जन्म लाहौर में हुआ था। उनके पिता प्रो। शिव राम कश्यप पंजाब विश्वविद्यालय, लाहौर में प्रोफेसर थे। उन्हें भारत में काई विज्ञान द्धब्रायोलाजीऋ का जनक भी कहा जाता है। उन्होंने पौधों की छह नई प्रजातियों की खोज की थी। कामिनी दो भाइयों और तीन बहनों में सबसे छोटी थीं। सात साल की उम्र में कामिनी के पिता का निधन हो गया था। कम उम्र में ही कामिनी कौशल ने आकाशवाणी के लिए प्रोग्राम करना शुरू कर दिया था, जिसके लिए उन्हें हर महीने 10 रूपए तनख्वाह मिलती थी। इसी के साथ कामिनी ने लाहौर के गवर्नमेंट कॉलेज से अंग्रेजी साहित्य में बी।ए। द्धआनर्सऋ किया। इसी दौरान 1946 में चेतन आनंद ने उन्हें अपनी फिल्म नीचा नगर में काम करने का आफर दिया।

शाहरुख खान के नाम पर दुबई में बनेगी बिल्डिंग

बॉलीवुड एक्टर इवेंट में मां को याद कर हुए इमोशनल, कहा- मां जिंदा होती, तो बहुत खुश होती

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान की लोकप्रियता दुनिया भर में है। अब दुबई में उनके नाम पर एक बिल्डिंग बनाई जा रही है। मुंबई में एक इवेंट में शाहरुख के नाम पर बन रही बिल्डिंग की घोषणा हुई है। यह 56 मंजिला बिल्डिंग करीब 4।5 लाख वर्ग फीट में बनने वाली प्रीमियम आफिस स्पेस प्रापर्टी होगी। वहीं, इवेंट के दौरान मां को याद कर शाहरुख इमोशनल हो गए।

एक्टर ने कहा, मेरी मां आज जिंदा होती तो बहुत खुश होती। यह मेरे लिए बड़ा सम्मान है। जब मेरे बच्चे आएंगे, तो मैं उन्हें बताऊंगा कि पापा का नाम लिखा है, यह पापा की बिल्डिंग है।ि इवेंट में एंटरटेनमेंट की भी कमी नहीं रही। शाहरुख ने अपने अंदाज में मेहमानों को एंटरटेन किया। उन्होंने अपनी फिल्म ओम शांति ओम और डान के आइकोनिक मोमेंट्स भी किए।

इवेंट में फराह खान भी मौजूद थीं। शाहरुख ने इवेंट में मजाक करते हुए कहा कि वह अब ईद का चांद बन गए हैं। कम दिखता हूं, लेकिन जब दिखता हूं तो अच्छा लगता है। उन्होंने आगे कहा कि मैं खुद को इतना जरूरी नहीं मानता कि फिल्मों के अलावा मेरे नाम पर कुछ हो। फिल्में मेरे प्रोफेशन और पूजा का हिस्सा हैं। बता दें कि शाहरुख के नाम पर बन रही बिल्डिंग में हेलीपैड और स्विमिंग पूल जैसी सुविधाएं होंगी।

इस प्रोजेक्ट के तीन से चार साल में तैयार होने की उम्मीद है। इसके एंट्रेंस पर शाहरुख का एक स्टैच्यू भी लगाया जाएगा, जहां लोग फोटो ले सकेंगे। बता दें कि शाहरुख जल्द सिद्धार्थ आनंद की फिल्म किंग में नजर आएंगे। इसमें दीपिका पादुकोण, सुहाना खान, रानी मुखर्जी, अभय वर्मा और अभिषेक बच्चन भी अहम भूमिकाओं में हैं।